# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार 27 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 307 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित





## संक्षिप्त समाचार

### निजी आवासीय स्कूल से फरार सभी छात्र बरामद

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र में मौजूद एक निजी आवासीय स्कूल से चार नाबालिग छात्र फरार हो गए थे। जिन्हें बाद में पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस पूरे मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। दरअसल, तरहसी थाना क्षेत्र के ज्ञान गंगा आवासीय स्कूल में पढ़ने वाले दो लड़के और दो लड़की बुधवार देर रात स्कूल से बाहर निकल गए थे। स्कूल से बाहर निकलने के बाद चारों पैदल जा रहे थे तभी कुछ ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। इसके बाद तरहसी थाना प्रभारी आनंद राम के नेतृत्व में चारों बच्चों को बरामद कर लिया।

### दो गुटों के बीच हिंसक झड़प और फायरिंग

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के पंडरा ओपी इलाके में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट के बाद एक गुट के लोगों ने फायरिंग भी की। घटना की जानकारी मिलने पर रांची के ग्रामीण एसपी, सिटी एसपी और एक दर्जन पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में करने की कोशिश कर रहे हैं। रांची के पंडरा ओपी इलाके में स्थित बैंक कॉलोनी में क्रिकेट खेलने को लेकर हुआ विवाद गुरुवार को हिंसक झड़प में बदल गया। छात्रों के दो गुटों के बीच हुए विवाद के बाद दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों तरफ से पत्थरबाजी भी हुई। हैरानी की बात यह है कि इस झगड़े के दौरान छह राउंड गोलियां चलीं।

### ट्रक की ठोकर से महिला की मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिमरिया स्थित बगरा चौक के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृत महिला की पहचान कांसीमहुआ निवासी शांति देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बीएड-एमएड और बीपीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 7 अप्रैल तक

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** बीएड-एमएड और बीपीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख को बढ़ा दिया गया है। ऐसे में जो अभ्यर्थी किसी कारण से अब तक आवेदन नहीं कर पाए थे, उन्हें एक और मौका मिल गया है। बीएड, एमएड और बीपीएड कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए इच्छुक उम्मीदवार अब 7 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म जमा करने के बाद अगर किसी अभ्यर्थी से फॉर्म भरते समय कोई गलती हो गई है तो उसे सुधारने का भी मौका दिया जाएगा। आवेदन में सुधार के लिए 8 और 9 अप्रैल की तारीख निर्धारित की गई है।

# झारखंड के सभी 24 जिलों में प्लानिंग फेलो की तैनाती करेगी हेमंत सरकार

## संविदा पर शुरू होगी नियुक्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सभी 24 जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन, अनुश्रवण और मूल्यांकन को लेकर राज्य सरकार संविदा के आधार पर प्लानिंग फ़ेलो तैनात करने जा रही है। इनका मुख्य दायित्व होगा जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग करना। आंकड़ों के आधार पर योजनाओं को मूर्त रूप देने में ये अधिकारी जिलों के प्रशासनिक अफसरों को सहयोग प्रदान करेंगे। राज्य में सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सभी विभागों में पीएमयू बनाने के प्रस्ताव पर भी सहमति प्रदान कर दी गई है। इसके पूर्व सभी जिला योजना कार्यालयों में एक-एक प्लानिंग फ़ेलो की नियुक्ति होगी। इसके माध्यम से जिलास्तर पर योजनाओं के सतत अनुश्रवण और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप परिणाम के लिए कार्यालयों में एक-एक फ़ेलो की सेवा संविदा के



आधार पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। विभागीय तैयारियों के अनुसार ये पदाधिकारी जिला योजना कायालयों में योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों को दूर करने में सहायक होंगे। इनके द्वारा जिला स्तर पर अधिकृत डाटा बैंक तैयार होगा जिसके आधार पर जिलों में अंतर विभागीय समन्वय कर जिलों का डिस्ट्रिक्ट प्रोफाइल तैयार करेंगे। इन कर्मियों की सेवा शर्त आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के आधार पर तैयार की जाएगी। सरकार ने यह भी तय किया है कि इन कर्मियों की की सेवा बाह्य स्रोत (आउट सोर्सिंग) से ली जाएगी। शीघ्र ही इनकी नियुक्ति को लेकर विभाग के स्तर से दिशानिर्देश तय करते हुए पूरी प्रक्रिया परिभाषित की जाएगी। राज्य सरकार ने इनकी नियुक्ति के लिए 50 लाख रुपये का अनुमानित बजट तैयार किया है, जो योजना विभाग को दिया जा चुका है।

# उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर 22 पुलिस अफसरों की तैनाती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के झारखंड दौरे को देखते हुए रांची और खूंटी में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं। सुरक्षा के इंतजामों को पुख्ता करने के लिए कई जिलों से वरीय डीएसपी और डीएसपी स्तर के 22 पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति खूंटी और रांची जिले में की गई है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। एएसपी स्पेशल ब्रांच अभिषेक कुमार, एएसपी मुख्यालय लोहरदगा समीर कुमार तिर्की, डीएसपी जैप नूर मुस्तफा अंसारी, डीएसपी स्पेशल ब्रांच संतोष कुमार मिश्रा, डीएसपी एसआईआर बोकारो साजिद जफर, डीएसपी सीटीसी मुसाबनी सुजीत राय, डीएसपी सरायकेला खरसावां प्रदीम उरांव, डीएसपी लातेहार संजीव कुमार मिश्रा, डीएसपी रामगढ़ फौजान अहमद, ट्रेनी डीएसपी धनबाद सुनील कुमार सिंह को उनकी सुरक्षा में लगाया गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी किए गए आदेश में यह भी बताया गया है कि ये सभी पुलिस अधिकारी 26 मार्च से लेकर उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम की समाप्ति तक राजधानी रांची में तैनात रहेंगे। खूंटी में सीनियर डीएसपी सिमडेगा रणवीर सिंह, सीनियर डीएसपी रामगढ़ चंदन कुमार वत्स, डीएसपी चाईबासा शिवेंद्र, डीएसपी स्पेशल ब्रांच रामजी महतो, डीएसपी, स्पेशल ब्रांच हिमांशु चंद्र मांझी, डीएसपी जैप आठ जेविड ए। डोहराय, डीएसपी एटीएस राजेश कुमार, डीएसपी गुमला विरेंद्र टोप्पो, डीएसपी धनबाद शंकर कामती, डीएसपी दुमका इकुड डुंगडुंग, डीएसपी देवघर वेंकटेश कुमार, ट्रेनी डीएसपी चाईबासा कुमार विनोद को तैनात किया गया है। पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी आदेश में यह बताया गया है कि संबंधित जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक को प्रतिवेदित करना प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों में से किन्ही के अवकाश, अन्य कार्यों में व्यस्त पदाधिकारी उनके स्थान पर प्रतिस्थानी पदाधिकारी भेजना सुनिश्चित करेंगे।

# जंगली हाथियों ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोडरमा।** जिले में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ने लगा है। बुधवार रात हाथी ने एक महिला और एक पुरुष को कुचल कर मार डाला है। जानकारी के मुताबिक रात 8:00 बजे हाथी मरियमपुर के पास देखा गया था। जहां पहले उसने एक महिला को कुचल दिया। इसके बाद लोगों द्वारा वहां से भगाने के क्रम में बोनाकाली महिला कॉलेज के पास हाथी ने 40 वर्षीय बालेश्वर सोरेन, पिता छोटका सोरेन को भी कुचलकर जान ले ली। कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र के बोनाकाली और मरियमपुर में हाथी के दस्तक देने से लोग दहशत में है। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन हाथियों को ज्यादा दूर खदेड़ने में नाकाम रही। स्थानीय लोगों के मुताबिक अभी भी एक हाथी मरियमपुर से सटे जंगलों में छिपा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ हाथियों का एक झुंड भी बागीटांड से सटे कोडरमा घाटी के जंगलों में देखे जाने की सूचना है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि वन विभाग की टीम के पास हाथियों को खदेड़ने के लिए कोई पर्याप्त इंतजाम भी नहीं है। सूचना मिलने के बाद टीम जरूर पहुंची, लेकिन एक टॉर्च के सहारे हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया जाता रहा जो नाकाम साबित हुआ। हाथी अभी भी पास के जंगल मे छिपा है और कभी भी आतंक मचा सकता है। वन विभाग के रेंजर राम बाबू ने बताया कि जंगली हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया जा रहा हैं। टीम हाथियों को लॉकेट करने में लगी हैं। उन्होंने कहा कि मृतक को 4 लाख मुआवजा देने का प्रावधान हैं। फिलहाल मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपये का मुआवजा दिया गया है।

## साहिबगंज कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के रांची में ई-मेल के जरिए जरिए सरकारी संस्थानों को धमकी देने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को साहिबगंज जिले के राजमहल स्थित अनुमंडलीय न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही प्रशासन ने पूरे इलाके में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस के जवान बिना देर किए न्यायालय परिसर को चारों ओर से घेर लिया।

# रामनवमी जुलूस के दौरान रांची में नहीं कटेगी बिजली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रामनवमी के अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची में निकलने वाली शोभायात्रा के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने सभी डिविजनों में विशेष तैयारी की है। विभाग का उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। रामनवमी के आयोजन को लेकर महावीर मंडल रांची और विभिन्न अखाड़ों को पहले ही एसओपी जारी किया गया है। सभी नागरिकों, संस्थाओं और संगठनों से झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई है। इससे सुरक्षा और व्यवस्था दोनों बनाए रखने में मदद मिलेगी। शोभायात्रा के दौरान अलग-अलग इलाकों में बिजली बहाल करने से जुड़ा निर्णय कनीय विद्युत अभियंता की ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा। इससे मौके की स्थिति को देखते हुए तुरंत और सटीक निर्णय लिया जा सकेगा। बिजली से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक टोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं। आम उपभोक्ता शोभायात्रा के दौरान बिजली से संबंधित शिकायत इन नंबरों पर दर्ज करा सकते हैं, ताकि त्वरित समाधान मिल सके। शोभायात्रा मार्ग में आने वाले ट्रांसफॉर्मर और अन्य बिजली उपकरणों के पास टेंपरेरी बैरिकेड्स, वार्निंग साइन और डेंजर बोर्ड लगाए गए हैं। इसका उद्देश्य किसी भी दुर्घटना को रोकना और लोगों को सतर्क करना है। निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पहले की तरह कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। यहां पर्याप्त संख्या में विद्युत पदाधिकारियों और कर्मियों की तैनाती की गई है। शोभायात्रा के दौरान एलटी केबल को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए आवश्यकतानुसार कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इससे न केवल जुलूस मार्ग बल्कि आसपास के इलाकों में भी बिजली आपूर्ति सुचारु बनी रहेगी।

# आरक्षण उन्हीं को मिले जिनके लिए बना : मरांडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने धर्मांतरण के बाद आरक्षण और एससी/एसटी एक्ट के लाभ को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बड़ी प्रतिक्रिया दी है। मरांडी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अगर कोई व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी दूसरे धर्म को अपनाता है तो उसे अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि धर्म बदलने के बाद ऐसा व्यक्ति आरक्षण या अन्य संवैधानिक लाभों का दावा नहीं कर सकता। मरांडी ने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी इच्छा से हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़ देता है तो वह उस सामाजिक व्यवस्था से बाहर हो जाता है, जिसके आधार पर उसे आरक्षण का अधिकार मिला था। ऐसे में उस व्यक्ति का आरक्षित वर्ग के लाभ लेने का दावा करना संविधान की भावना के खिलाफ माना गया है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में यह भी देखा गया है कि कुछ संगठित समूह लोगों को धर्म बदलने के लिए प्रेरित करते हैं। इसके पीछे कई बार सामाजिक या आर्थिक लाभ की सोच भी जुड़ी रहती है। मरांडी के अनुसार इस तरह के प्रयास समाज में भ्रम पैदा करते हैं और आरक्षण जैसी संवेदनशील व्यवस्था का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर रोक लगाना जरूरी था ताकि आरक्षण का लाभ केवल असली हकदारों तक ही पहुंचे। मरांडी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला संविधान की गरिमा, सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना को और मजबूत करता है।

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर रांची पुलिस अलर्ट, डीजीपी ने की हाई लेवल समीक्षा

# संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से करें निगरानी : डीजीपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। सभी अखाड़ों ने भव्य शोभायात्रा निकालने की रणनीति तैयार कर ली है। वहीं जिला प्रशासन और पुलिस भी इस आयोजन को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में डीजीपी तदाशा मिश्रा ने रांची एसएसपी कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में एसएसपी राकेश रंजन समेत सभी वरीय पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। डीजीपी ने शोभायात्रा से जुड़ी हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। डीजीपी ने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी करने का निर्देश दिया। साथ ही शोभायात्रा के निर्धारित मार्गों का पहले से भौतिक सत्यापन करने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने पर जोर दिया। इसके अलावा



सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया है। डीजीपी ने सभी अधिकारियों को हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार रहने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीजीपी ने रामनवमी शोभायात्रा समिति के सदस्यों से भी बातचीत की। बैठक में सीआईडी आईजी मनोज कौशिक, सभी थाना प्रभारी, डीएसपी, यातायात पुलिस अधिकारी समेत कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।




# रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क, फ्लैग मार्च

## सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, अफवाहों से बचने व गाइडलाइन पालन की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरही ।** रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। इसी क्रम में बरही के चारों प्रमुख मार्गों सहित रसोइया धमना, करियातपुर, बरसोत आदि जगहों पर फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का सख्त संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च में एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, चौपारण सर्कल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुणाल, बीसीओ संजय यादव आदि सहित बरही थाना के सशस्त्र बल एवं अर्धसैनिक बल के जवान शामिल रहे।

इस दौरान पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर आमजन को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। एसडीओ टुडू ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि रामनवमी शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। सभी अखाड़ा समितियों एवं नागरिकों से अपील है कि वे निर्धारित गाइडलाइन का पालन करें और आपसी भाईचारे को बनाए रखें। एसडीपीओ श्री बिमल ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ गतिविधि या नियम उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी लोगों से मिल-जुलकर, शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की है।

## रामनवमी पर हजारीबाग में सुरक्षा के कड़े इंतजाम संवेदनशील स्थलों पर अग्निशामक वाहनों की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** रामनवमी पर्व के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था एवं अग्नि सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। इसी कड़ी में हजारीबाग के विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर अग्निशामक वाहनों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। प्रशासन द्वारा मुख्यालय से 03 बड़े एवं 02 छोटे अग्निशामक वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त हजारीबाग अग्निशामालय से एक वाहन सीसीआर कंट्रोल रूम तथा एक वाहन पूर्व से अग्निशमन केन्द्र में तैनात है। बाहरी स्रोत से उपलब्ध कराए गए वाहनों को भी गत वर्ष की भांति चिन्हित स्थानों पर तैनात किया गया है, जिन्हें आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर भी भेजा जा सकेगा। प्रशासन के निदेर्शानुसार 26 मार्च की पूर्वाह्न से ड्यूटी समाप्ति तक शहर के प्रमुख स्थानों—सीसीआर कंट्रोल रूम, मालवीय मार्ग (कॉलटेक्स चौक के समीप), छठ तालाब इन्द्रपुरी चौक, खिरगांव पेट्रोल पम्प, जाकिर हुसैन रोड एवं ठाकुरबाड़ी रोड—पर अग्निशामक वाहनों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही आम जनता की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। हजारीबाग अग्निशमन केन्द्र (9304953423), बरही अग्निशमन केन्द्र (9304953426) तथा आपातकालीन सेवा 112 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि रामनवमी पर्व को शांति, सौहार्द और सतर्कता के साथ मनाएं तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संबंधित नंबरों पर सूचना देकर प्रशासन को सहयोग करें।

## पूनम बरनवाल के नेतृत्व में रामनवमी की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** रामनवमी की पावन पूर्व संध्या के अवसर पर आज, 26 मार्च 2026 को एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 301 बालिकाओं द्वारा एक आकर्षक सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली गई, जो विवाह भवन से प्रारंभ होकर टावर चौक तक पहुँची। तत्पश्चात टावर चौक पर बालिकाओं द्वारा मनमोहक प्रदर्शन एवं सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस गरिमामय आयोजन का नेतृत्व समाजसेवी एवं कुटुम्ब प्रबोधन की प्रांत टोली सदस्य श्रीमती पूनम बरनवाल द्वारा किया गया। उनके कुशल मार्गदर्शन में बालिकाओं ने अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अपनी गहरी निष्ठा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



अपने विस्तृत संबोधन में पूनम बरनवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं होते, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता और संस्कारों के प्रसार का सशक्त माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी, विशेषकर बालिकाएं, जब इस प्रकार के आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेती हैं, तो यह न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है, बल्कि उन्हें अपनी समृद्ध सनातन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि नारी शक्ति सदैव समाज के निर्माण और संरक्षण की आधारशिला रही है, और इस प्रकार के प्रयास महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और सहभागिता से ही इस प्रकार के भव्य आयोजन सफल हो पाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए इस आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की। यह आयोजन नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक जागरूकता एवं सामाजिक एकता का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना एवं सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें आयोजन पूर्णतः सफल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग का ऐतिहासिक रामनवमी आयोजन बना आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक वैभव का महाकुंभ

**नवीन सिन्हा (नबिटाब)।** झारखंड का हजारीबाग जिला एक बार फिर अपनी ऐतिहासिक रामनवमी के भव्य आयोजन को लेकर देश-दुनिया में चर्चा





का केंद्र बना हुआ है। वर्ष 2026 की रामनवमी विशेष मायने रखती है, क्योंकि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के बाद यह पहला प्रमुख पर्व है, जो श्रद्धा, आस्था और उत्साह के अद्भुत संगम के रूप में मनाया जा रहा है। दुर्लभ ज्योतिषीय संयोगों के साथ यह पर्व सुख-समृद्धि का संदेश लेकर आया है। हजारीबाग की रामनवमी की पहचान इसकी अनूठी झांकियों, पारंपरिक कला-कौशल और अखाड़ों की जीवंत प्रस्तुतियों से होती है। यहाँ रामेश्वरम, रामसेतु और अयोध्या धाम जैसे पौराणिक स्थलों की झलक एक साथ देखने को मिलती है। खास बात यह है कि जब देश के अन्य हिस्सों में रामनवमी का समापन हो जाता है, तब हजारीबाग में ह्यइंटरनेशनल रामनवमीह्ण का उत्साह अपने चरम पर पहुंचता है। करीब 107 वर्ष पूर्व 1918 में गुरु सहाय ठाकुर, हीरालाल महाजन और टीभर गोप जैसे समाजसेवियों ने महावीरी पताका के साथ इस परंपरा की शुरूआत की थी, जो आज विशाल स्वरूप धारण कर चुकी है। दशमी की शाम से शुरू होने वाली यह शोभायात्रा एकादशी की रात तक निरंतर चलती है, जिसमें सैकड़ों अखाड़ों के सदस्य केसरिया ध्वज के साथ पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेते हैं। तासों की गूंज, लाठियों की तड़तड़ाहट और पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन से पूरा शहर भक्तिमय और उत्साहपूर्ण वातावरण में डूब जाता है। इतिहास में कई बार विषम परिस्थितियों के बावजूद हजारीबाग ने सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश की है। वर्ष 1973, 1989 और 2016 जैसी चुनौतियों के समय भी यहां के नागरिकों ने एकजुटता का परिचय देते हुए शांति बनाए रखी। यह पर्व केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी अहम आधार है। मूर्तिकारों, कारीगरों और छोटे व्यापारियों को इससे व्यापक रोजगार मिलता है। साथ ही प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर इस आयोजन को विशेष सम्मान भी दिया जाता रहा है। अब मांग उठ रही है कि हजारीबाग की इस ऐतिहासिक रामनवमी को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कर अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई जाए। नागरिकों से अपील की गई है कि वे भगवान श्रीराम के आदर्शों का पालन करते हुए शांति, सौहार्द और अनुशासन के साथ इस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनें।

### हजारीबाग में व्यापक चिकित्सा व्यवस्था, जुलूस मार्गों पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस तैनात

**हजारीबाग (नबिटाब)।** रामनवमी पर्व 2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न जुलूस मार्गों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर व्यापक चिकित्सा व्यवस्था की गई है। सरकारी मेडिकल टीमों के साथ-साथ निजी अस्पतालों की सक्रिय भागीदारी से पूरे क्षेत्र में त्वरित एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को तुरंत उपचार मिल सके। प्रशासन द्वारा सरकारी बस स्टैंड, बिरसा चौक से लेकर डिस्ट्रिक्ट मोड़ तक, तथा डिस्ट्रिक्ट मोड़ से इंद्रपुरी चौक तक अलग-अलग स्थानों पर मेडिकल टीमों की तैनाती की गई है। साथ ही आरोग्यम अस्पताल, आयुष्मान अस्पताल, बीडीएम अस्पताल, गोदावरी अस्पताल, लाइफ हेल्थ नर्सिंग होम एवं नैना सेवा सदन जैसे निजी स्वास्थ्य संस्थान भी सक्रिय रूप से सेवा प्रदान कर रहे हैं। पेलावल कटकमसांडी रोड से कल्लू चौक, इंद्रपुरी से झंडा चौक, तथा बड़ा अखाड़ा क्षेत्र तक विशेष चिकित्सा इंतजाम किए गए हैं। इन क्षेत्रों में कई निजी अस्पतालों के साथ 108 एम्बुलेंस एवं मोबाइल बाइक एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई है। बंशीलाल चौक, सरदार चौक, बड़ी बाजार, ग्वाल टोली, पंच मंदिर चौक, जामा मस्जिद रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर भी मेडिकल टीमों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। इन क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार एम्बुलेंस और मोबाइल बाइक एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा लोहसिंघना रोड, जादो बाबू चौक, महेश सोनी चौक, गिलान चौक, खिरगांव एवं कोर्रा चौक जैसे क्षेत्रों में भी विशेष चिकित्सा व्यवस्था की गई है। कुल मिलाकर पूरे शहर में दर्जनों मेडिकल टीमों, कई 108 एम्बुलेंस एवं बड़ी संख्या में मोबाइल बाइक एम्बुलेंस को तैनात किया गया है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पर्व के दौरान शांति एवं अनुशासन बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी मेडिकल टीम या एम्बुलेंस सेवा का उपयोग करें।

### हजारीबाग का महावीरी झंडा विदेशों में लहराएगा, वीर वस्त्रालय की बढ़ी पहचान

**नवीन सिन्हा (नबिटाब)।** जिले की रामनवमी अपनी ऐतिहासिक परंपरा और भव्यता के लिए पूरे देश में जानी जाती है। इस पर्व का सबसे खास आकर्षण यहां का प्रसिद्ध महावीरी झंडा है, जिसकी मांग अब देश की सीमाओं को पार कर विदेशों तक पहुंच चुकी है। बड़ा बाजार स्थित वीर वस्त्रालय द्वारा तैयार किए गए झंडे इस वर्ष लंदन, अमेरिका समेत कई देशों में लहराएंगे। हजारीबाग के कई ऐसे परिवार हैं, जिनके परिजन विदेशों में रहते हैं। वे यहां से झंडा खरीदकर कोरियर के माध्यम से भेजते हैं। वहीं, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी बड़ी संख्या में विदेश में रहने वाले सनातनी वीर वस्त्रालय से झंडे का ऑर्डर दे रहे हैं। कोरोना काल के दौरान इस प्रतिष्ठान ने ऑनलाइन व्यवसाय शुरू किया था, जिसका अब व्यापक लाभ मिल रहा है। दुकान संचालक देवेंद्र जैन ने बताया कि हजारीबाग की रामनवमी की अलग पहचान है और पूरा परिवार सालों भर राम भक्तों की सेवा में जुटा रहता है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उनके द्वारा तैयार किए गए झंडे विदेशों में भी लहराएंगे और हजारीबाग को एक नई पहचान देंगे। वीर वस्त्रालय के झंडों की विशेषता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अयोध्या में राम जन्मभूमि उद्घाटन के दौरान भी यहां बना महावीरी झंडा स्थापित किया गया था। कारसेवक यहां से झंडा लेकर अयोध्या पहुंचे थे। इस प्रतिष्ठान की एक और खास बात यह है कि यहां पिछले तीन पीढ़ियों से एक मुस्लिम परिवार झंडा तैयार कर रहा है। साथ ही, हजारीबाग के कई मंदिरों में भगवान के वस्त्र भी यहीं से बनाए जाते हैं। यह परंपरा आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करती है।

## चैती दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर 551 महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**देवरी (गिरिडीह)।** सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा समिति थाना मोड़ देवरी के सौजन्य से नवरात्र पूजा महोत्सव के पावन अवसर पर चैती दुर्गा मंदिर परिसर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया कलश यात्रा में 551 महिलाओं ने भाग लेकर अपनी आस्था, समर्पण और सनातनी परंपरा का अद्भुत परिचय दिया।

सिर पर कलश धारण कर महिलाओं ने आदि शक्ति मां जगत जननी की भक्ति में लीन होकर पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। यात्रा के दौरान जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गूंजता रहा इस अवसर पर आचार्य कृष्णबल्लभ उपाध्याय, गणेश तिवारी, गंगा पाण्डेय सहित पूजा समिति के अध्यक्ष फुलचंद हाजरा, सचिव सुखदेव हाजरा, कोषाध्यक्ष बैकुंठ चौधरी, पुजारी मुकेश चौधरी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया पूजा समिति के सचिव सुखदेव हाजरा ने बताया कि नवरात्र के इस पावन अवसर पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, श्रद्धा और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार होता है।

## जैप 07 पद्मा में आयोजित रक्तदान शिविर में पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पदमा (हजारीबाग)।** भा०पु०से० समादेष्टा अविनाश कुमार झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-07 पदमा हजारीबाग के नेतृत्व में रामनवमी महाँपर्व 2026 एवं थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के इलाज को ध्यान में रखते हुए झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-7 पदमा, (हजारीबाग) वाहिनी परिसर में गुरुवार को स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में जैप-07 के पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं स्वेच्छा से रक्तदान किया। अविनाश कुमार, भा०पु०से० समादेष्टा, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-07, हजारीबाग के द्वारा वाहिनी के पुलिसकर्मियों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया तथा बताया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम तीन महीने के अंतराल में रक्तदान करना चाहिए जिससे किसी व्यक्ति का जान बच सके। थैलेसीमिया के बढ़ते प्रकोप जिसमें मरीजों-विशेषकर बच्चों को जीवित रहने के लिए नियमित रूप से रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। ऐसे में सुरक्षित रक्त की उपलब्धता उनके जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैप-07 के कर्मियों द्वारा रक्तदान शिविर में 11 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। समादेष्टा महोदय द्वारा उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों से अपील की गई कि वे केवल विशेष अवसरों पर ही नहीं, बल्कि नियमित रूप से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## केन्द्र सरकार पेंशनरों की चिंताओं को दूर करे : पेंशनर्स महासंघ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दिल्ली के आह्वान पर 25 मार्च 2025 को ह्लप्रतिवाद दिवसह्व मनाते हुए पेंशनरों ने केन्द्र सरकार से अपनी लंबित मांगों पर ध्यान देने की अपील की। इस दौरान 8वें वेतन आयोग के संदर्भ शर्तों टीओआर में पेंशनरों के पेंशन भत्तों के पुनरीक्षण को शामिल करने समेत 8 सूत्री मांगों को प्रमुखता से उठाया गया महासंघ के प्रतिनिधि बी. अगस्त क्रांति कुमार शर्मा एवं शंकर कुमार पाण्डेय ने बताया कि संगठन के निदेर्शानुसार गिरिडीह जिले में सप्ताहांत हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एक ज्ञापन तैयार कर उपायुक्त, गिरिडीह के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा जाएगा इसी क्रम में अलकापुरी चौक स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई।

नेताओं ने कहा कि अब तक हर वेतन आयोग में वेतन व भत्तों का पुनरीक्षण होता रहा है, लेकिन 8वें वेतन आयोग में पेंशनरों के हितों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने आशंका जताई कि मार्च 2025 के वेलिडेशन एक्ट में पेंशन वर्गीकरण को लेकर अस्पष्टता के कारण 1 जनवरी 2026 से पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों के हित प्रभावित हो सकते हैं महासंघ द्वारा जारी श्वेत पत्र का हवाला देते हुए बताया गया कि पेंशन को अधिकारह्व के बजाय ह्लकृपाह्व के रूप में दर्शाए जाने से पेंशनरों के अधिकार कमजोर पड़ सकते हैं। ऐसे में मांग की गई कि 8वें वेतन आयोग के तौर में पेंशन पुनरीक्षण को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए मुख्य मांगें इस प्रकार हैं 8वें वेतन आयोग में पेंशन भत्तों के पुनरीक्षण को शामिल किया जाए कोरोना काल के 18 माह के लंबित महंगाई भत्ते का भुगतान 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर अतिरिक्त पेंशन लागू किया जाए पेंशन राशिकरण की अवधि 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष की जाए वरिष्ठ नागरिकों को रेल व हवाई यात्रा में 50% छूट दी जाए प्रतिवाद दिवस एवं हस्ताक्षर अभियान में जिले के दर्जनों पेंशनर्स शामिल हुए। प्रमुख रूप से गोविन्द पाण्डेय, गणेश प्रसाद विश्वकर्मा, रामानंद सिंह, शिवशंकर प्रसाद यादव, जगदीश प्रसाद वर्मा, बासुदेव साहु, रामनारायण वर्मा, सुरेश प्रसाद साहू, जानकी तुरी, अर्जुन रविदास, सुरेन्द्र राय, बासुदेव महताब, शिवनारायण मिश्र और जीतलाल पाण्डेय उपस्थित थे।

## लोचर-बसरिया सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों में आक्रोश, लापरवाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**केरेडारी (हजारीबाग)।** प्रखंड अंतर्गत लोचर से बसरिया तक जाने वाली सड़क की हालत इन दिनों बेहद जर्जर हो चुकी है, जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठळ्ढउ द्वारा सड़क निर्माण का टेंडर तो जारी किया गया, लेकिन बेहद कम दर पर टेंडर होने के कारण ठेकेदार गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं कर पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, ठेकेदार ने सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत तो की, लेकिन काम अधूरा छोड़ दिया।

इतना ही नहीं, जहां सड़क पहले से थोड़ी बहुत ठीक-ठाक थी, उसे भी ठेकेदार द्वारा खोदकर छोड़ दिया गया, जिससे अब लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। सड़क पर गड्ढे और उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण बाइक, साइकिल और पैदल चलने वालों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के साथ-साथ नाली और कलवर्ट निर्माण की भी जरूरत है, लेकिन ठेकेदार द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ा जा रहा है कि टेंडर में नालियों और कलवर्ट का प्रावधान नहीं है। इस बात को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं किया गया और अधूरे कार्य को पूरा नहीं किया गया, तो ग्रामीण मजबूर होकर कंपनियों की गाड़ियों का परिचालन रोकने का काम करेंगे। ग्रामीणों ने ठळ्ढउ और संबंधित ठेकेदार से जल्द से जल्द सड़क, नाली एवं कलवर्ट निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।

## गिरिडीह स्टेशन पहुंचे आसनसोल डीआरएम, अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल होने की पुष्टि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को आसनसोल रेलवे डिवीजन के डीआरएम (डिविजनल रेलवे मैनेजर) पहुंचे और स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की मौजूदा सुविधाओं, यात्री व्यवस्थाओं और चल रहे कार्यों का जायजा लिया निरीक्षण के बाद डीआरएम ने कहा कि गिरिडीह रेलवे स्टेशन को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत चयनित किया गया है।

इस योजना के अंतर्गत स्टेशन का व्यापक आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी उन्होंने बताया कि योजना के तहत स्टेशन पर आधुनिक वेटिंग हॉल, बेहतर प्लेटफॉर्म, साफ सफाई, उन्नत लाइटिंग, डिजिटल सूचना प्रणाली और अन्य यात्री सुविधाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही स्टेशन परिसर को आकर्षक और सुविधाजनक बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा डीआरएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि यात्रियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके स्थानीय लोगों और यात्रियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि स्टेशन के विकास से क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## रामनवमी पर हजारीबाग में दंगल, देश-विदेश के पहलवानों ने दिखाया दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

### नशामुक्त और सौहार्दपूर्ण रामनवमी का संकल्प ले : संरक्षण समिति अध्यक्ष की अपील





**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी हजारीबाग की रामनवमी के अवसर पर इस वर्ष भी रामनवमी संरक्षण समिति द्वारा दो दिवसीय भव्य दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह आयोजन परंपरा, खेल भावना और उत्साह का संगम बना रहा। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ नेपाल से भी कई नामी और अनुभवी पहलवानों ने भाग लिया। नेपाल के शंकर थापा और राजू थापा, अयोध्या हनुमानगढ़ी के बाबा नागेंद्र दास, पंजाब के सोनू पहलवान, उत्तराखंड के राहुल पांडे, राजस्थान के शैतान सिंह, बनारस के सिकंदर पहलवान और हवलदार पहलवान (डीएलडब्लू), कानपुर के रवि और ओमवीर पहलवान, जम्मू-कश्मीर के फैजल पहलवान, दिल्ली के मनोहर पहलवान तथा प्रिंस पहलवान सहित दर्जनों पहलवानों ने अपने दमदार दांव-पेंच से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। हजारीबाग नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर अरविंद राणा, समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह और यूथ विंग अध्यक्ष करण जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने हनुमान जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत कराई, जिसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दंगल के दौरान दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग आयोजन स्थल पर पहुंचे और पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। पूरे माहौल में उत्सव और उल्लास की झलक साफ दिखाई दी। रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना और उन्हें खेल एवं व्यायाम के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रतियोगिता में पहलवानों की संख्या और दर्शकों की भीड़ दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पारंपरिक खेलों के प्रति बढ़ती रुचि का संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि रामनवमी का पर्व शांति, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है, इसलिए सभी युवाओं को नशामुक्त रामनवमी मनाने का संकल्प लेना चाहिए और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना चाहिए। मुख्य अतिथि मेयर अरविंद राणा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं केवल रामनवमी तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि नियमित रूप से आयोजित होनी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्थानीय पहलवानों को बेहतर मंच देने के लिए स्थायी अखाड़ा का निर्माण कराया जाएगा, जिससे युवा नियमित अभ्यास कर सकें। यह दंगल प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक विरासत को भी सशक्त करने का कार्य कर रही है। मौके पर समिति के कई पदाधिकारी, समाजसेवी एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# छापेमारी में अवैध सिलेंडर और रिफिलिंग उपकरण बरामद

## गैस की कालाबाजारी की खुली पोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** एलपीजी गैस को लेकर उपभोक्ताओं की बढ़ती परेशानियों को देखते हुए जिला प्रशासन अब सख्त हो गया है। प्रशासन की टीम लगातार अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है और गैस सिलिंडरों के गलत भंडारण व कालाबाजारी पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन को बीती रात गुप्त सूचना मिली कि रांची के एदलहातु क्षेत्र के एक मकान में घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलिंडरों का अवैध भंडारण और कालाबाजारी की जा रही है। सूचना मिलते ही रात में प्रशासनिक टीम ने मौके पर छापेमारी की। छापे के दौरान मकान से बड़ी मात्रा में गैस सिलिंडर और रिफिलिंग उपकरण बरामद किए गए।

जांच में सामने आया कि यह मकान किराए पर लिया गया था। एक व्यक्ति यहां घरेलू गैस सिलिंडरों से अवैध रूप से गैस निकालकर छोटे सिलिंडरों में भर रहा था और कालाबाजारी कर रहा था। प्रशासन की टीम ने छापेमारी के दौरान कई तरह के गैस सिलिंडर और उपकरण बरामद किए, जिनमें शामिल हैं। इसके अलावा गैस का वजन करने के लिए इस्तेमाल होने वाली डिजिटल माप-तौल मशीन भी जब्त की गई।

जिला प्रशासन की टीम ने सभी बरामद सामान की मौके पर ही विस्तृत जब्ती सूची तैयार की। इसके बाद सभी गैस सिलिंडर और उपकरण संबंधित गैस एजेंसियों को जिम्मेदारी के साथ सौंप दिए गए। यह कार्रवाई रांची जिले में गैस की किल्लत और कालाबाजारी की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच की गई है। जिला प्रशासन इस पर लगातार नजर बनाए हुए है और सख्ती बरत रहा है।



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर अवैध भंडारण, रिफिलिंग और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में संबंधित थाने में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि अगर कहीं गैस सिलिंडर की कालाबाजारी, अवैध भंडारण या रिफिलिंग की जानकारी मिले, तो तुरंत जिला प्रशासन, संबंधित थाना या ईमेल के जरिए इसकी सूचना दें।

# गैस किल्लत से परेशान लोगों ने किया सड़क जाम

## लोगों ने कालाबाजारी का लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** चुटिया इलाके में बुधवार को रसोई गैस की किल्लत को लेकर लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आया। उपभोक्ताओं ने चुटिया से बेल बागान क्षेत्र तक सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया और गैस एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष सड़क पर उतर आए, जिससे इलाके में यातायात भी प्रभावित हुआ।

प्रदर्शन में शामिल मनोज दास, वीणा देवी, लखी पासवान और सुरेंद्र राम ने बताया कि उन्होंने करीब 15 दिन पहले ही ऑनलाइन गैस बुकिंग कराई थी, लेकिन अब तक उन्हें सिलिंडर नहीं मिला है। लोगों का आरोप है कि गैस एजेंसी के कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। कई घरों में गैस खत्म हो चुकी है और लोगों को खाना बनाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




उपभोक्ताओं ने कालाबाजारी का भी आरोप लगाया।

उनका कहना है कि जहां एक ओर आम लोगों को समय पर गैस नहीं मिल रही, वहीं दूसरी ओर बाजार में सिलिंडर 2500 से 3000 रुपये तक में बेचे जा रहे हैं। इससे साफ है कि कुछ लोग अवैध तरीके से गैस की आपूर्ति कर मुनाफा कमा रहे हैं।

लोगों ने बताया कि वे पिछले बुधवार को भी गैस एजेंसी पहुंचे थे, लेकिन उन्हें कहा गया कि ऊपर से सप्लाई नहीं आ रही।

कई उपभोक्ता बीती रात रात 10 बजे से लाइन में खड़े थे, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे मुख्य सड़क को पूरी तरह जाम कर उग्र आंदोलन करेंगे। साथ ही जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर शीघ्र गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## रामनवमी को लेकर चतरा पुलिस प्रशासन चौकस

# उपायुक्त व एसपी ने अखाड़ा समितियों एवं जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। इसी क्रम में आज उपायुक्त कीर्तिश्री एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा समितियों एवं प्रमुख जुलूस मार्गों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उन स्थलों का जायजा लिया, जहां से रामनवमी के अवसर पर जुलूस निकाले जाते हैं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अखाड़ा समितियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं, ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

उपायुक्त ने नगर परिषद एवं संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों एवं गश्ती दल के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी।

आयुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए



रखने के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की संयुक्त प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिला प्रशासन ने सभी अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों से अपील किया कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व को शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाएं तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा, थाना प्रभारी चतरा सदर, नगर परिषद के पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वार्ड स्तर पर लगेगा होल्डिंग टैक्स, वाटर यूजर चार्ज व ट्रेड लाइसेंस कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुसैनाबाद,पलामू।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के सहयोग से स्पैरो सॉफ्टेक प्रा. लि. द्वारा संचालित जन सुविधा केन्द्र ने आम नागरिकों की सुविधा के लिए विशेष राजस्व वसूली अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत होल्डिंग टैक्स, वाटर यूजर चार्ज एवं ट्रेड लाइसेंस से संबंधित कार्यों के लिए वार्ड स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य चालू वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली को 70 प्रतिशत से आगे बढ़ाना तथा नागरिकों को उनके घर के नजदीक ही सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

नगर पंचायत प्रशासन के अनुसार, कैंप के माध्यम से लोगों को लंबी कतारों और कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति मिलेगी। नागरिक एक ही स्थान पर अपने होल्डिंग टैक्स का भुगतान, जल उपयोग शुल्क जमा करने तथा ट्रेड लाइसेंस से संबंधित कार्य आसानी से करा सकेंगे।

इससे राजस्व संग्रह में तेजी आने के साथ-साथ प्रक्रिया भी पारदर्शी और सरल बनेगी। सूचना के अनुसार 27 मार्च को वार्ड भवन संख्या -12 में, 28 मार्च को वार्ड भवन संख्या-13 एवं 29 मार्च को वार्ड भवन संख्या-14 में कैंप का आयोजन किया जाना है।

प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है कि निर्धारित तिथियों पर अपने संबंधित वार्ड भवन में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। आवश्यक दस्तावेजों के साथ कैंप में भाग लेने से प्रक्रिया शीघ्र पूरी होगी और समय की भी बचत होगी।

जन सुविधा केन्द्र के इस प्रयास से आम नागरिकों को राहत मिलने के साथ नगर पंचायत के विकास कार्यों के लिए राजस्व संग्रह को भी मजबूती मिलेगी। नगर पंचायत ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाएं।

# मुंडन कराने जा रहे श्रद्धालुओं का पलटा ट्रैक्टर, 26 घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हंटरगंज (चतरा)।** मुंडन संस्कार के लिए कौलेश्वरी जा रहे लोगों की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब हंटरगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के समीप श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा पलटी। इस भीषण दुर्घटना में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों समेत कुल 26 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस हादसे ने एक बार फिर ट्रैक्टर-ट्रॉली पर असुरक्षित सफर और 'श्रद्धा' के नाम पर जान जोखिम में डालने वाली लापरवाही को उजागर कर दिया है। हादसा हंटरगंज थाना क्षेत्र के हंटरगंज - शेरघाटी मुख्य पथ स्थित सोनवर्षा जंगल के कडुरवा ढोढा के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, बिहार के गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत उचिरमा गांव निवासी पाचू मांझी का पूरा परिवार और उनके ग्रामीण एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर चतरा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कौलेश्वरी मंदिर में मुंडन संस्कार के लिए जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर की गति काफी तेज थी। जैसे ही वाहन सोनबरसा के पास पहुँचा, चालक ने नियंत्रण खो दिया और पूरी ट्रॉली सड़क किनारे एक गड्ढे में पलट गई। ट्रॉली के नीचे दबने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुँची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में घायल होने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। सभी घायलों को तुरंत हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया, जहाँ से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए बिहार के गयाजी स्थित मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। जानकारों के मुताबिक, दर्जनों लोगों की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है, जिनमें दो महिलाएं और दो बच्चियों की हालत सबसे ज्यादा चिंताजनक है। चार घायलों का उपचार जजलो के एक निजी स्वास्थ्य केंद्र में भी चल रहा है।हादसे में घायल होने वाले सभी लोग गया के शेरघाटी के रहने वाले हैं, जिनमें मुख्य रूप से: रंजन कुमार, राहुल कुमार, राकेश कुमार, प्रीति कुमारी, पूनम कुमारी, नितेश कुमार, मनोज मांझी, पायल कुमारी, रामदही मांझी, सैउनी देवी, सुरमिया देवी, मुन्नी देवी, सन्नी देवी, मिथलेश मंडल, मिथलेश मांझी, मैनी देवी, राधिका कुमारी और बेमतीया शामिल हैं।लगातार हो रहे इन हादसों को देखते हुए हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कड़ी अपील करते हुए कहा कि धार्मिक यात्राओं के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली या किसी भी खुले वाहन का उपयोग न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रॉली माल ढोने के लिए है, इंसानों के सफर के लिए नहीं।

# पट खुलते ही दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा )।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी गुरुवार को प्रखंड के मरकच्चो, जामु, मुर्कमनाय,नई टांड बिचरिया आदि क्षेत्र पूरी तरह से भक्ति में में डूबता नजर आ रहा है। मां दुर्गा का सप्तमी स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना विधि विधान और वैदिक मंत्रोचार कर के सुबह से ही पूजा पंडालों को पूजा पाठ के लिए श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया, जिसके बाद माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पंडालों में जय माता दी की जयकारों से वातावरण गूंज उठा श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमा के समक्ष हाथ जोड़कर परिवार की सुख समृद्धि शांति और समृद्ध भविष्य की कामना की महिला व पुरुष बच्चों की भीड़ की भागीदारी ने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया। कई श्रद्धालु में सप्तमी के पावन अवसर पर उपवास रहकर मां कालरात्रि की विशेष पूजा की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सप्तमी तिथि पर मां कालरात्रि की आराधना करने से संकट और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है तथा जीवन में सुख शांति का वास होता है। डोमचांच प्रखंड के लहरियाटांड़ रतनपुर दुर्गा मंदिर व पुरनाडीह दुर्गा मंदिर में अष्टमी के सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारे देखने को मिली रही है खासकर महिलाओं में पूजा को लेकर विशेष उत्साह नजर आता है।

मौके पर जैसे ही मंदिर के पट खुले भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए उम्र पड़ी और देर शाम तक पूजा अर्चना का सिलसिला जारी रहा और मेले का भरपूर आनंद उठाया !पूजा आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय समितियां सदस्यों और ग्रामीणों की अहम भूमिका रही पूजा समिति अध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव, रामधनी यादव, रंजीत यादव,विजय शर्मा,आदि लोगों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तात्पर्य दिख रहे हैं मौके परसंतोष रवानी,राजू पासवान, किशोर गुप्ता, बिरजू शर्मा, दिनेश कुमार, लक्ष्मण साव आदि सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।

# कौलेश्वरी तलहटी पहुंचे एसडीओ, विधि व्यवस्था का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड में स्थित सुप्रसिद्ध तीन धर्मो का संगम स्थल मां कौलेश्वरी पहाड़ पर चेती नवरात्रा मेला को लेकर उमड़ रही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ में है। विधि व्यवस्था और श्रद्धालुओं को सहूलियत का निरीक्षण करने कौलेश्वरी मंदिर विकास प्रबंधन समिति के पदेन अध्यक्ष सह चतरा एसडीओ जहूर आलम गुरुवार को कौलेश्वरी मंदिर के मुख्य द्वार हटवारिया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने निरीक्षण करते हुए बारीकी से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ज्ञात हो की मां कौलेश्वरी मन्दिर में रामनवमी के दिन भव्य मेला और पूजा अर्चना के लिए झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश सहित कई राज्यों से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। निरीक्षण के दौरान, एसडीओ ने साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश, यातायात प्रबंधन, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती, सीसीटीवी कैमरों के उपयोग और चेकिंग पॉइंट्स सहित सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसडीओ ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मेले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को समन्वय से काम करने के निर्देश दिए गए।स्थानीय प्रशासन और कौलेश्वरी प्रबंधन समिति मेला आयोजन को लेकर पूरी तरह सतर्क है। कौलेश्वरी में आने वाले हर श्रद्धालु को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले, यही हमारा लक्ष्य है। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, अंचलाधिकारी सह कौलेश्वरी विकास प्रबंधन सचिव रितिक कुमार, और बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने भी सुरक्षा और व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखने का आश्वासन दिया।उन्होंने स्पष्ट किया की असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। चप्पे - चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है।इस अवसर पर स्थानीय लोगों और मंदिर समिति ने प्रशासन के सक्रिय रवैये की सराहना की। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अनुशासन बनाए रखें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। मौके पर जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, सब इंस्पेक्टर पुरुषोत्तम अग्निहोत्री,नावाडीह मुखिया बसंती पन्ना, तरवागड़ा मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार दास, समिति सदस्य कौशलेंद्र सिंह, अशर्फी सिंह, विजय पासवान, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# महिला की ट्रक की चपेट में आने से मौत, रोड जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** सिमरिया के बगरा मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रक ने लावालौंग थाना क्षेत्र की काशीमहुआ गांव निवासी आशा देवी को कुचल डाला। महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। पांच घंटे से सड़क बंद है, आवागमन पूरी तरह ठप। परिजन और ग्रामीण उचित मुआवजे पर अड़े हुए हैं।

सीओ गौरव कुमार और थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह घंटों से समझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कोई नतीजा नहीं। आला अधिकारी अब तक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। बेगुनाह की मौत के बाद भी प्रशासन की बेरुखी ग्रामीणों के गुस्से को और भड़का रही है। संवाद प्रेषण तक लोग सड़क पर जमे हुए थे।

# नाली निर्माण का शिलान्यास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा प्रखंड के कांटी पंचायत में जिला परिषद द्वारा जगदीश नायक के घर से धर्म यादव के खेत तक नाली निर्माण का शिलान्यास चंदवारा जिप सदस्य महादेव राम, पंचायत समिति सदस्य राजकुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि नाली का निर्माण होने से घर का पानी सड़क पर ना के छोड़ नाली में जाने से सड़क ठीक रहेगा। मौके पर जे ई आयुष कुमार, संवेदक अनिल दास, सुरेंद्र कुमार,जगदीश नायक, किशुन महतो, विक्रम कुमार, भूतेश्वर साव, छत्रु यादव, अजय यादव, विंदवा देवी ,शांति देवी, उर्मिला देवी, साबित देवी, सूरज कुमार उपस्थित थे।

# पंचतत्व में विलीन हुए संयुक्त बिहार के पूर्व खनन मंत्री लक्ष्मण राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

हुसैनाबाद। पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के कुकही गांव सह वर्तमान नगर पंचायत क्षेत्र के कुर्मी टोला निवासी व छतरपुर विधान सभा के पूर्व विधायक सह संयुक्त बिहार सरकार के पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम (78वर्ष) का पार्थिक शरीर बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, अंतिम संस्कार के समय हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, एसडीएम गौरांग महतो, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सहित पुलिस के जवानों ने उन्हें सलामी दी और श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर प्रशासनिक सम्मान की सभी औपचारिकता निभाई गई। घाट पर शामिल लोगों ने जब तक सूरज चांद रहेगा, लक्ष्मण तेरा नाम रहेगा, लक्ष्मण राम अमर रहे, के नारे लगे, मुखाग्नि मंत्री लक्ष्मण राम के बड़े पुत्र अजय कुमार ने दी। मालूम हो लक्ष्मण राम दो-चार दिनों से बीमार चल रहे थे। मंगलवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ता देख कर उनके परिजन रांची ले जा रहे थे इसी क्रम में रांची के समीप मांडर के पास उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी निधन की खबर सुनते ही नगर पंचायत क्षेत्र के कुर्मी टोला स्थित उनके आवास पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

बुधवार की सुबह उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर राजनीतिक दलों और सामाजिक कार्यकताओं के अलावा क्षेत्र के हजारों लोग पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजिल अर्पित की। उनका शव यात्रा उनके आवास से दोपहर 11बजे निकाला गया जो शव सबसे पहले उनके पैतृक गांव कुकही ले जाया गया, इसके बाद वहां से शहर का भ्रमण करते हुए देवरी सोन नदी स्थित शमशान घाट पर पहुंचा। जहां उनका दाह संस्कार किया गया।

मौके हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह, अध्यक्ष अजय कुमार भारती, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, बसपा के वरिष्ठ नेता शेर अली, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, अविनाश कश्यप,अभिमन्यु सिंह, जेएमएम के वरिष्ठ नेता जवाहिर पासवान, रामराज पासवान, भाजपा के वरिष्ठ नेता कामेश्वर कुशवाहा, रणविजय कुमार सिंह, राज अली,दिलीप कुमार सिंह, सैयद जक्की हुसैन रिजवी,मुमताज खान, कुश कुमार सिंह उर्फ मिंटू सिंह, विमलेश पासवान, मिथिलेश पासवान, प्रदीप पासवान, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर,कृष्णा बैठा, पूर्व मुखिया विजय यादव, पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद,मुन्ना कुमार देव, प्रणव सुमन, प्यारे नबी,अनिमेष अग्रवाल, रविन्द्र सिंह के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मनाई गई बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के गोदोवार में स्थित अम्बेडकर राष्ट्रीय महिला विकास समिति कार्यालय मे बहुजन नायक बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशी राम की 92 वी जयंती धूम धाम से मनाया गया। जिसका नेतृत्व अम्बेडकर समिति के संरक्षक राजु दा ने की। मौके पर अम्बेडकर राष्ट्रीय महिला विकास समिति के अध्यक्ष लालती पासवान, सचिन, राखी, रंजन, सोनी पासवान, चिन्ता, निषाद, पुजा महतो, निर्मल ठाकुर,दिनेश भारती, अरुण साव, राहुल कुमार, निभा कुमारी, चांदनी कुमारी, सिया प्रजापति, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए राजु दा ने बताया कि कांशी राम एक युग है जिन्होंने शिक्षा और संविधान के बल पर साइकिल के सहारे पूरे समाज को एक जुट कर सत्ता में भागी दारी दिलाने का काम किए।

इनके नेतृत्व में बाम सेफ जैसी संगठन का निर्माण हुआ था जो दबे कुचले असहाय गरीब के उत्थान के लिए बनाया गया था जिन्होंने बोले कि सत्ता मे आने से रोका जाए तो हम सब को आंदोलन के सारे सत्ता हिलाने की क्षमता रखना होगा समाज को ज्यादा खतरा दलाल बिचौलिए से है न कि नेतृत्व कर्ता से जिस समाज मे दलाल बिचौलिए हावी हो जाए उस समाज को कमजोर और बिखरा समाज माना जाता है, हम सभी को एकता के सूत्र मे बंधकर समता बंधुता के रास्ते पर चलकर समाज को शिक्षा और सत्ता के तरफ अग्रसारित करना चाहिए, सहित और लोगों ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला ।


## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है : **क्र.सं. 1 ई.–निविदा सं. : 383-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि** : गोमो–बरकाकाना सहा. अभि. / 2 / गोमो, पू. म. रेल, धनबाद मंडल के अधीन भूमिगत मार्ग के द्वारा समपार फाटक की समाप्ति एल. सी. सं. 3 / स्पेशल / टी (किमी. 35/35–37) बेरमो – जारंगडीह | **12 (बारह) महीने, कार्य की लगभग लागत (रु. में)** : रू. 6,02,73,007.13, **क्र.सं. 2 ई.–निविदा सं. : 384-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि** : गोमो–बरकाकाना–आरसीसी बॉक्स / पाइप पुलों के द्वारा बदलना (छोटे पुल सं. 179, 181, 184 और 185 ) | **12 (बारह) महीने, कार्य की लगभग लागत (रु. में)** : रू. 5,17,58,109.96, **क्र.सं. 3 ई.–निविदा सं. : 385-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि** : (i) गढ़वा रोड में स्वास्थ्य केंद्र का मरम्मत। (ii) बरवाडीह में रेलवे अस्पताल का मरम्मत | **09 (नौ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रु. में)** : रू. 51,97,316.91,

• **ब्याने की राशि (रु. में)** : ब्याने की राशि **http://www.ireps.gov.in** पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। , • **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय** : ई–निविदा बंद होने की तारीख : 15.04.2026 को 12.00 बजे तक | ई– निविदा खुलने की तारीख : 15.04.2026 को 12.30 बजे से, • **वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई– निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/1990/डीएचएन/ईजी./टी./25–26/44



## आद्रा मंडल के तहत पे एंड यूज अनुबंध के लिए ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा आद्रा मंडल के तहत पे एंड यूज अनुबंध के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई–नीलामी का विवरण निम्नानुसार है: **कैटेगरी:** पे एंड यूज, **नीलामी कैटलॉग सं.: पेएनयू30, लॉट सं./कैटेगरी:** पीएनयू–एडीआरए–वीएए–टीओआई–60–26–1 (पे एंड यूज - टॉयलेट्स), **नीलामी शुरू :** दिनांक 09.04.2026 को 12:00 बजे, **नीलामी की अंतिम तिथि/समय:** दिनांक 09.04.2026 को 12:30 बजे। **टिप्पणी:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-1353) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
*मुस्कान के साथ सेवा*



## पूर्व मध्य रेल

### ई–खुली निविदा सूचना

खुली निविदा | बैच संख्या : 20/2026 | दिनांक : 24.03.2026

आई आर इ पी एस -www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। निविदा बंद करने का समय 14:00 बजे है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | सामग्री का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा जारी करने की तिथि एवं समय | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 39265042B | सेट ऑफ डबल साइड स्विंग डोर असाय (एएलयू डोर विथ एस एस फिक्सिंग फ्रेम टू आईसीएफ ड्राइंग न. ICF/SK3-5-6-014, COL-I & COL-II ALT-f एंड एस पर स्पेसिफिकेशन ICF.MD/SPECN-268. | 100 Set | 23 मार्च 2026 12:32 बजे | 13 अप्रैल 2026 14:00 बजे |

प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस **www.ireps.gov.in** के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

पीआर/1996/डीएचएन/भंडार/टी/25–26/48 **व. मंडल सामग्री प्रबंधक/पूमरे/धनबाद**

# रिश्वत लेते बीसीएम धराया

## एक सप्ताह के अंदर निगरानी की दूसरी बड़ी कारवाई

### आशा चयन में मांगे थे 25 हजार रुपये



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** आशा कर्मी की बहाली के नाम पर महिला से 10 हजार रूपए रिश्वत लेते पीएचसी नगरनौसा के बीसीएम मंजीत कुमार को निगरानी की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। बीसीएम आशा बहाली के नाम पर बॉबी कुमारी से पच्चीस हजार रुपया की मांग किया था। बहाली के नाम पर बीसीएम द्वारा रिश्वत मांगे जाने की शिकायत महिला ने निगरानी से किया। इसके बाद निगरानी टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही मंजीत कुमार ने 10 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर लिए, उसे मौके पर ही रंगे हाथ पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पूरे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया।

नगरनौसा में एक सप्ताह के अंदर यह दूसरा बड़ी करवाई हैं।निगरानी विभाग के करवाई से पूरे प्रखंड में चचाओं का बाजार गर्म है वहीं अधिकारियों में भय व्याप्त हैं।कि अगला नम्बर किसका है..?बतादे की 20 मार्च को नगरनौसा बीपीआरओ को निगरानी विभाग ने छठ घाट योजना का फाइल बढ़ाने के नाम पर 12 हजार रिश्वत लेते प्रखंड कार्यालय ऑफिस से गिरफ्तार किया था, वहीं 26 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनौसा में तैनात बीसीएम मनजीत कुमार को आशा बहाली के नाम पर 10 हजार रिश्वत लेते स्वास्थ्य केंद्र से गिरफ्तार किया।

## जाली नोट के साथ चार तस्कर धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** उत्तर प्रदेश से तस्करी कर 100 और 500 रुपये के जाली नोटों को पटना में खपाया जा रहा है। इस बात का पदार्फाश तब हुआ जब पटना पुलिस की विशेष टीम ने अगमकुआं थाना क्षेत्र के टीवी टावर के पास गुप्त सूचना पर चार तस्करों को गिरफ्तार किया।

कार से सौ-सौ के जाली नोट की 20 गड्डी और 500 रुपये के नोट की 5 जाली गड्डी बरामद की गई। इस तरह पुलिस ने कुल 2 लाख 25 सौ रुपये जब्त किए है।

आरोपितों की पहचान खुसरूपुर निवासी दो सगे भाई राणा लव, राणा कुश, वैशाली के लालगंज के अस्मित कुमार और नालंदा के इस्लामपुर निवासी अशुतोष कुमार के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि बरामद जाली नोट उत्तर प्रदेश से लाए जा रहे थे, जिसे पटना के बाजार में खपाने की तैयारी थी। इसके पूर्व भी यह गिरोह दो बाद उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ और एक अन्य जिले से 50-50 हजार रुपये के जाली नोटों की तस्करी कर चुका था।

# फर्जी सर्टिफिकेट पर कर रही थी नौकरी, प्राथमिकी दर्ज

## वर्ष 2015 में शिक्षिका को मिली थी नौकरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** फर्जी बीएड अंक प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति पाने वाली एक शिक्षिका के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना की शिकायत पर जहानाबाद नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक विंध्याचल प्रसाद की शिकायत पर दर्ज हुआ है।बताया गया है कि संबंधित शिक्षिका की नियुक्ति वर्ष 2015 में नियोजन इकाई जिला परिषद के माध्यम से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसर बाग, खैरा में की गई थी। शिक्षिका संगीता कुमारी, जो मूल रूप से नवादा जिले के न्यू एरिया पातालपुरी मोहल्ला की निवासी हैं और वर्तमान में पटना के अनीसाबाद में रह रही हैं, पर आरोप है कि उन्होंने नियुक्ति के समय बी.एड. प्रशिक्षण का फर्जी अंक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था।

इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद विभाग द्वारा जांच कराई गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि प्रस्तुत अंक प्रमाण पत्र फर्जी है। बताया जाता है कि शिक्षिका द्वारा गौहाटी विश्वविद्यालय से जारी बी.एड. प्रशिक्षण का अंक पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसकी वर्ष 2023 में जांच की गई, जिसमें यह फर्जी पाया गया। इसके बाद जनवरी 2026 में दोबारा सत्यापन कराया गया, जिसमें भी प्रमाण पत्र पूरी तरह फर्जी निकला।

इसके बाद निगरानी विभाग ने जहानाबाद नगर थाना में शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। नगर थाना अध्यक्ष ने बताया कि निगरानी विभाग की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है और विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस मामले के सामने आने के बाद फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे शिक्षकों के बीच हड़कंप मच गया है। सरकार के निर्देश पर ऐसे सभी मामलों की निगरानी विभाग द्वारा जांच कराई जा रही है।

### बैठक आयोजित

**टिकारी।** टिकारी डाक बंगला परिसर में शहीद राम नंदन शर्मा स्मृति समारोह आयोजन समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रो. मुद्रिका प्रसाद नायक ने की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 29 मार्च को डाक बंगला परिसर में प्रातः 11 बजे से शहीद राम नंदन शर्मा स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# एफसीएम थेरेपी सुविधा की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** सदर अस्पताल में अब गर्भवती महिलाओं और एनीमिया से पीड़ित मरीजों को बेहतर और जल्दी इलाज मिल सकेगा। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यहां एफसीएम थेरेपी की शुरूआत की। इस सुविधा के शुरू होते ही पहले दिन 25 गर्भवती महिलाओं को थेरेपी देकर लाभ दिया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई एसीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह ने की। इस मौके पर अस्पताल प्रबंधक धीरज कुमार समेत कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

एसीएमओ ने कहा कि यह थेरेपी गर्भवती महिलाओं और एनीमिया मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि इससे मां और बच्चे की मौत के मामलों में कमी आने की उम्मीद है। फिलहाल यह सुविधा सदर अस्पताल में शुरू की गई है। आने वाले समय में इसे जिले के सभी पीएचसी तक पहुंचाने की योजना है।

डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि गर्भवती महिलाओं और एनीमिया मरीजों में अक्सर हीमोग्लोबिन का स्तर काफी कम हो जाता है। पहले इसके इलाज के लिए आयरन की गोलियां दी जाती थीं, लेकिन वे हमेशा असरदार नहीं होती थीं। अब उनकी जगह फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज नाम की दवा स्लाइन के जरिए 20 से 25 मिनट में दी जाती है, जिसे ऋछट थेरेपी कहा जाता है।

डॉक्टरों के अनुसार, यह थेरेपी ब्लड चढ़ाने का एक बेहतर विकल्प साबित हो सकती है। पहले जिन मरीजों का हीमोग्लोबिन 6 से नीचे चला जाता था, उन्हें ब्लड चढ़ाना पड़ता था। अब इस थेरेपी के जरिए हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाकर करीब 9 तक लाया जा सकता है। बाजार में इस थेरेपी की कीमत करीब 4000 रुपये है, लेकिन शेखपुरा सदर अस्पताल में यह सुविधा पूरी तरह मुफ्त दी जाएगी।

# अमेरिका , इजरायल - ईरान युद्ध के खिलाफ कैंडल मार्च का आयोजन

## युद्ध तबाही और पाशविकता का द्योतक : कौशल गणेश आजाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** युद्ध कभी विकास का मार्ग प्रशस्त नहीं कर सकता बल्कि तबाही, विनाश और पाशविकता का द्योतक है । उक्त बातें अमेरिका, इजरायल - ईरान युद्ध के विरुद्ध बोधगया स्थित माया सरोवर से गांधी चौक तक लोक समिति और मजदूर - किसान समिति द्वारा आयोजित कैंडल मार्च की समाप्ति के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने कहा द्वितीय विश्व युद्ध के समय जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका ने परमाणु बम से हमला किया था ।करीब डेढ़ से दो लाख लोगों की जाने गई थी । रुस - यूक्रेन युद्ध में लोगों की जाने जा रही है । अमेरिका , इजरायल - ईरान युद्ध के दौरान ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल दागा गया जिसमें करीब करीब 160 मासूम बच्चियों की जान चली गई । अमेरिका और इजरायल में भी तबाही और जान-माल की क्षति हो रही है । उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण पुरी दुनिया में महंगाई बढ़ रही है। सप्लाई चेन बाधित हो गई है ।जरुरी समानों की किल्लत हो गई है ।लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि तुरंत युद्ध बंद होनी चाहिए ।जेपी सेनानी उपेंद्र सिंह ने कहा कि दुनिया पर दादागिरी चलाने के लिए अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला कर खाड़ी देशों के साथ - साथ अन्य देशों को भी युद्ध के आगे में झोंक दिया है ।




डॉ. विजय यादव ने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने यह युद्ध तेल पर कब्जा करने के लिए थोपा है । उन्होंने कहा कि इजरायल - फिलीस्तीन युद्ध के दौरान लाखों लोगों की जाने गई ।बेघर हुए ।भूखे मरे ।बिंदु सिंह ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू घमंड में चूर हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णय को भी नहीं मानते हैं और न अंतर्राष्ट्रीय अदालत के फैसले को । कैंडल मार्च में लोक समिति के जिलाध्यक्ष पुतुल, फा. एन्टो , दिनेश यादव , मजदूर किसान समिति के जिलाध्यक्ष बिशुनधारी यादव, किशोरी यादव , विक्रम कुमार , रमेश यादव , देवनारायण यादव , शेखवारा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष रामकेश्वर यादव , उपेंद्र यादव , खनौरी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे ।संचालन लोक समिति के जिला महामंत्री राजेन्द्र मांझी ने किया ।

# बदमाशों ने फायरिंग कर बैंक लूटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के मधेपुरा जिले के भराही थाना क्षेत्र के मुरहो में गुरुवार दोपहर एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। जहां बेखौफ अपराधियों ने सेंट्रल बैंक की शाखा में घुसकर दिनदहाड़े लूट को अंजाम दिया। करीब 12:30 बजे तीन हथियारबंद बदमाश बैंक में दाखिल हुए और कुछ ही मिनटों में लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये लेकर फरार हो गए।बैंक के शाखा प्रबंधक शिव कुमार के अनुसार, तीनों अपराधियों की उम्र 20 से 25 साल के बीच थी। वे बाइक से आए थे। एक बदमाश बैंक के बाहर निगरानी कर रहा था, जबकि दो अंदर घुस गए। अंदर आते ही उन्होंने ग्राहकों और चौकीदार को धक्का देकर किनारे किया और दहशत फैलाने के लिए दो राउंड फायरिंग भी की।

मैनेजर ने बताया कि एक बदमाश सीधे उनके पास पहुंचा और सिर पर कट्टा तान दिया। जान के खतरे को देखते हुए उन्होंने बिना विरोध किए कैश लॉकर खोल दिया। इसके बाद बदमाशों ने नगद लिया और बाहर खड़े अपने साथी के साथ बाइक पर बैठकर तेजी से फरार हो गए।

यह बैंक पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल के पैतृक घर के पास स्थित है। घटना के समय बैंक में सीसीटीवी कैमरों की वायरिंग का काम चल रहा था, जिसका फायदा अपराधियों को मिला। प्रत्यक्षदर्शी जयराम कुमार ने बताया कि अचानक तीन नकाबपोश बदमाश आए, हवाई फायरिंग की और सभी को डराकर साइड कर दिया। हथियार देखकर बैंक स्टाफ और ग्राहक सहम गए और किसी ने विरोध नहीं किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि करीब 1.30 लाख रुपये की लूट हुई है। पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# चक्रवर्ती सम्राट अशोक की मनाई गई जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** मगध सम्राट, चक्रवर्ती महाराजाधीराज अशोक की जयंती कॉग्रेस पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने गयाजी के स्थानीय चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में मनाई गई। सर्वप्रथम सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

जयंती कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉग्रेस अध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे विपिन बिहारी सिन्हा, टिंकू गिरी, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, विनोद बनारसी, अमरजीत कुमार, अशोक राम, राहुल चंद्रवंशी, रूपेश चौधरी आदि ने कहा कि महान अशोक के नाम से प्रसिद्ध लगभग 268 ईशा पूर्व से अपनी मृत्यु तक मगध के सम्राट और मौर्य वंश के तीसरे शासक थे। उनका साम्राज्य भारतीय उपमहाद्वीप के बड़े हिस्से में फैला हुआ था, जो पश्चिम में वर्तमान अफगानिस्तान से लेकर पूर्व में बांग्लादेश तक था, जिसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी।



उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक बौद्ध धर्म के संरक्षक के रूप में, उन्हें प्राचीन एशिया में बौद्ध धर्म के प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय इन्हीं को दिया जाता है।

वक्ताओं ने कहा कि भारत देश का प्रतीक चिन्ह अशोक स्तंभ के ऊपर चार शेर है जिसका मुख चारों दिशाओं की ओर है, इन शेरों को चतुर्मुख कहा जाता है, ये शेर शक्ति, साहस, आत्मविश्वास और गौरव को दर्शाते हैं, इस स्तंभ के नीचे घोड़ा और बैल और बीच में धर्म चक्र है, अशोक स्तंभ के आधार से अशोक चक्र को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के केंद्र में रखा गया है।

नेताओं ने कहा साहस का सम्मान अशोक चक्र इस वर्ष 2026 में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति ने भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभाशु शुक्ला को प्रदान किया गया है।

# कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से पुलिस अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के रांची में ई-मेल के जरिए जरिए सरकारी संस्थानों को धमकी देने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को साहिबगंज जिले के राजमहल स्थित अनुमंडलीय न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही प्रशासन ने पूरे इलाके में हाई अलर्ट घोषित कर दिया।

जानकारी मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी और थाना प्रभारी हसनैन हुसैन समेत पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। बिना देर किए न्यायालय परिसर को चारों ओर से घेर लिया गया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया। टीमों ने पूरे परिसर की बारीकी से जांच की और हर कोने को खंगाला। शुरूआती जांच में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला, जिससे प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, एहतियात के तौर पर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क बनी हुई हैं।

न्यायालय परिसर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रवेश द्वार से लेकर अंदर तक कड़ी निगरानी रखी जा रही है। हर आने-जाने वाले व्यक्ति की जांच की जा रही है और बिना पहचान पत्र के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। आसपास के इलाकों में भी पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, धमकी देने वाले की पहचान के लिए तकनीकी टीमों को लगाया गया है। ईमेल के स्रोत और अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द आरोपी तक पहुंचा जा सके। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

# मां का पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों पर आयोजित चैती नवरात्रा में खोइछा भरने के लिए गुरुवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर प्रखंड के सहियार उत्तर पंचायत की गुलरही घिवाही चैती नवरात्रा नवयुवक समिति द्वारा महा अष्टमी के दिन महिलाओं को खोइछा भरने के लिए खास व्यवस्था की गई थी। सभी महिलाओं को बारी-बारी से कतारबद्ध तरीके से आसानी से पूजा-अर्चना के साथ खोइछा भराया गया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा कुमारी कन्याओं को विभिन्न प्रकार की व्यंजन एवं चूड़ा, दही, चीनी मिठाई का श्रद्धा पूर्वक भोज कराया गया। महाअष्टमी के दिन मेला देखने एवं मां दुर्गे की दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड के गुलाब गाछी, नेगरी गाछी, कांकड़, सरहिला, नवका टोल, गायघाट, मधुरापुर, गुलराही घिबाही सहित अन्य स्थानों पर चैती नवरात्रा का भाव्य आयोजन किया गया है और पूजा समिति द्वारा मेला भी लगाया गया।



इस अवसर पर भवी झा एवं अन्य पंडितों के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ आठ दिनों से लगातार मां दुर्गा की पूजा-अर्चना एवं शाम और सुबह भव्य आरती किया जाता रहा है। आयोजन से शिवाजीनगर प्रखंड का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। जय मां चैती नवजीवक दुर्गा पूजा समिति गुलरही, घिवाही के सुनील यादव अध्यक्ष ,रंजीत साफी सचिल, अरुण साफी, अमित यादव, संजय यादव ,राजा बाबू यादव, संदीप साफी, ललन साफी, अमरजीत यादव, पवन यादव, रामकृपाल लाल देव, अजय कुमार सिंह, बालमुकुंद सिंह, विनोद कुमार सिंह, सूर्य नारायण सिंह सहित अन्य ग्रामीणों की सहयोग काफी सराहनीय की जा रही है

# भोजपुर जिले के नौ शिक्षक सम्मानित

## प्रदेशस्तर पर 22 शिक्षकों का हुआ था चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन व नवाचार को लेकर शिक्षा विभाग ने भोजपुर जिले के नौ शिक्षकों को फरवरी माह के लिए टीचर ऑफ द मंथ के रूप में चयनित कर राज्यस्तरीय पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

प्रदेश स्तर पर कुल 22 शिक्षकों का चयन विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य व नवाचार के आधार पर किया गया, जिसमें भोजपुर के नौ शिक्षक शामिल हैं। शाहपुर के हरिनारायण प्लस टू विद्यालय के संगीत शिक्षक अभय नंदन पांडे को राज्यस्तरीय टीचर ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जिले के अन्य सम्मानित शिक्षकों में उच्च माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर, आरा की शिक्षिका रागिनी कुमारी, कन्या मध्य विद्यालय अख्तियारपुर (उदवंतनगर) की शिक्षिका दीक्षा सिंह, उच्च माध्यमिक विद्यालय असलन रामपुर (गड़हनी) के शिक्षक राम कृष्णकांत तिवारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय जानकी बाजार (बड़हरा) के शिक्षक अविनाश कुमार वर्मा शामिल हैं।

इसी तरह उर्दू प्राथमिक विद्यालय कौड़िया (बिहिया) की शिक्षिका रीता कुमारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदर टोला (पीरो) के शिक्षक भास्कर कुमार, राम करण उच्च शादिक प्लस टू उच्च विद्यालय पवना (अगिआंव) की शिक्षिका ज्योति कुमारी तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय खेलरहिया (तरारी) के शिक्षक शिव कुमार चौधरी शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग के ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर शिक्षक अपने नवाचार से जुड़ी जानकारी अपलोड करते हैं। इसके बाद विभागीय टीम द्वारा विभिन्न स्तरों पर जांच की जाती है।

# खाली सिलेंडर लेकर सड़क पर उतरे लोग

## गैस आपूर्ति सामान्य होने की बात को लोगों ने कहा झुठा वादा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा गुरुवार को सड़क पर फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में लोग खाली सिलिंडर लेकर प्रेमनगर आश्रम स्थित भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर पहुंच गए और घंटों इंतजार के बाद भी सिलिंडर नहीं मिलने पर हंगामा शुरू कर दिया।

बताया जाता है कि सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ गैस गोदाम पर जुटने लगी थी, लेकिन लंबे इंतजार के बावजूद सिलिंडर की आपूर्ति न होने से नाराज लोग सड़क पर उतर आए।

आक्रोशित उपभोक्ताओं ने सिवान-सरफरा मुख्य पथ पर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया। हंगामे की सूचना मिलते ही बरौली थानाध्यक्ष अलका सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं।

उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद पुलिस की निगरानी में गैस सिलिंडर की गाड़ी को क्षेत्र में होम डिलीवरी के लिए रवाना किया गया, तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि गैस को लेकर अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भीड़ न लगाएं। अधिकारियों का कहना है कि गैस आपूर्ति सामान्य है और नियमित रूप से सिलिंडर की डिलीवरी की जा रही है। हालांकि, उपभोक्ताओं ने एजेंसी कर्मियों पर मनमानी का आरोप लगाया। उनका कहना था कि समय पर गैस नहीं मिलने के कारण उन्हें मजबूर होकर खाली सिलिंडर लेकर गोदाम आना पड़ रहा है।



कई लोगों ने कहा कि वे शौक से नहीं, बल्कि जरूरत के कारण यहां पहुंचते हैं।

इधर, इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक नागेंद्र पाल ने बताया कि उपभोक्ता बिना आवश्यकता के गोदाम पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बुकिंग करनी चाहिए, डिलीवरी व्यवस्था लगातार जारी है।

# गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। सिंघौल थाना क्षेत्र के रचियाही बलहपुर टोला में बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

मृतक की पहचान रचियाही कचहरी टोला निवासी स्व. गणेश राय के 27 वर्षीय पुत्र मिंटू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात वह गांव के चौक पर अपने दोस्तों के साथ शराब पी रहा था, तभी किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ गया कि बदमाशों ने मिंटू कुमार के सीने और सिर में ताबड़तोड़ गोलियां मार दीं। गोली लगते ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई।वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने शव को घटनास्थल से कुछ दूरी पर मक्के के खेत में फेंक दिया। इससे घटना की जानकारी देर से सामने आई।

रात करीब 11 बजे परिजनों को घटना की सूचना मिली। इसके बाद वे खोजबीन करते हुए खेत पहुंचे, जहां मिंटू कुमार का शव बरामद हुआ। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जा रहा है कि मिंटू कुमार का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह पूर्व में कई असामाजिक गतिविधियों में शामिल रहा था और पिछले साल एक गोलीबारी मामले में जेल भी गया था।जानकारी के अनुसार, वह होली से दो दिन पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। गौरतलब है कि उसके बड़े भाई सिंटू कुमार राय की भी चार वर्ष पूर्व गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### छात्रों को समारोहपूर्वक दी गयी विदाई

**शिवाजीनगर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवाड़ा में वर्ग 8 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन वर्ग 7 के छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीईओ रामजन्म सिंह, पूर्व पीआरपी सह प्रधानाध्यापक बालमुकुंद सिंह, विकेश कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# समृद्धि यात्रा के जन संवाद में नितिन नवीन ने की नीतीश कुमार की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना के बापू सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के जन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया और उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि समृद्धि यात्रा के जरिए बिहार में एक उत्सव का माहौल बना है और राज्य अब इसी सकारात्मक वातावरण में विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। नितिन नवीन ने कहा कि नीतीश कुमार ने निराशा के दौर से निकालकर बिहार को विश्वास और विकास से जोड़ा तथा बिहारियों का सम्मान लौटाया। उन्होंने कहा कि 2005 के बाद प्रदेश में कार्य करने वाली संस्कृति विकसित हुई और शासन को



जवाबदेह बनाया गया। आज हर घर तक बिजली पहुंची है और लालटेन की जगह एलईडी का प्रसार हुआ है जिसका श्रेय मुख्यमंत्री को जाता है। सड़कों के विकास पर उन्होंने कहा कि पहले बिहार में सड़कों की स्थिति खराब थी, लेकिन अब सड़कों का निर्माण और रखरखाव बेहतर हुआ है जो विकास की कहानी बता रहा है। छोटे-छोटे पुल-पुलियों के निर्माण से ग्रामीण संपर्क मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनने से बिहार को विशेष सहयोग मिला। गंगा नदी पर कई नए पुल बने जिससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच दूरी कम हुई है। अब राज्य के किसी भी हिस्से से राजधानी तक पहुंचना आसान हुआ है और एक्सप्रेस वे का निर्माण भी हो रहा है। नितिन नवीन ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार मिला है और वे अब रोजगार देने वाले बन रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है और वे घर के साथ-साथ बाहर भी काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में जंगलराज की चर्चा होती थी, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है और राज्य को सम्मान मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि समृद्धि यात्रा भले समाप्त हो रही हो, लेकिन इसके तहत तय विकास का रोडमैप आगे भी जारी रहेगा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार 2030 तक विकसित बिहार के लक्ष्य को पूरा करेगी। उन्होंने बिहार की समृद्धि यात्रा निरंतर चलने की कामना की।

# दवा आपूर्ति में नंबर 1 बना बिहार, एनीमिया पर फोकस तेज

## एनीमिया मुक्त राज्य बनाने की दिशा में बड़ा कदमः स्वास्थ्य मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने एवं महिलाओं को एनीमिया मुक्त करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल शुरू हुई है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने गुरुवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में एफसीएम थेरेपी इनिशिएटिव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य राज्य की महिलाओं में एनीमिया की समस्या को जड़ से समाप्त करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दवाओं की आपूर्ति के मामले में बिहार आज देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य के पास लगभग दो लाख एफसीएम डोज उपलब्ध हैं। शुभारंभ के अवसर पर प्रत्येक जिले की 20 गर्भवती महिलाओं को यह डोज दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया



कि सभी जिलों में कम से कम 300 इंजेक्शन तत्काल भेजे जाएं। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अगले एक महीने के भीतर यह सुविधा सभी जिलों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएससी) तक पहुंच जाए। ताकि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों की महिलाओं को इलाज के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े। अब वे अपने ही प्रखंड स्तर पर यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगी। उन्होंने एनीमिया मुक्त बिहार अभियान में आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें और व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर इसे गांव-गांव तक पहुंचाएं। मंगल पांडेय ने यह भी कहा कि राज्य में शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन अभी इसमें और सुधार की आवश्यकता है। सरकार का लक्ष्य इन दरों को एक अंक में लाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार ने कहा कि आने वाले समय में बिहार का स्वास्थ्य विभाग देश के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी (ईडी) अमित पांडेय, डॉ. अनुपमा सहित सभी जिलों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े स्वास्थ्यकर्मी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आइआइटी पटना के मंच से बोलीं श्रेयसी सिंह, टेक्नोलॉजी में चमक रहे बिहारी युवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य की सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार के युवाओं के युवाओं में प्रतिभा, संकल्प और नवाचार की अपार क्षमता है। बिहार के युवाओं को अबतक दुनिया केवल आईएएस और आईपीएस के रूप में देखती रही है जबकि आज बिहारी बच्चे टेक्नॉलोजी के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं। आईटी मंत्री श्रेयसी सिंह गुरुवार को आईआईटी, पटना के बिहटा स्थित कैम्पस में इन्क्यूबेशन सेंटर के दसवें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इस मौके पर आईआईटी, पटना के इन्क्यूबेशन सेंटर ने एम्स, पटना और जेएचपीआईईजीओ के साथ दो समझौता पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किये गए हैं। आईआईटी, पटना में इन्क्यूबेशन सेंटर के दसवें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए आईटी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि यह बिहार सरकार राज्य में एक मजबूत स्टार्टअप और तकनीकी नवाचार पारिस्थतिकी तंत्र विकसित कर रही है। हमारा उद्देश्य केवल स्टार्टअप को प्रोत्साहित करना नहीं, बल्कि उन्हें विचार से लेकर उत्पाद को उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाना के लिए सभी जरुरी अवसंरचना, मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराना है। आईआईटी, पटना जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में इस तरह के समारोह राज्य के तकनीकी पारिस्थिकी तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को दी रामनवमी की बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कामना की कि भगवान श्रीराम की कृपा से सभी के जीवन में सौहार्द, मर्यादा और संस्कार के पुष्प पल्लवित हों तथा हर व्यक्ति का जीवन सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशियों से परिपूर्ण हो। उन्होंने कहा कि धार्मिक पुराणों के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में हुआ था। हिंदू पंचांग के अनुसार इसी दिन रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान राम का जीवन सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन का सर्वोत्तम उदाहरण है जो हमें सदैव आदर्श मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लोगों से आपसी सद्भाव, भाईचारा और सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील करते हुए रामनवमी के पर्व को शांति और उल्लास के साथ मनाने का संदेश दिया।

# चार्ली चैपलिन द्वितीय की अपील-युद्ध खत्म करो शांति के मार्ग पर चलो


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चार्ली चैपलिन द्वितीय हीरो राजन कुमार ने ईरान-इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध को रोकने की अपील की है। वह पटना में भगवान बुद्ध की मूर्ति के सामने खड़े होकर लोगों की समस्या को देखते हुए युद्ध को तत्काल रोकने का निवेदन कर रहे हैं। हीरो राजन कुमार एक कलाकार के साथ-साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वह सदैव सामाजिक मुद्दों पर जनहित में आवाज उठाते हैं। दुनिया भर में युद्ध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं जिसमें 1000 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन हो चुके हैं। लंदन में 30,000 से ज्यादा लोगों ने सड़कों पर उतरकर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया जबकि मैड्रिड, एथेंस, एम्स्टर्डम, एडिनबर्ग, मॉन्ट्रियल, जर्मनी और ऑस्ट्रिया में भी विरोध प्रदर्शन तेज हुए हैं। चार्ली चैपलिन द्वितीय का युद्ध खत्म करने को लेकर अपील का अंदाज हाथ में नो वार की तख्ती और गुलाब का फूल लेकर लोगों में उत्साह जगा रहे हैं।

# नितिन नवीन को भेंट की गई सचित्र रामकथा पुस्तक का विशेष प्रकाशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के श्रीराम भक्तों, विभिन्न मंदिरों एवं अखाड़ों के बीच वितरण हेतु 'सचित्र रामकथा' पुस्तक का विशेष प्रकाशन किया गया। इस विशेष प्रकाशन में पुस्तक के अंत में रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के विगत 17 वर्षों के गौरवशाली इतिहास का संकलन किया गया है। साथ ही पटना के विभिन्न मंदिरों एवं अखाड़ों द्वारा श्रीराम चौक पर पहुंचने वाली भव्य शोभायात्रा में प्रस्तुत आकर्षक झांकियों के मनोहारी चित्रों को भी सुंदर ढंग से संजोया गया है। यह प्रकाशन रामभक्तों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा एवं सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण दस्तावेज सिद्ध होगा। इस पुस्तक



के प्रकाशक गणेश खेतड़ीवाल ने समिति के संयोजक नितिन नवीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी से भेंट कर उन्हें पुस्तक की एक प्रति भेंट की। एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर शोभायात्रा समिति के आयोजन से जुड़े जगजीवन सिंह बबलू, राजेश जैन, गोपाल कृष्ण, मुकेश जैन, पवन भगत, सूजय सुलभ, रामलाल खेतान, अक्षय कुमार, आशीष आदर्श एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# पौधारोपण हमारी संस्कृति बने : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा एक प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने इंसुलिन, अश्वगंधा, बेल, सदाबहार, पिटूनिया, गुलाब, बोगनविलिया तथा कैक्टस सहित विभिन्न औषधीय एवं सजावटी पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित न होकर पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को विकसित करना एवं भावी शिक्षकों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जागृत करना था।




प्रशिक्षुओं ने प्रत्येक पौधे के औषधीय, पर्यावरणीय एवं सामाजिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए यह संदेश दिया कि पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के स्वास्थ्य और संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश (सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी) ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि 'पर्यावरण संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। औषधीय एवं उपयोगी पौधों का रोपण मानव और प्रकृति के सह-अस्तित्व का प्रतीक है। यदि हम आज पौधों का संरक्षण करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान कर सकेंगे। इसलिए पौधा रोपण हमारी संस्कृति बनें' उन्होंने प्रशिक्षुओं को पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया तथा वर्टिकल प्लांटेशन जैसी आधुनिक तकनीकों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विजय प्रकाश, सचिव (वित्त) डॉ. नीरज सिन्हा, निदेशक (शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय) डॉ. मृदुला प्रकाश, प्राचार्य डॉ. पूनम वर्मा, संयुक्त सचिव अवधेश के. नारायण तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण की सक्रिय सहभागिता रही।

# राजद परिवार के नेताओं ने दी रामनवमी की बधाई व शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बिनु यादव, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, संजय यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, शिवचंद्र राम, इसराइल मंसूरी, सुरेश पासवान, विधान पार्षद कारी मो. शोहैब, रिंकू यादव सहित राजद परिवार के नेताओं ने रामनवमी पर देशवासियों और बिहारवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# रामनवमी की पावन संध्या पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने जगाई उम्मीद और आत्मनिर्भरता की लौ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा / वैशाली।** रामनवमी की पावन संध्या पर जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में भक्ति, भावना और प्रेरणा का अद्भुत संगम देखने को मिला जैसे ही संध्या की आरती का समय हुआ, पूरा संस्थान दीपों की रोशनी और 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। वातावरण इतना भावनात्मक था कि हर उपस्थित व्यक्ति के मन में नई ऊर्जा और उम्मीद का संचार हो गया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि



संघर्ष, धैर्य और कर्तव्यनिष्ठा की सबसे बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि ल्लजिस प्रकार भगवान राम ने कठिन परिस्थितियों में भी अपना मार्ग नहीं छोड़ा, उसी प्रकार हमें भी जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबराना नहीं चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कई छात्रों ने अपने संघर्षों और सपनों को साझा किया। किसी ने आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद पढ़ाई जारी रखने की बात कही तो किसी ने अपने परिवार के सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया। इन सच्ची कहानियों ने माहौल को और भी भावुक बना दिया। संस्थान द्वारा यह संदेश दिया गया कि कैरियर मिशन केवल एक प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि उन सपनों का मंच है जहां हर युवा को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। यहां शिक्षा के साथ आत्मविश्वास, अनुशासन और जीवन के मूल्यों को भी विकसित किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में राम के आदर्शों को अपनाते हुए एक बेहतर और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर कदम बढ़ाएंगे।

# ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई समिट 2026 में महिला नेतृत्व और नवप्रवर्तन को मिला बढ़ावा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई समिट 2026 के छठे संस्करण में नवप्रवर्तन, विज्ञान और उद्यमशीलता में महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और खेल एवं युवा मामलों की राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के विजन में महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। ब्रिक्स और साझीदार देशों में उद्यमशीलता, व्यापार और कारोबार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक गैर लाभकारी संगठन ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ने ब्रिक्स डब्लूबीए के सहयोग से विमेन इन इनोवेशन, साइंस लीडरशिप, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (वाइज) - इंस्पायरिंग चेंज, शेपिंग टुमारो, थीम पर तीन दिवसीय समिट का आयोजन किया।

# मगही भाषा-संस्कृति के संरक्षण को नई ऊर्जा देगा 'मगही महोत्सव'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्राचीन मगध की समृद्ध लोकभाषा, गहन साहित्य, जीवंत संस्कृति और मधुर संगीत को एक मंच पर लाकर नई पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से राजधानी पटना में 28 तथा 29 मार्च 2026 को 'मगही महोत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का स्थल बापू टावर, गर्दनीबाग निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति के संयोजक रविशंकर उपाध्याय, उज्ज्वल कुमार तथा विजेता चंदेल ने बताया कि पाटलिपुत्र की पावन भूमि पर आयोजित यह महोत्सव मगही भाषा के संवर्धन, संरक्षण तथा व्यापक प्रसार की दिशा में एक सार्थक और सशक्त पहल है।




महोत्सव में विचार-विमर्श, परिचर्चाएं, लोकगायन, फोटो प्रदर्शनी, कवि सम्मेलन, फिल्म महोत्सव तथा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मगही की अनुपम परंपरा को युवा पीढ़ी के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। मगही फिल्म फेस्टिवल में 50 से अधिक लघु फिल्मों की इंट्री आई है। इनमें से तीन श्रेष्ठ फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा। दो दिवसीय मगही महोत्सव का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, आइएएस महेंद्र कुमार, पदम पुरस्कार से सम्मानित आनंद कुमार समेत मगह की कई नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। महोत्सव का शुभारंभ गया घराने की गायकी से होगा। पहले दिन का समापन चंदन तिवारी की मगही गीतों से होगा। दूसरे दिन की शुरुआत गया घराने की गायकी के इतिहास पर चर्चा के साथ होगी। महोत्सव की शुभारंभ प्रातः 10 बजे उद्घाटन सत्र से होगा। तत्पश्चात 10:15 से 11 बजे तक गया घराने के प्रख्यात गायकों द्वारा मगही संगीत की मधुर प्रस्तुति दी जाएगी। 11 बजे से 12 बजे तक 'मगही भाषा का उत्थानः चुनौतियां एवं समाधान' विषयक परिचर्चा आयोजित होगी जिसमें शिक्षा जगत तथा साहित्य के विद्वान अपने विचार रखेंगे।

# पटना और गया के बीच स्पेशल ट्रेन के परिचालन से यात्री हो रहे लाभान्वित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** दानापुर मंडल सदैव अपने यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखता है। इसी क्रम में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा पटना और गया के मध्य अतिरिक्त रेल सेवा उपलब्ध कराते हुए एक जोड़ी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 03611/03612 का परिचालन प्रारंभ किया गया है। यह पैसेंजर स्पेशल पटना और गया के मध्य सभी हाल्ट/स्टेशनों पर रूकती है। इस पैसेंजर स्पेशल में साधारण श्रेणी के 20 एवं एसएलआर के 02 कोच सहित टोटल 22 कोच हैं जिसमें शौचालय भी उपलब्ध है। इस रेल सेवा से अन्य यात्रियों के साथ ही दैनिक यात्री विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। इस ट्रेन को गाड़ी सं. 03612 गया-पटना स्पेशल के रूप में 24.03.2026 से 06.04.2026 तक प्रतिदिन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन गया से प्रातः 5.00 बजे खुलकर सभी हाल्ट/स्टेशनों पर रुकते हुए 8.00 बजे पटना पहुंचती है। इसी तरह वापसी में गाड़ी सं. 03611 पटना-गया स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है जो पटना से 17.15 बजे खुलकर सभी हाल्ट/स्टेशनों पर रुकते हुए 20.35 बजे गया पहुंचती है। इन ट्रेनों के परिचालन से दैनिक यात्रियों जिसमें सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, विद्यार्थी तथा अन्य संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं को विशेष राहत मिल रही है।

# संजीवनी लाइफ केयर हॉस्पिटल ने 16वां वर्षगांठ मनाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** संजीवनी लाइफ केयर हॉस्पिटल ने अपनी 16वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई जिसमें अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मरीजों और उनके परिजनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया तथा सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की गई। संजीवनी लाइफ केयर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुदीश कुमार ने इस मौके पर पिछले



वर्षों की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि संस्थान ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य किया है। विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष अब तक 374 सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किडनी स्टोन एवं अन्य मूत्र रोग से पीड़ित मरीजों का पिछले एक वर्ष में सफलतापूर्वक लेजर द्वारा बिना चीर फार के सफल इलाज किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संजीवनी लाइफ केयर हॉस्पिटल बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# बैंक ऑफ बड़ौदा की भदसारा शाखा, दुल्हिन बाजार का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा की भदसारा शाखा, दुल्हिन बाजार का शुभारंभ किया गया। शाखा का उद्घाटन सुब्रत कुमार स्वाईं (महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल) द्वारा किया गया। इस अवसर पर नलिन कुमार (क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र), संजय कुमार राय (उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र) सहित बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य तथा बिहार पुलिस से पालीगंज डीएसपी पंकज कुमार शर्मा एवं अन्य पुलिस कर्मी और बड़ी संख्या में ग्राहकगण उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचल प्रमुख ने बैंक ऑफ बड़ौदा



पटना अंचल की 336वीं एवं पटना क्षेत्र की 59वीं शाखा को ग्राहकों को समर्पित किया एवं उन्हें आश्वस्त किया कि बैंक इस शाखा के माध्यम से ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से अनुरोध किया है कि वे बैंक से जुड़कर अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करें।

# मां वैष्णो देवी सेवा समिति ने किया नवरात्र पर भजन संध्या का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति, पटना के तत्वावधान में मां ब्लड सेंटर में शारदीय नवरात्र एवं चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर नवरात्र के चौथे दिन भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य कन्हैया अग्रवाल कन्नू ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा



प्रत्येक वर्ष शारदीय एवं चैत्र नवरात्र के दौरान यह आयोजन किया जाता है जिसमें भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। भजन संध्या में पटना की सुप्रसिद्ध भजन गायिका एवं गायक करिश्मा शर्मा, कोमल देवड़ा, संध्या टेकरीवाल, शुभम शर्मा, रेखा मोहिनी बंसल एवं अर्चना टिबरेवाल ने एक से बढ़कर एक माता के भजनों की प्रस्तुति दी जिससे उपस्थित भक्तगण मंत्रमुग्ध हो गए। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं जैसे श्री

# संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट का धर्म-जाति पर अहम फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर धर्म परिवर्तन करने पर व्यक्ति अनुसूचित जाति (एससी) का सदस्य नहीं रहेगा। फैसला संविधान (एससी) आदेश, 1950 पर आधारित है। कोर्ट ने आरक्षण लाभ के दुरुपयोग पर चिंता जताई। हालांकि, धर्म बदलने के बाद भी जातिगत भेदभाव खत्म न होने की सामाजिक बहस जारी रहने की बात सामने आई। ुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में स्पष्ट कर दिया कि अगर कोई शख्स हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। आंध्र प्रदेश के एक पादरी से जुड़े मामले में आए फैसले के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक मायने हैं। शीर्ष अदालत के फैसले का आधार कंसेंटीट्यूशन शेड्यल कास्ट आर्डर 1950 है। इस आदेश का क्लॉज 3 कहता है कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म को मानने वाले ही स्ट श्रेणी में आ सकते हैं। धर्म परिवर्तन और जाति से जुड़ी यह बहस बहुत पुरानी है। इसके दो पहलू हैं। एक, जिन धर्मों में जाति व्यवस्था नहीं है, उन्हें अपनाकर फिर जाति से जुड़े लाभ कैसे लिए जा सकते हैं। पिछले साल दिसंबर में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि जिन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया है, उन्होंने स्ट से जुड़े लाभ छोड़ दिए हों। तब हाईकोर्ट ने कहा था कि धर्म परिवर्तन के बाद भी एससी कम्युनिटी को मिलने वाले फायदे लेते रहना संविधान के साथ धोखा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पास इस तरह की कई शिकायतें हैं और उसने पिछले साल देशभर में जांच भी शुरू की थी। कुल मिलाकर मंशा यह है कि संविधान के तहत मिले अधिकार का दुरुपयोग न होने पाए। हालांकि देश में जाति से जुड़ा सवाल बहुत टेढ़ा है। सामाजिक स्तर पर हमेशा से यह बहस का विषय रहा है कि क्या धर्म बदलने भर से जातिगत भेदभाव खत्म हो जाता है? ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जिनमें दलित समुदाय के लोगों को दूसरा धर्म अपनाने के बाद भी भेदभाव का सामना करना पड़ा। पिछले साल मार्च में ही तमिलनाडु के कुछ ईसाई परिवारों, जो पहले दलित थे, ने आरोप लगाया था कि उनके साथ समान व्यवहार नहीं होता।

*शीर्ष न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति (एससी) के अंतर्गत मिलने वाले आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं को मिलेगा जो मूल रूप से उस सामाजिक-धार्मिक श्रेणी में बने रहते हैं। यदि कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर लेता है, तो वह स्वतः उस आरक्षण के अधिकार से वंचित हो सकता है, क्योंकि यह आरक्षण ऐतिहासिक सामाजिक वर्गीकरण के आधार पर दिया गया है। यह निर्णय केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता को, सामाजिक संरचना को व हिंदुत्व के विरुद्ध चल रहे कुचक्र को रोकने वाला महत्वपूर्ण कदम है। स्वामी विवेकानंद ने धर्मांतरण की आग की आँच को भाँपकर ही कहा था - एक धर्मांतरण एक देशद्रोही को जन्म देता है। भारत में विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारतीय जाति व्यवस्था को षड़यंत्रपूर्वक छिन्न-भिन्न किया गया था। विदेशी आक्रमणकारी चाहे वे मुस्लिम हों या अंग्रेज़ अपने लाभ के लिए भाले-भाले हिंदू समाज में जातियों के आधार पर मतभेद के बीज बोते रहे हैं और सत्ता की फसल काटते रहे हैं। विदेशी आक्रणताओं के षड्यंत्रों के परिणाम स्वरूप ही पराधीन भारत में कई जातियों को हिंदू समाज में घोर उपेक्षा, अनदेखी, अनादरण व अपवंचन का करना पड़ा था।*

# अनुसूचित जाति आरक्षण– जनजातीय बिना अधूरा है पर अच्छा है सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय

**(प्रवीण गुगनानी)**



सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है कि जब कोई व्यक्ति धर्म बदलता है, तो वह उस मूल सामाजिक ढांचे से बाहर आ जाता है, जिसके कारण उसे आरक्षण दिया गया था। यह सही भी है। विदेशी धर्मों को मानने वाले कई लोग धर्म बदलकर भी आरक्षण का लाभ उठा रहे थे जो कि आरक्षण कानून की मूल आत्मा के ही विरुद्ध है।

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति के संदर्भ में अत्यंत ही महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। इस निर्णय से धर्मांतरण के अवैध व असामाजिक कृत्यों से देश को अंशतः मुक्ति मिलेगी। यद्यपि यह निर्णय अभी अधूरा है, जनजातीय समाज को भी इस निर्णय में सम्मिलित करने से ही देश आरक्षण के दुरुपयोग को रोक पायेगा, तथापि, इस निर्णय से भारत में आरक्षण कानून की आत्मा की अंशतः रक्षा तो होगी ही। यद्यपि यह निर्णय समय की माँग के अनुसार जनजातीय वर्ग को अपने प्रभाव में नहीं ले रहा है तथापि इस प्रकार के निर्णय की प्रतीक्षा देश का अनुसूचित जनजातीय समाज बड़ी आतुरता से कर रहा है।

शीर्ष न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति (एससी) के अंतर्गत मिलने वाले आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं को मिलेगा जो मूल रूप से उस सामाजिक-धार्मिक श्रेणी में बने रहते हैं। यदि कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर लेता है, तो वह स्वतः उस आरक्षण के अधिकार से वंचित हो सकता है, क्योंकि यह आरक्षण ऐतिहासिक सामाजिक वर्गीकरण के आधार पर दिया गया है।

यह निर्णय केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता को, सामाजिक संरचना को व हिंदुत्व के विरुद्ध चल रहे कुचक्र को रोकने वाला महत्वपूर्ण कदम है। स्वामी विवेकानंद ने धर्मांतरण की आग की आँच को भाँपकर ही कहा था - एक धर्मांतरण एक देशद्रोही को जन्म देता है।

भारत में विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारतीय जाति व्यवस्था को षड़यंत्रपूर्वक छिन्न-भिन्न किया गया था। विदेशी आक्रमणकारी चाहे वे मुस्लिम हों या अंग्रेज़ अपने लाभ के लिए भाले-भाले हिंदू समाज में जातियों के आधार पर मतभेद के बीज बोते रहे हैं और सत्ता की फसल काटते रहे हैं। विदेशी आक्रणताओं के षड्यंत्रों के परिणाम स्वरूप ही पराधीन भारत में कई जातियों को हिंदू समाज में घोर उपेक्षा, अनदेखी, अनादरण व अपवंचन का करना पड़ा था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है कि जब कोई व्यक्ति धर्म बदलता है, तो वह उस मूल सामाजिक ढांचे से बाहर आ जाता है, जिसके कारण उसे आरक्षण दिया गया था। यह सही भी है। विदेशी धर्मों को मानने वाले कई लोग धर्म बदलकर भी आरक्षण का लाभ उठा रहे थे जो कि आरक्षण कानून की मूल आत्मा के ही विरुद्ध है।

सर्वोच्च न्यायालय ने यह मंतव्य प्रकट किया है कि ईसाईत व इस्लाम में जाति व्यवस्था का उल्लेख ही नहीं है अतः जातिगत भेद-विभेद भी इन धर्मों में नहीं होते हैं। यह निर्णय ईसाई एवं इस्लामिक की मान्य मजहबी किताबों के आशय / दुराशय को ही आगे बढ़ाता है। बौद्ध, जैन, सिक्ख समुदाय को आरक्षण का लाभ पूर्ववत् मिलता रहेगा क्योंकि इनमें जाति व्यवस्था लागू है।

भारतीय समाज में मंथन चलता रहा है कि धर्मांतरण केवल आस्था का विषय है या इसके पीछे सामाजिक, आर्थिक और संस्थागत कारण भी काम करते हैं। अधिकांश धर्म परिवर्तन के मामलों में यह देखा गया है कि गरीब और वंचित वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार या अन्य सुविधाओं के माध्यम से प्रभावित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है। मतांतरण के पीछे केवल और केवल दुराशय ही होते हैं।

यह और कुछ नहीं अपितु भारत में जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ कर अपनी संख्या बढ़ाने समाज, सत्ता, व्यवस्था को मजहबी कानून से चलाने का एक षड्यंत्र है। लोकतंत्र में संख्या बल ही सत्ता को निर्धारित, नियंत्रित व नियमित करता है। धर्मांतरण कुचक्र का लक्ष्य अपनी संख्या बढ़ाने और टेक्टिकल वोटिंग के माध्यम से निर्णय प्रक्रिया में हावी होने का रहता है।

इस विषय में यह भी ध्यान देना चाहिए कि दो कथित धर्म की मूल व्याख्याओं में ही अपनी संख्या को येन केन प्रकारेण बढ़ाने का मूल लक्ष्य सम्मिलित है। यह एक प्रामाणिक तथ्य है जिसे हम इनकी मजहबी किताबों में सरलता दे देख सकते हैं। यहीं से मतांतरण एक राष्ट विरोधी कार्य बन जाता है। भारत में ईसाईयत एवं इस्लाम की विस्तारवादी दुष्प्रवृत्ति मतांतरण का प्रमुख कारण है। ईसाईयत एवं इस्लाम दुष्प्रवृत्ति ने भारत के जातीय वर्गीकरण में असंतोष, भेद, विभेद, मतभेद, दूरियों के बीज बोए और सत्ता हथियाकर भारतीय धन-संपदा, संसाधनों को भरपूर लूटा है।

सर्विदित है कि भारत में निर्धन वर्ग को व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के बंधुओं को लक्ष्य बनाकर ईसाई व मुस्लिम संस्थानों द्वारा धर्मांतरण कराया जा रहा है। यह धर्मांतरण लव जिहाद, लैंड जिहाद आदि जैसे आपराधिक तरीकों से कराया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी, कुछ सुविधाएँ, आदि देने के नाम पर बलात् मतांतरण के लाखों मामले देश के वायुमंडल में विष घोलते रहे हैं। डरा-धमकाकर, बहला-फुसलाकर भारतीय ग्रामीणों भी मतांतरण कराए जाने के लाखों मामले प्रतिवर्ष समाज में आते रहे हैं।

इस प्रकार के मामले सामने आने पर देश में अनेक बार सामाजिक शांति, सौहाद्र, सद्भाव बिगड़ता है व कानून व्यवस्था भंग होती है। मतांतरण के कारण देश में झगड़े, दंगे, बवाल होते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से आरक्षण का लाभ समाप्त होने के भय से मतांतरण की गति कम होगी।

यह निर्णय सुनिश्चित करता है कि आरक्षण का लाभ उसी उद्देश्य के लिए उपयोग हो, जिसके लिए उसे बनाया गया था।

स्वाभाविक ही है कि धर्म परिवर्तन के साथ व्यक्ति का सामाजिक नेटवर्क, संस्थागत समर्थन और जीवनशैली बदल सकती है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या वह पहले जैसी सामाजिक वंचना का सामना कर रहा है या नहीं?

इस निर्णय का स्वागत समूचा देश कर रहा है किंतु इसमें अभी कुछ और सुधार होना शेष है। स्ट के साथ-साथ यह नियम स्त्र पर भी लागू होना चाहिए था। देश का जनजातीय समाज भी इन विदेशी व आयातित धर्मों के दुश्चक्र का बड़ा शिकार रहा है। देश का इतिहास साक्षी है कि वनवासी समाज को बड़ी मात्रा में शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक लालच, लव जिहाद, लैंड जिहाद, डरा-धमकाकर मतांतरण के कुएँ में धकेला जाता रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय को इस वन्दनीय निर्णय के आलोक में जनजातीय आरक्षण, मतांतरण आदि का अध्ययन करके स्वयं ही संज्ञान लेना चाहिए।

यदि शीर्ष न्यायालय ऐसा करता है तो देश में आरक्षण का लाभ

# ‘धर्म बदला तो जाति का हक़ भी गया?’ : ताज़ा निर्णय पर बहस



**डॉ. अमित कुमार**

24 मार्च 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने एक अहम फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति (स्ट) का दर्जा केवल हिन्दू, सिख और बौद्ध धर्म के अनुयायियों को ही प्राप्त हो सकता है। यदि कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म अपनाता है, तो उसे अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूर्ण रूप से खोना पड़ेगा।

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 की धारा 3 में यही प्रावधान है, और न्यायालय ने इसे संविधान की मूल भावना के अनुरूप बताया। लेकिन सवाल यह है कि क्या धर्म परिवर्तन करने से जाति-आधारित भेदभाव समाप्त हो जाता है? समाजशास्त्रियों के अध्ययन और नेशनल कमीशन फॉर माइनॉरिटीज की रिपोर्टें बताती हैं कि ईसाई और मुस्लिम समुदायों में भी जाति-आधारित पहचान और भेदभाव मौजूद है।

इतिहास में डॉ. भीमराव अंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाकर लाखों दलितों को प्रेरित किया। उनका मानना था कि धर्म परिवर्तन से सम्मानजनक जीवन की राह खुल सकती है। लेकिन यदि धर्म परिवर्तन करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा ही समाप्त हो जाए, तो यह अंबेडकर की दृष्टि से अलग प्रतीत होता है।

आँकड़े भी यही संकेत देते हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की 2020 की रिपोर्ट के अनुसार अनुसूचित जाति समुदायों में गरीबी का स्तर 31% है। ऑक्सफैम इंडिया की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि दलितों को शिक्षा और रोजगार में गंभीर असमानताओं का सामना करना पड़ता है। ईसाई और मुस्लिम दलितों पर किए गए सर्वेक्षणों में भी यही पाया गया कि उन्हें सामाजिक भेदभाव और आर्थिक वंचना से मुक्ति नहीं मिली है।

विद्वानों की राय भी इस मुद्दे पर विभाजित है। गेल ओम्वेट का कहना है कि धर्म परिवर्तन से दलितों की स्थिति नहीं बदलती, क्योंकि जाति भारतीय समाज की गहरी संरचना है। कंवल भारती मानते हैं कि धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों को आरक्षण से वंचित करना सामाजिक न्याय की अवधारणा को कमजोर करता है। वहीं कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि न्यायालय का निर्णय संविधान की व्याख्या के अनुरूप है, लेकिन सामाजिक वास्तविकताओं से टकराता है।

केरल और तमिलनाडु के ईसाई दलितों ने बार-बार यह तर्क दिया है कि वे भी उसी सामाजिक भेदभाव का सामना करते हैं जो हिन्दू दलितों को करना पड़ता है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुस्लिम दलितों ने भी शिक्षा और रोजगार में समान अवसर न मिलने की शिकायत की है।

इसलिए आलोचना का केंद्र न्यायालय नहीं, बल्कि वह सामाजिक संरचना है जो धर्म और जाति को एक-दूसरे से बाँधकर देखती है। यदि समाज में जाति का प्रभाव धर्म से परे जाकर भी मौजूद है, तो फिर आरक्षण और सामाजिक सुरक्षा को धर्म की सीमाओं में क्यों बाँधा जाए?

संभावित समाधान यही हो सकता है कि अनुसूचित जाति की परिभाषा को धर्म से अलग कर केवल सामाजिक और आर्थिक वंचना के आधार पर तय किया जाए। धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों को भी वही अधिकार दिए जाएँ जो हिन्दू, सिख और बौद्ध धर्मावलंबियों को प्राप्त हैं। सामाजिक न्याय की नीतियों को अधिक समावेशी बनाया जाए।

निष्कर्षतः, सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय संविधान की व्याख्या पर आधारित है, लेकिन इससे सामाजिक न्याय की व्यापक अवधारणा पर नए प्रश्न खड़े हुए हैं। अब यह बहस समाज और नीति-निर्माताओं के सामने है कि अनुसूचित जाति का दर्जा धर्म से जुड़ा रहना चाहिए या इसे सामाजिक वास्तविकताओं के आधार पर पुनर्परिभाषित किया जाना चाहिए। ( लेखक बीडी कॉलेज , पटना के हिन्दी विभाग में सहायक प्राध्यापक हैं )

# ‘लाखों बिना वोट के’ - एसआईआर के बाद उभरा असहज सच, क्या हम सब मतदाता हैं

**हर पांच साल में एक बार लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के लिए चुनाव होते थे। लोग वोट डालने के लिए उमड़ पड़ते थे, लेकिन कुछ ही लोग कानून, नियमों, व्यवस्थाओं, तैयारियों और उस प्रक्रिया के बारे में जानते थे, जिससे चुनाव का नतीजा निकलता था। अगर किसी को मतदाता सूची में अपना नाम मिल जाता था, तो वह वोट डाल सकता था। लाखों लोगों ने वोट डाला और हजारों ने नहीं डाला। किसी भी चुनाव क्षेत्र में जो भी उम्मीदवार चुनाव जीतता था, मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा उसे स्वीकार कर लेता था और आगे बढ़ जाता था।**

**(पी. चिदंबरम)**

यह तय करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी थी कि लोगों को वयस्क मताधिकार के आधार पर मतदाता सूची में शामिल किया जाए। भारतीय गणराज्य के इतिहास के लगभग चार दशकों तक बहुत कम लोगों ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआइ) पर ध्यान दिया। ऐसे लोगों की संख्या भी कम थी, जो भारत के संविधान के भाग पंद्रह में दिए गए प्रावधानों के बारे में जानते थे।

हर पांच साल में एक बार लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के लिए चुनाव होते थे। लोग वोट डालने के लिए उमड़ पड़ते थे, लेकिन कुछ ही लोग कानून, नियमों, व्यवस्थाओं, तैयारियों और उस प्रक्रिया के बारे में जानते थे, जिससे चुनाव का नतीजा निकलता था। अगर किसी को मतदाता सूची में अपना नाम मिल जाता था, तो वह वोट डाल सकता था। लाखों लोगों ने वोट डाला और हजारों ने नहीं डाला। किसी भी चुनाव क्षेत्र में जो भी उम्मीदवार चुनाव जीतता था, मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा उसे स्वीकार कर लेता था और आगे बढ़ जाता था।

हिंसा या किसी और के बदले वोट डालने की कुछ घटनाओं को छोड़ कर चुनाव ज्यादातर शांतिपूर्ण होते थे। हालांकि ऊपरी तौर पर शांत दिखने के पीछे कई अन्याय छिपे थे। बड़ी संख्या में लोगों को मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाता था। मतदाताओं के बड़े हिस्से को वोट डालने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने से रोका जाता था–खासकर दलितों, आदिवासियों को, जिन इलाकों में कोई एक समुदाय हावी होता था, वहां के पिछड़े समुदायों के लोगों को और धार्मिक अल्पसंख्यकों को। कुछ दिनों तक इस पर खूब हंगामा होता था, लेकिन जल्द ही यह शांत हो जाता था।

**एक योद्धा का आगमन** – भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआइ) का प्रतिनिधित्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) करते थे। सीईसी एक प्रतिष्ठित जन सेवक होते थे, लेकिन कुल मिलाकर वे गुमनाम और चुप रहते थे।



सीईसी शायद ही कभी विवादों या अदालतों में घसीटे जाते थे। सीईसी के सुर्खियों में आने के जो मामले सामने आए, वे तब हुए, जब पार्टियां टूट जाती थीं और आरक्षित चुनाव चिह्नों को लेकर झगड़े होते थे।

टीएन शेषण को 1990 में सीईसी नियुक्त किया गया और उन्होंने संविधान के भाग पंद्रह में नई जान डाल दी। उन्होंने कानूनों, नियमों और निर्देशों का सख्ती से पालन कराया। साथ ही ईसीआइ और उसकी व्यापक शक्तियों के बारे में लोगों को जागरूक किया। शेषण ने सुप्रीम कोर्ट में मामले दायर किए और ऐसे फैसले करवाए, जो बाद में बाध्यकारी नियम बन गए। वे पूरी तरह से निष्पक्ष थे, किसी का पक्ष नहीं लेते या विरोध नहीं करते थे। और वे एक लोकनायक बन गए। अन्य प्रतिष्ठित सीईसी में जेएम लिंग्दोह, टीएस कृष्णमूर्ति, दिवंगत नवीन चावला और एसवाई कुरैशी शामिल थे। गिरावट पिछले दशक में शुरू हुई और सीईसी विवादों में घिरने लगे।

**एसआइआर के साथ शरारत** – 2025-26 में हुए ‘विशेष गहन पुनरीक्षण’ (एसआइआर) ने सीईसी की निष्पक्षता को तार-तार कर दिया। संविधान के अनुच्छेद 326 के मुताबिक, ‘चुनावज्वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे। यानी, हर वह व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और जिसकी उम्र अठारह वर्ष से कम नहीं है, ऐसे किसी भी चुनाव में मतदाता के तौर पर पंजीकृत होने का हकदार होगा।’ यहां जोर वयस्क मताधिकार, नागरिक और मतदाता के तौर पर पंजीकृत होने के हकदार होने पर है।

इन शब्दों का सीधा-सा मतलब यह है कि मतदाता सूचियों में देश की वयस्क आबादी शामिल होनी चाहिए, सिवाय उसके जो भारत का नागरिक न हो। आमतौर पर हर राज्य की अद्यतन मतदाता सूचियों में मतदाताओं की कुल संख्या उस राज्य की वयस्क आबादी के लगभग बराबर होनी चाहिए। अगर हर दस साल में जनगणना होती, तो वयस्क आबादी की गिनती एकदम सही होती। दुर्भाग्य से भारत में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। हालांकि आबादी का अनुमान लगाने के लिए उन्नत सांख्यिकीय उपकरण मौजूद हैं, और इन उपकरणों का इस्तेमाल विशेषज्ञ संस्थाएं करती हैं। इसलिए यह बात तर्कसंगत है कि किसी राज्य की अद्यतन मतदाता सूचियों में मतदाताओं की कुल संख्या उस राज्य की वयस्क आबादी के अनुमान के लगभग बराबर होनी चाहिए।

एसआइआर के बाद की मतदाता सूचियों ने एक चौंकाने वाली अप्रिय बात सामने रखी है। योगेंद्र यादव ने यह दिखाया कि एसआइआर के बाद की मतदाता सूचियों में दर्ज संख्या और राज्यों में वयस्क आबादी की अनुमानित संख्या के बीच का अंतर आश्चर्यजनक रूप से ज्यादा है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि एसआइआर समावेशी नहीं था और इसने लाखों वयस्क नागरिकों को मतदाता सूची से बाहर छोड़ दिया।

**विपरीत परिणाम** – आदर्श स्थिति में सभी पंक्तियों के अंतिम कालम में 100 फीसद होना चाहिए, लेकिन हम एक आदर्श दुनिया में नहीं रहते। सरकार, राजनीतिक दलों और नागरिक समूहों के ईमानदारी से किए गए प्रयासों के बावजूद कुछ वास्तविक वयस्क नागरिक मतदाता सूची से छूट सकते हैं। हालांकि एसआइआर प्रक्रिया के दौरान साफतौर पर इस तरह के प्रयास की कमी दिखी। इसकी तुलना संयुक्त राज्य अमेरिका में ‘नागरिक अधिकार अधिनियम, 1964’ के तहत किए गए उस प्रयास से करें, जिसका उद्देश्य अवैध आधार पर बाहर कर दिए गए अश्वेत अमेरिकियों को मतदाता सूची में शामिल करना था। यह सुनिश्चित करना ईसीआइ की जिम्मेदारी थी कि लोगों को वयस्क मताधिकार के आधार पर मतदाता सूची में शामिल किया जाए। इसके विपरीत, एसआइआर के तहत ईसीआइ ने एक द्वेषपूर्ण रवैया अपनाया और नागरिकता साबित करने का बोझ मतदाताओं पर डाल दिया। जो लोग ऐसा करने में असमर्थ रहे, उन्हें तुरंत मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### संकुल स्तर पर हुआ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, परीक्षा में कक्षा 3 से 8 के 10499 बच्चे हुए थे शामिल

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढने वाले वर्ग 3 से 8 के छात्र- छात्राओं की हुई वार्षिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं का सभी संकुलों में केन्द्र बनाकर मूल्यांकन का कार्य संपन्न हो गया। 19 से 24 मार्च तक चलने वाले मूल्यांकन में 10499 छात्र-छात्राओं के उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर मूल्यांकन किया गया। सदानंद उच्च विद्यालय डुमरिया में संकुल संचालक डा.राघवेन्द्र कुमार



झा एवं समन्वयक समन्वयक सुमन कुमार की निगरानी में अरुण कुमार राय,किशोर कुमार झा,शिवानी कुमारी,आनंद कुमार,सोनम कुमारी,सुमित कुमार आनंद, संजीव सिन्हा आदि शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करते देखे गये।इस बाबत बीडीओ सह प्रभारी बीईओ शुभम प्रकाश ने बताया कि वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा में 11217 छात्र शामिल हुए।वर्ग 1 एवं 2 के 716 बच्चों की मौखिक परीक्षा ली गई।जबकि शेष बच्चे लिखित परीक्षा में शामिल हुए।उन्होंने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का कार्य सभी संकूलों को केन्द्र बनाकर पूरा कर लिया गया है।

### सुजापुर से निकली शोभायात्रा में शिव मंदिर फाउंडेशन गौरीधाम के रामभक्तों ने दिखाया जलवा

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को सुजापुर से भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। शोभायात्रा की शुरूआत सुजापुर स्थित हनुमान मंदिर से हुई। जिसका नेतृत्व मंदिर कमिटी के पदाधिकारी, बजरंग दल,पंचायत के गणमान्य लोग कर रहे थे।इसी क्रम में शिव मंदिर फाउंडेशन गौरीधाम के बैनर तले संस्थापक एवं संयोजक ई० विकास तिवारी के नेतृत्व में रामनवमी शोभा यात्रा बलुआ राधा कृष्ण हनुमान मंदिर से गौरीडीह से काली मंदिर काली स्थान



से घुसकी से निकला युवाओं का दल बलवा चौक पहुंचकर मुख्य शोभायात्रा में शामिल हो गया,जो कि सुजापुर तक गई। युवाओं ने यात्रा के दौरान विभिन्न करतब प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया और माहौल को उत्साह से भर दिया। शोभायात्रा में बरारी विधायक विजय सिंह निषाद, बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार,सुजापुर सरपंच सतेंद्र पंडित, बजरंग दल के राजीव भगत,मनोरंजन पाल,मनोज भगत,मानवाधिकार प्रखंड सचिव धनजीत यादव,समाजसेवी उज्ज्वल सिंह,उमेश चन्द्र यादव,प्रशांत चौहान, सुनिल मंडल,अमन साह,विशाल चौहान,राम आशीष चौहान, शरद चौधरी,सुजित चौहान सहित सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय महिलाओं ने घरों की छतों से पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया। वहीं कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए नाश्ता, फल, शरबत और शीतल पेयजल की व्यवस्था भी की गई। पूरे आयोजन के दौरान ॒जय श्रीराम॓, ॒भारत माता की जय॓, ॒हर घर भगवा छाएगा॓, ॒राम राज्य फिर आएगा॓ और ॒गर्व से कहो हम हिन्दू हैं॓ जैसे नारों से वातावरण गूंजायमान रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

### नैयाडाबर पुल निर्माण में अनियमितता का आरोप, फॉरवर्ड ब्लॉक ने उठाए सवाल

**गिरिडीह (नबिटासं)।** बेंगाबाद ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की एक टीम ने बेंगाबाद प्रखंड के भलकुदर पंचायत स्थित नैयाडाबर बिजलीबथान निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद टीम ने पुल निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे ॒विकास के नाम पर लूट॓ करार दिया।फॉरवर्ड ब्लॉक नेताओं ने कहा कि खुरचुट्टा-लुप्पी रोड पर स्थित पुराना पुल कई वर्ष पहले भारी बारिश में ध्वस्त हो गया था। लंबे समय से इस पुल के निर्माण की मांग की जा रही थी। उन्होंने स्थानीय विधायक द्वारा पुल निर्माण की स्वीकृति दिलाने की सराहना की, लेकिन साथ ही निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी पर गहरी नाराजगी जताई नेताओं ने आरोप लगाया कि पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड का स्तर पुल से नीचे छोड़ा गया है, जिससे आवागमन में परेशानी होगी और भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहेगी निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए बताया गया कि डेक स्लैब पर वेयरिंग कोट डालने के लिए इस्तेमाल की जा रही लोहे की छड़ें निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं हैं। आरोप है कि जहां 8 एमएम की छड़ें लगनी चाहिए थीं, वहां पतली छड़ों का उपयोग किया जा रहा है और उन्हें भी तय दूरी से अधिक गैप देकर बांधा गया है। ऐसे में पुल की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं फॉरवर्ड ब्लॉक नेता श्री यादव ने जिला प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में लिखित शिकायत भी की जाएगी तथा स्थानीय विधायक को भी अवगत कराया जाएगा।नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि बेंगाबाद-लुप्पी सड़क निर्माण में भी गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है, जहां पीसीसी सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो रही है निरीक्षण के दौरान फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुखदेव गोस्वामी और महादेव महतो सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गिरिडीह में जीएसटी में बड़े फजीवाड़े का आरोप, जांच की उठी मांग

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जिले में जीएसटी से जुड़े एक बड़े फजीर्वाड़े का मामला सामने आया है। इस संबंध में माले नेता राजेश सिन्हा ने गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जानकारी जल्द ही प्रेस के समक्ष विस्तार से रखी जाएगी सिन्हा ने आरोप लगाया कि लॉकडाउन से पहले जिन लोगों ने जीएसटी नंबर लिया था और बाद में उनका व्यवसाय बंद हो गया, उनके जीएसटी नंबर का दुरुपयोग किया जा रहा है। उनके अनुसार, जिन लोगों के माध्यम से पहले जीएसटी रिटर्न भरा जाता था, वही अब इन निष्क्रिय जीएसटी नंबरों का इस्तेमाल कर फर्जी लेन-देन दिखा रहे हैं उन्होंने बताया कि इन फर्जी ट्रांजैक्शनों में कहीं 2 करोड़, कहीं 2.5 करोड़ तो कहीं मामूली राशि के बिल बनाए जा रहे हैं। इसके बदले 10 से 20 प्रतिशत तक कमीशन लिया जाता है। इस तरह से एक संगठित तरीके से अवैध कमाई की जा रही है सिन्हा ने कहा कि जब इस फजीर्वाड़े का खुलासा होने की आशंका होती है, तो संबंधित व्यक्ति के खाते में 10 से 15 लाख रुपये डालकर ट्रांजैक्शन को रिवर्स कराया जाता है। लेकिन जब जीएसटी विभाग की ओर से नोटिस असली वेंडर के पास पहुंचता है, तो वह परेशान होकर इधर-उधर दौड़ने को मजबूर हो जाता है उन्होंने कहा कि इस पूरे खेल में असली जीएसटी धारक को अंधेरे में रखकर धोखाधड़ी की जा रही है, जबकि इस अवैध कारोबार से जुड़े लोग करोड़पति बनते जा रहे हैं राजेश सिन्हा ने बताया कि माले के पास ऐसे कई मामलों के उदाहरण सामने आए हैं। एक सप्ताह के भीतर जीएसटी कार्यालय रांची, गिरिडीह और कोडरमा के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों, विधायकों, उपायुक्त और एसडीएम को लिखित आवेदन दिया जाएगा। साथ ही, इस मामले में लीगल नोटिस भेजने की भी तैयारी की जा रही है उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# युवक की हत्या कर शव को तालाब में फेंका

## सिर एवं गर्दन पर तेज धारदार हथियार से किया वार, पुलिस कर रही छानबीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर (कटिहार)।** बलरामपुर थाना क्षेत्र के शरीफनगर पंचायत के लछौर में बुधवार की रात अज्ञात बदमाशों द्वारा एक युवक की हत्या कर तालाब में फेंक दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। मृतक की पहचान सुनील कुमार महतो उर्फ मुन्ना (26) पिता भिखारी महतो साकिन लछोर थाना बलरामपुर के रुप में हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव से कुछ ही दुरी पर तालाब किनारे लोग शौच के लिए गया हुआ था।



इस दौरान तालाब किनारे शव देखकर हक्का बक्का रह गया और आसपास में मौजूद अन्य लोगों को शोर मचा कर बुलाने लगा। लोग पास में जाकर जब शव को देखा तो सन्न रह गया। फिर इस की सुचना अन्य ग्रामीणों के साथ साथ पुलिस को भी दी। परिजनों के अनुसार मृतक को किसी ने फोन कर के बलदियागाछी लछोर के बीच किसी बहाने से बुलाया था। जहां पीछे से उसके सिर एवं गर्दन पर तेज धारदार हथियार से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। बाद में शव को तालाब में फेंक दिया है। घटना स्थल से कुछ ही दुरी पर मृतक का बाइक भी खड़ा मिला है।वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि घटना को लेकर पुलिस गहन जांच पड़ताल कर रही है बहुत जल्द हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## ज्ञान प्रबंधन, संचार एवं मीडिया विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जीविका जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन इकाई कार्यालय सभागार में ज्ञान प्रबंधन,संचार एवं मीडिया विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उपस्थित कर्मियों को संचार एवं मीडिया के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करते हुए जीवन में संचार की अहमियत से अवगत कराया। तो सामाजिक और संगठनात्मक परिपेक्ष में मीडिया की भूमिका और



शुभारंभ डीआरडीए निदेशक सुदामा प्रसाद सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक इंद्र शेखर इन्दु, वरिष्ठ पत्रकार, संचार प्रबंधक रुपेश कुमार सहित कई अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया ` इस कार्यशाला में जिले के सभी मीडियाकर्मी, प्रखंडों के संचार नोडल सहित जिला कार्यालय के अधिकारी शामिल हुए। अध्यक्षीय संबोधन में डीआरडीए निदेशक ने मिडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि जिले में चल रहे बेहतर प्रयासों को वे अवश्य कवरेज करें। ताकि समाज में सकारात्मक वातावरण बन सके और लोगों को प्रेरणा मिले` उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका दीदियों के प्रयास से से हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन को सराहा।ा ाो वहीं मिडिया से आग्रह किया कि उनके कार्यों को और अधिक स्थान मिलना चाहिए।

डीपीएम ने जीविका परियोजना में संचार की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए जीविका की उपलब्धियों को गिनाया। जबकि पत्रकारों द्वारा प्रस्तुतीकरण पर भी प्रकाश डाला गया`प्रिंट मिडिया की ओर से जुड़े सूरज गुप्ता सहित कई अन्य पत्रकारों ने कहा कि जीविका से सम्बंधित सभी खबरों का प्रकाशन प्रिंट मिडिया में होता हीं रहता है। उन्होंने आगे भी इस तरह के कार्यशाला के आयोजन करने पर बल दिया। उन्होंने समाचार पत्रों में खबरों के प्रकाशन की जटिलता से अवगत कराते हुए उस पर ध्यान देने की आवश्यक्ता जताई।वहीं सुब्रत गुहा ने इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जड़ी बारीकियों से अवगत कराया और उसके अनुसार हीं कार्यक्रम आयोजित किये जाने की बात कही। जिला संचार प्रबंधक रूपेश कुमार ने संचार के विभिन्न अवयवों एवं तकनीक को पीपीटी के माध्यम से साझा किया तथा संचार माध्यमो पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रखंडों से आये जीविका पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए संचार गतिविधियों के महत्व को बताया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित भी किया गया।

## कटिहार रेल मंडल में व्यापारियों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नराह के नेतृत्व में बुधवार को मंडल रेल कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्य से संबंधित व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याओं एवं सुझावों को खुलकर रखा।



बैठक के दौरान व्यापारियों ने माल ढुलाई से जुड़ी व्यावहारिक कठिनाइयों, रेक की उपलब्धता, समयबद्ध मूवमेंट तथा स्टेशन परिसरों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव जैसे मुद्दों को विस्तारपूर्वक उठाया। रेल प्रशासन ने इन सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए सकारात्मक रुख अपनाया और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। विशेष रूप से लोडिंग एवं अनलोडिंग मैनेजमेंट को अधिक सुव्यवस्थित बनाने, रेक मूवमेंट में सुधार लाने तथा स्टेशन परिसरों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही कई स्टेशनों पर गुड्स शेड से संबंधित कार्यों को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर भी मंथन किया गया। डीआरएम किरेंद्र नरह ने बैठक में स्पष्ट किया कि व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और रेल सेवाओं को अधिक सुलभ एवं उपयोगी बनाने के लिए निरंतर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

## पाचंबा आंगनबाड़ी में चोरी, बच्चों के भोजन पर संकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के पाचंबा थाना क्षेत्र स्थित लोहपिट्टी आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार रात चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने केंद्र का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गैस चूल्हा, दो सिलेंडर सहित खाना बनाने के अन्य सामान चुरा लिए। घटना की जानकारी मिलते ही आंगनबाड़ी सेविका तुरंत केंद्र पहुंचीं और मामले की सूचना पाचंबा थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है इस घटना से आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले छोटे बच्चों के भोजन पर संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों में भी घटना को लेकर आक्रोश है, क्योंकि इससे सीधे तौर पर बच्चों के पोषण कार्यक्रम पर असर पड़ सकता है।

## अल फिरदौस एकेडमी का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने अमदाबाद पेट्रोल पंप के समीप स्थित अल फिरदौस एकेडमी॓ का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।इस मौके पर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज के विकास की नींव है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बच्चों का भविष्य संवरता है और क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो पाता है।



ऐसे संस्थानों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर अवसर मिलेंगे। वहीं एकेडमी के निदेशक अब्दुस समी ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यहां अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि एजाबुल हक, शहाबुद्दीन उर्फ छोटू,आदित्य कुमार उर्फ छोटू,गुलाब रौशन, सुशांत मंडल, रहमतुल्लाह, मोहम्मद मैनुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## लंबित मामलों के निष्पादन में लायें तेजी : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 को लेकर गठित जिलास्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक का संचालन करते हुए सचिव सह जिला कल्याण पदाधिकारी ने गत बैठक की कार्यवाही से अवगत कराते हुए कहा कि जिले को अजा, अजजा अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 1,50,00,000/- प्राप्त हुआ। जिसमें 1,49,56,410/- मुआवजा के मद में भुगतान किया गया तथा शेष 43590/- का



प्रत्यर्पण कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि कैलेंडर वर्ष 2026 में कुल 22 कांड दर्ज हुए हैं जिनमें 17 कांडों में स्वीकृति प्राप्त कर लिया गया है और मुआवजा का भुगतान प्रक्रियाधीन है। वहीं शेष 05 कांडों की स्वीकृति प्राप्त करने की प्रकिया चल रही है।डीडब्ल्यूओ ने बताया हत्या के मामले के 21 आश्रितों को माह फरवरी का पेंशन भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत न्यायालय में 91 मामले में आरोप-पत्र समर्पित करना लंबित है। वहीं आरोप गठन के बाद दो आश्रित को नियुक्ति दे दी गई है और एक को नियुक्ति देने की प्रक्रिया चल रही है। समिति के कार्यों की समीक्षा के बाद डीएम ने लंबित मामलों में मुआवजा भुगतान, ससमय आरोप पत्र समर्पण, आश्रितों का यात्रा भत्ता भुगतान तथा न्यायालय में लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने सहित कई अन्य निर्देश दिया। इसी के साथ डीएम ने मेनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम के तहत गठित जिलास्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि पूर्व के निदेर्शानुसार जिले के किसी भी नगर पंचायत या नगर परिषद में किसी भी प्रकार का मैनुअल स्कैवेंजर नहीं है। सभी कार्य मशीनों के द्वारा हीं कराया जाता है।

## जय श्रीराम के जयघोष से भक्तिमय हुआ माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर पंचायत बरारी में रामनवमी के पावन अवसर पर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव की अगुवाई में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूरे नगर में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर क्षेत्र भगवा रंग से पटा रहा और जय श्रीराम॓ के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।भव्य शोभायात्रा गांधी स्मृति भवन स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई।



यात्रा रेफरल अस्पताल चौक, बरारी थाना चौक, डाकबंगला चौराहा, श्री भगवती मंदिर बरारी हाट, मालाकार चौक, बरारी बस्ती, अवध नगर चौक, धर्मशाला मुहल्ला, राम जानकी मंदिर गुरुबाजार, शहीद भगत सिंह चौक होते हुए काढ़ागोला स्टेशन बाजार पहुंची और अंत में पुनः बजरंगबली मंदिर, गांधी स्मृति भवन गुरुबाजार में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लिए शामिल हुए।आगे-आगे चल रहे युवाओं का जोश और पीछे उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। ढोल-मंजीरा और डीजे की धुन पर रामभक्त झूमते नजर आये। भगवान श्रीराम, माता जानकी,भगवान लक्ष्मण एवं बजरंगबली की वेशभूषा में निकली झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।वहीं शोभायात्रा को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।

## दिव्यांगों को मिली 'निरामया' योजना की सौगात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल परिसर स्थित 'कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति' के कार्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के राज्य सलाहकार बोर्ड सदस्य शिव शंकर रमाणी ने की।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि शिव शंकर रमाणी ने सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित दिव्यांगजनों और उनके परिजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जोर दिया कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



इस अवसर पर मोहन कुमार पंजियार राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बोर्ड सदस्य, राष्ट्रीय न्यास, भारत सरकार एवं सदस्य, मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कटिहार के दिव्यांगजनों को 'निरामया' स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। मोहन कुमार ने कहा कि योजना के तहत पात्र दिव्यांगजनों को 1 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म, बौद्धिक निशक्तता और बहु-दिव्यांगता से ग्रसित व्यक्तियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं और उपचार में आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

## हार्वर्ड में गया की बेटी का चयन, एमबीए और पब्लिक पॉलिसी प्रोग्राम मे मिली जगह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** एक बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए गया की बेटी पल्लवी चौहान का चयन अमेरिका के विश्व प्रसिद्ध हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका में हुआ है। इस छात्रा को हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के प्रतिष्ठित एमबीए और हार्वर्ड कैनेडी स्कूल के मास्टर इन पब्लिक पॉलिसी प्रोग्राम एमपीपी में प्रवेश मिला है। विश्व के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में शामिल हार्वर्ड विश्वविद्यालय में चयन होना अत्यंत गौरव की बात मानी जाती है। पल्लवी, मोहड़ा प्रखंड के जेठियन गांव की रहने वाली है। इनके पिता अजय कुमार सिंह झारखंड के गिरीडीह जिला स्थित सरिया अंचल में पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। पल्लवी ने डीपीएस धनबाद से मैट्रिक, डीपीएस आर के पुरम नई दिल्ली से प्लस टू और हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से



ग्रेजुएशन इकोनॉमिक्स पास की है। वर्तमान में पल्लवी, अबू धाबी, दुबई स्थित टोनी ब्लेयर कंपनी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में भी गर्व और खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पल्लवी व इसके पिता श्री सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## रामनवमी पर भक्ति और उल्लास का दिखा नजारा





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** नगर पंचायत क्षेत्र में गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरा शहर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।शोभा यात्रा की शुरूआत स्थानीय हाई स्कूल उच्च विद्यालय परिसर से हुई। यहां से निकली यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरती हुई अंबेडकर चौक पहुंची। यात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां, ध्वज और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन लोगों को मंत्रमुग्ध करती रही।

श्रद्धालु पूरे उत्साह और उमंग के साथ भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद कुमार, थानाध्यक्ष पंकज आनंद सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल के जवान शोभा यात्रा में मौजूद रहे। अधिकारियों ने लगातार निगरानी रखते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। स्थानीय लोगों ने भी शोभा यात्रा का स्वागत किया और जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस दौरान पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। रामनवमी के इस आयोजन ने सामाजिक सौहार्द और धार्मिक एकता का भी सुंदर संदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार बाइक ने वृद्ध को मारी टक्कर

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साठी-लौरिया मुख्य मार्ग में बिएड कॉलेज के तरफ जाने वाली सड़क के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को डॉक्टर ने जीएमसीएच से पटना रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है की घटना गुरुवार को साठी- लौरिया मुख्य मार्ग में सेमरी गांव के पास की है। लौरिया की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने संतुलन बिगड़ जाने से सड़क किनारे खड़े एक वृद्ध को ठोकर मार दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। वही बाइक चालक भी गिर गया। घटना के समय आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों की मदद की तथा दोनों को तत्काल स्थानीय अस्पताल साठी बाजार उपचार के लिए ले गए। घायलों की पहचान सेमरी गांव निवासी वार्ड नंबर 6, वृद्ध शेख नबी हसन के रूप में हुई है जिनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वही बाइक चालक की पहचान लौरिया प्रखंड के धमौरा पंचायत अंतर्गत वृंदावन निवासी साजिद आलम के रूप में हुई है। घायल शेख नवी हसन की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर ने बेतिया जीएमसीएच से पटना रेफर कर दिया है।

### रामनवमी को लेकर जितना पुलिस ने निकला फ्लैग मार्च

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार शाम पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस ने माइकिंग के माध्यम से आमजन को सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि



की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया गया। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व मनाने का आह्वान किया।इस फ्लैग मार्च में एसआई शिवजी पासवान,सुमित कुमार,सिपाही रजनीकांत कुमार सहित दर्जनों पुलिस के जवान शामिल थे।

### बदमाशों ने एटीएम बदलकर उड़ा लिए सैंतीस हजार

**चकिया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवबिहार टाइम्स संवाददाता।भारतीय स्टेट बैंक के बारा चकिया शाखा के मुख्य द्वार पर स्थित एटीएम से बदमाशों ने एक शिक्षक का कार्ड बदलकर 37000 रुपये निकाल लिया। घटना गुरुवार करीब साढ़े नौ बजे की बताई जाती है। इस मामले में पिपरा थाना क्षेत्र के बैरिया टोला बंजरिया निवासी पीड़ित शिक्षक नवल राम ने दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी के लिए थाना में आवेदन दिया है। पीड़ित शिक्षक मेहसी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दामोदरपुर कन्या में पदस्थापित हैं। आवेदन के अनुसार जब वे एटीएम से पैसा निकाल रहे थे, इसी दौरान दो अज्ञात युवक आया और उनका एटीएम बदल दिया। इस मामले की जानकारी उन्हें तब हुई जब खाता से 37000 निकलने का मैसेज आया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### परिचालन बाधित न हो इसको लेकर रात में हो रहा है विद्युत ओवरहेड तार का मेंटेनेंस

**बीते रात्रि जमालपुर स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म 1 घंटे के लिए रहा बाधित**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर बीते रात्रि विद्युत ओवरहेड तार मेंटेनेंस कार्य को लेकर लगभग 1 घंटे प्रभावित रहा। इस दौरान 1 घंटे के अंदर तमाम ट्रेनों का दो एवं तीन प्लेटफार्म से किया गया। देवरात्रि करीब 12:45 से 1:30 तक चले मेंटेनेंस कार्य को लेकर रात्रि के तीन महत्वपूर्ण ट्रेन का परिचालन दो एवं तीन प्लेटफार्म से किए जाने पर यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनों के स्पीड मेंटेनेंस एवं यात्रियों के सुरक्षा के मध्य नजर स्टेशन से लेकर रेल खंड पर ट्रैक एवं विद्युत ओवरहेड तार मेंटेनेंस कार्य तेजी से चल रहा है जिससे कि परिचालन व्यवस्था बाधित नहीं हो सके।

### पुराने गोदाम का मलबा नहीं हटाने पर लगाई फटकार

**नरकटियगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड परिसर में नए आधुनिक व्यवहार न्यायालय निर्माण कार्य मे हो रहे देरी को लेकर गुरूवार को भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता कमलेश कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी के सहायक अभियंता नवीन पंडित से फाउंडेशन के कार्य को लेकर आवश्यक जानकारी लिया और मानक के अनुसार कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया। निर्माण एजेंसी के साईट इंजीनियर ने कार्यपालक अभियंता से कहा कि निर्माण स्थल को खाली करने का समय समाप्त होने के वावजूद निर्माण स्थल के पूरी तरह से खाली नही किया जा सका है। जिससे परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में आरएमसी वाहन भी आ जाएगी। वही निर्माण स्थल पर ध्वस्त किये गोदामो के मालवा को नही हटाये जाने को लेकर अधिकारी ने संवेदक को जमकर फटकार लगाया। उन्होंने सख्त लहजे में 2 दिनों के भीतर ध्वस्त किए गोदाम के मलबा आदि को निर्माण स्थल से हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य मे लापरवाही बरतने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।मौके पर भवन निर्माण विभाग के जेई जितेंद्र पड़ित उपस्थित रहे।

### रक्सौल में फर्जीवाड़ा गिरोह का भंडाफोड़, सीएससी केंद्र से अवैध दस्तावेज बरामद

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के रक्सौल प्रखंड अंतर्गत सिसवा गांव में बुधवार को पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक बड़े फर्जीवाड़ा गिरोह का पर्दाफाश किया। यह कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष हेमंत सिंह के नेतृत्व में की गई। गुप्त सूचना के आधार पर सिसवा चौक स्थित एक कॉमन सर्विस सेंटर पर अचानक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान केंद्र पर




अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। तलाशी के दौरान वहां से भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की गई। बरामद सामानों में फर्जी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र के साथ-साथ विभिन्न सरकारी पदाधिकारियों की जाली मुहरें और स्टांप शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह केंद्र लंबे समय से अवैध तरीके से सरकारी दस्तावेज तैयार कर लोगों को उपलब्ध करा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से सीएससी कर्मी कृष्णा कुमार यादव और धर्मनाथ यादव (भेलाही) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों से पूछताछ जारी है, जिससे इस पूरे नेटवर्क के अन्य सदस्यों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इंडो-नेपाल सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब तक की जांच में किसी विदेशी या नेपाली नागरिक से जुड़े दस्तावेज मिलने की पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है। थानाध्यक्ष हेमंत सिंह ने बताया कि जब्त उपकरणों की जांच की जा रही है और गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है।

### डीआईजी कार्यालय पहुंच ग्रामीणों ने की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैरिया थाना क्षेत्र के मठिया भितहा गांव में 20 मार्च को हुए विजय पटेल (40) हत्याकांड के विरोध में गुरुवार को सैकड़ों महिला-पुरुष डीआईजी कार्यालय पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।



हालांकि रामनवमी के कारण कार्यालय बंद रहने से वे आवेदन नहीं दे सके और आधे घंटे बाद बैरिया थाना लौट गए। अचानक इतनी भीड़ आने से पुलिसकर्मी भी कुछ देर के लिए हैरान रह गए।मृतक की पत्नी शशिबाला देवी ने आरोप लगाया कि सोची-समझी साजिश के तहत भाला और बरछी से उनके पति की हत्या की गई तथा देवर कमलेश और अखिलेश पटेल को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नामजद आरोपी पहले भी कई घटनाओं में शामिल रहे हैं, फिर भी गिरफ्तारी नहीं हो रही है।

# बिहार में नई सरकार का जल्द होगा गठन,थोड़ा इंतजार कीजिए : मंत्री

**मोतिहारी जिला अतिथि गृह में अनुसूचित जाति जनजाति एवं कल्याण मंत्री लखींद्र पासवान का स्वागत**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री लखींद्र पासवान ने मोतिहारी में राज्य की राजनीति को लेकर गुरुवार को जिला अतिथि गृह में बहुत बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में जल्द ही नई सरकार का गठन होगा और लोगों को थोड़ा इंतजार करना चाहिए।मंत्री पासवान ने नई सरकार के गठन को लेकर चल रही अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जल्द ही इसकी तस्वीर साफ हो जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में बिहार की राजनीति में स्थिरता बनी रहेगी और विकास की गति तेज होगी।उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार के लगातार विकास की बात कही। मंत्री ने दावा किया कि राज्य में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में निरंतर कार्य हो रहा है और सरकार आगे भी इन दिशाओं में प्रतिबद्ध रहेगी।निशांत कुमार के राजनीति में सक्रिय होने के सवाल पर मंत्री पासवान ने सकारात्मक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि युवाओं को राजनीति में आगे आना चाहिए और निशांत कुमार का सक्रिय होना एक अच्छी पहल है। हालांकि, सरकार में उनकी भूमिका का निर्णय शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर पर भी टिप्पणी की। मंत्री ने कहा कि प्रशांत किशोर ने पहले निशांत कुमार को लेकर जो टिप्पणियां की थीं, वे सार्वजनिक हैं। अब जब निशांत कुमार राजनीति में सक्रिय हो रहे हैं, तो वही लोग उनकी राजनीतिक क्षमता की तारीफ कर रहे हैं।मंत्री लखविंदर पासवान के इस बयान के बाद बिहार की राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। नई सरकार के गठन को लेकर जारी चचाओं के बीच उनके इस बयान को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। पूर्व मंत्री सह मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, किसान मोर्चा जिला प्रभारी श्याम बाबू सिंह, विनोद कुशवाहा, धर्मेंद्र, जिला प्रवक्ता साजिद राजा, सोशल मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा ,आईटी सेल के संयोजक ऋषभ झा, कौशल किशोर सिंह, जगजीवन पासवान, चंदन सिंह, सनी सिंह, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी रामनवमी चैती दुर्गा पूजा के

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा शहर में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरा से निगरानी किया जा रहा है। उक्त बातें जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने जोगी बाबा दुर्गा स्थान रामपुर में विधि व्यवस्था का जायजा लेते हुए कहा। उन्होंने पूजा समिति से बातचीत करते हुए कहा कि चैती दुर्गा पूजा को लेकर लगने वाले मेले पुलिस हर कदम पर आप सबों के साथ है। आप लोगों से यही अपील है कि पूजा को व्यवस्थित बनाने में हम लोगों का सहयोग करें। थानाध्यक्ष के बातों का समर्थन करते हुए पूजा समिति के टुनटुन सिंह,विपिन सिंह, किसान संजय सिंह एवं संतोष कुमार ने कहां की विधि व्यवस्था भंग नहीं हो इसको लेकर हम लोग प्रशासन के द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करेंगे। इधर पूजा समिति की ओर से थानाध्यक्ष को माता का चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया।

## महागौरी को समर्पित होती है अष्टमी पूजा



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवरात्रि में अष्टमी पूजा जिसे महाअष्टमी भी कहा जाता है। जिसका बहुत विशेष महत्व है। यह दिन माँ दुर्गा के 8 स्वरूप, माँ महागौरी को समर्पित होता है। इस बार नवरात्र के अष्टमी को लेकर श्रद्धालुओं में असमंजस की स्थिति देखी जा रही थी। कोई 25 को तो कोई 26 को अष्टमी को मनाई गई। तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति के बावजूद दुर्गा मंदिर में काफी संख्या में महिलाओं ने माता की आराधना कर महागौरी को सफेद मिठाई, खीर, हलवा, पंचामृत, नारियल और केले का भोग लगाया। वही माता को कुमकुम, रोली, अक्षत, सफेद फूल और चंदन से माँ महागौरी का तिलक लगाया। वहीं देर संध्या दुर्गा मंदिर में माता को भव्य आरती लगाई गई। आरती को लेकर नयागांव, गौरीपुर, परहम, दौलतपुर, केशोंपुर, जोगी बाबा दुर्गास्थान रामपुर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

## अधूरे सड़क निर्माण से हो रही हैं दुर्घटनाएं, लोगों में आक्रोश

**डेढ़ साल पहले शुरू हुआ था मनवापरसी-एकडेरवा सड़क निर्माण कार्य, नही हुआ पूरा**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केमझारिया से मनवापरसी होकर एकडेरवा जाने वाली साढे.14 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क आज भी अधूरी पड़ी है, जो राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। करीब 15 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद जुलाई 2024 में जब इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, तब ग्रामीणों को लगा कि अब इस समस्या से मुक्ति मिलेगी। लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी गांवों के बीच सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे महुअवा, मंझरिया, विशुनपुरवा और मनवा-परसी जैसे दर्जनों गांवों की बड़ी आबादी त्रस्त है। वही महुअवा वार्ड संख्या नौ में सड़क की स्थिति इतनी जर्जर है कि यहाँ प्रतिदिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण इबरार हुसैन, अल्ली अहमद, रफान आलम, विकास कुमार, अमजद अली और शेख हसनैन ने बताया कि अधूरा काम होने के कारण आए दिन यहाँ बसें और ट्रैक्टर फंस रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जानलेवा हो चुकी इस सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

बता दे कि बीते लोकसभा चुनाव के दौरान इस सड़क का मुद्दा काफी गरमाया था। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था और वोट बहिष्कार की चेतावनी दी थी। उस समय प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने जल्द काम पूरा कराने का भरोसा देकर मामला शांत कराया था। लेकिन निर्माण शुरू होने के डेढ़ साल बाद भी डीपीआर संसोधन के नाम पर काम अटका हुआ है और इसकी सुधि लेने वाला कोई नही है। उधर ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता रोहित कुमार ने बताया कि इस सड़क के निर्माण पर लगभग दो करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। पिचिंग का काम पूरा हो चुका है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाला पीसीसी निर्माण का कार्य बाकी है। डीपीआर संसोधित करने के लिए मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी गई है। स्वीकृति मिलते ही काम पुनः आरम्भ करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि 15 दिनों के भीतर कार्य पुनः आरंभ करा दिया जाएगा।

## पुलिस ने वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक युवक मोटर साइकिल के साथ आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को संदेह होने पर उसे पूछताछ के लिए रोका गया। इसी क्रम में युवक गाड़ी को गिराकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा करते हुए कुछ ही दूरी पर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने पूछताछ के दौरान युवक से भागने का कारण पूछा। इसके साथ ही उससे मोटरसाइकिल के कागजात और स्वामित्व से संबंधित जानकारी मांगी गई। जिस पर युवक ने कहा कि गाड़ी का कागज पास में नहीं था इसलिए भाग रहे थे। कागज घर से मंगवा रहे है। जिसके बाद युवक को जांच हेतु पुलिस थाने ले आई। लेकिन थाने पर भी वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और ना मोटरसाइकिल का कोई वैध कागजात दिखा पाया। गिरफ्तार युवक की पहचान जिले के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के हरनाथपुर गांव निवासी मोहम्मद हुसैन मियां का 21 वर्षीय पुत्र आशिक आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने जब उक्त गाड़ी के चेचिस नंबर की जांच की तो पता चला कि पुरानी चेचिस नम्बर को मिटाकर नया



नंबर पंच कर दिया गया है। वही एच एच डी मशीन से जांच में चेचिस नंबर एवं नंबर प्लेट में भिन्नता पाई गई। जिसके बाद चोरी के मोटरसाइकिल को अवैध तरीके से परिचालन करने के आरोप में वाहन को जप्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है'

## आरपीएफ का लक्ष्य रेल संपत्ति के साथ यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना : आईजी

**आरपीएफ के आईजी ने जमालपुर पहुंचकर पदाधिकारी और जवानों को पढ़ाया कर्तव्य निष्ठा का पाठ**



**सुरक्षा सम्मेलन में आरपीएफ के पदाधिकारी जवानों की समस्या से रूबरू हुए आईजी**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे सुरक्षा बल के आईजी (महानिरीक्षक) अमिय नंदन सिन्हा गुरुवार को कारखाना एवं यार्ड पोस्ट स्टेशन का निरीक्षण करने जमालपुर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जहां आईजी पहले कारखाना पोस्ट पहुंचे जहां उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। वही आरपीएफ के पदाधिकारी जवानों को वाले होने वाले समस्या को लेकर सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन भी आईजी ने किया। सुरक्षा सम्मेलन के दौरान आईजी ने जहां समस्या को सुनकर उनके निदान के गंभीर दिखे।आरपीएफ जवानों से संवाद किया तथा सुरक्षा संबंधी निर्देश भी दिए। वही स्टेशन परिसर में सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया। सुरक्षा सम्मेलन के बाद आईजी मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल एवं इरिमी के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा से मिलकर कारखाना के साथ इरिमी एवं रेल संपत्ति की सुरक्षा से संबंधित बातों पर गंभीर चर्चा हुई। वही बैरक एवं पोस्ट के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, मालखाना, रिकॉर्ड और अपराधियों के खिलाफ की गई करवाई, पोस्ट डायरी, गिरफ्तारी पंजी और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। आईजी ने पोस्ट के पदाधिकारी को कर्तव्य निष्ठा का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य रेलवे संपत्ति की सुरक्षा और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होता है इसलिए ड्यूटी को पूरी ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा के साथ करना चाहिए। मौके पर डीएससी असीम कुल्लू, इंस्पेक्टर एके शर्मा, राजीव नयन, सुजीत कुमार यादव, एसके सुधा कई पदाधिकारी जवान मौजूद थे। निरीक्षण करने के बाद अपने परिवार के साथ मुंगेर के प्राचीन एवं आध्यात्मिक इतिहास को जानने समझने को लेकर करी सुरक्षा के बीच मुंगेर पहुंचे। मुंगेर पहुंचने पर उन्होंने मीर कासिम का किला, उत्तर वाहिनी गंगा, एवं शक्तिपीठ माता चंडी अस्थान पहुंच परिवार के साथ पूजा अर्चना के बाद योग आश्रम को भी देखा। योग विश्वविद्यालय में योग से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी भी लिए। मुंगेर के आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन के दौरान आईजी एवं उनके परिवार को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के दायरे में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन के साथ जिला पुलिस भी अलर्ट दिखे।

## रेल में बढ़ते लूट खसोट को लेकर होगा आंदोलन : मनोज

**29 मार्च को मोर्चा द्वारा आहुत बैठक में बनाई जाएगी रणनीति**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल क्षेत्र जमालपुर में भयावह लुट खसोट को लेकर जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा सह समाजवादी पार्टी के मिडिया प्रभारी मनोज क्रांति ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सहित पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त को पत्र लिखकर रेल क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों की जांच की मांग की है उन्होंने अपने लिखे पत्र में कहा की जो रेलवे ईमानदारी का प्रर्याय हुआ करता था आज वह रेल विभाग भ्रष्टाचार में आकण्ठ डूब चुका है और तमाम अधिकारी लुट खसोट में लगा है। जिसका प्रमाण है जमालपुर रेल क्षेत्र में चल रहा निर्माण कार्य जिसमे खुलेआम लूट खसोट जारी है। जमालपुर में चार विद्युत उपकेंद्र मुख्य कारखाना प्रबंधक के आवास के वायीं तरफ और मुख्य रेलवे अस्पताल के बाहर रामपुर एवं दौलतपुर मे निर्माण हो रहा है जिसमें तीन नंबर ईट दो नंबर सीमेंट के साथ ही काफी कम गुणवत्ता वाली सरिया का उपयोग किया जा रहा है यही नहीं रेल क्षेत्र के ईस्ट कालोनी में लगाए जा रहे बिजली के खंभे भी पुराने हैं और उसे रंग पेंट कर खड़ा किया जा रहा है जिसकी जांच की आवश्यकता है। क्योंकि यहां के वरिय रेलवे अधिकारी के मिली भगत से कई कनिय पदाधिकारी एवं लिपिक अपनी पत्नी व अन्य परिजन के नाम से ठेकेदारी और पेटीदारी का काम करता है और जमकर कारखाना को लूट रहा है जमालपुर रेल क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य इसका स्पष्ट प्रमाण है।

## विवाहिता को मारपीट कर किया घायल, तीन गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरूषोतमपूर थाना के नकछेद बहुआरवा गांव में दहेज के खातिर विवाहिता के साथ मारपीट कर घायल कर देने के मामले में महिला ने पति सहित सास,ससुर,देवर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। इधर पुलिस ने कारवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मुनरी देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि पति लाल बिहारी साह सहित ससूराल वालों के द्वारा दहेज में चार लाख रुपये की मांग की जा रही थी।

## शुभकामना सह शुभाशीष समारोह का आयोजन

**यूपीएससी में 290वीं रैंक लाने वाले संजीव सम्मानित**




**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्ञान ज्योति विद्यालय प्रांगण में ह्यशुभकामना सह शुभाशीष समारोहह्ल का आयोजन किया गया.इस अवसर पर पिठवा गांव निवासी एवं विद्यालय के 2017 के छात्र संजीव कुमार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में 290वीं रैंक (आईएएस) प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में पहुंचने पर संजीव कुमार एवं उनके माता-पिता का गाजे-बाजे और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया. संचालक प्रेमचंद्र प्रसाद ने उन्हें अंगवस्त्र, अशोक स्तंभ व संविधान की प्रति भेंट की,जबकि परिजनों को भी सम्मानित किया गया.समारोह के दौरान (आईएस)संजीव कुमार ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों,अभिभावकों व गणमान्य लोगों को मंच पर अंगवस्त्र,मोमेंटो एवं माला पहनाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया.पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा.अपने संबोधन में संजीव कुमार ने कहा कि सफलता में परिवार और शिक्षकों की अहम भूमिका होती है.उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाने और सही मार्गदर्शन देने की अपील की, वहीं छात्रों को लक्ष्य के प्रति समर्पण,अनुशासन व निरंतर मेहनत का संदेश दिया.कार्यक्रम के संचालक व निदेशक प्रेमचंद्र प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें प्रेरणा प्रदान करते हैं.उन्होंने छात्रों से संजीव कुमार के संघर्ष व सफलता से सीख लेने की बात कही. मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त श्रीमती कृष्णा उपाध्याय, नागेश्वर प्रसाद, डॉ.अरविंद कुमार,डॉ.अशोक कुमार, मो. शरफुद्दीन, सरोज जायसवाल, राजदेव प्रसाद, जयंत जायसवाल, अमानुल्लाह, प्रकाश सिंह (काका),डा सुरेश प्रसाद, हरिश्चंद्र प्रसाद,समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा भसुरारी का निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन

**मुखिया ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल, उच्च स्तरीय जांच की मांग**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड की भसुरारी पंचायत में बन रहा पंचायत सरकार भवन के निर्माण में भारी अनिमितता उजागर हुआ है। 3 करोड़ 15 लाख 59 हजार 940 रुपये की लागत से बन रहे इस भवन में निर्माण में संवेदक द्वारा नियमों को ताक पर रखकर घटिया सामग्री से निर्माण कराया जा रहा है। गुरुवार को ग्रामीणों के शिकायत पर जब मुखिया सरोज देवी ने निर्माण सथल पर पहुंचकर निरीक्षण किया, तो वहां की बदहाली देख वह भी दंग रह गई। मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार पाल ने बताया की जहाँ मजबूत सरिया की जरूरत थी, वहां मात्र 8, 10 और 12 एमएम की सरिया लगाया गया है। जो कि सीधे तौर पर भवन की मजबूती के साथ खिलवाड़ है। इतना ही नहीं, बिजली की वायरिंग में सबसे निचले स्तर के तारों का इस्तेमाल हो रहा है और पाइपलाइन को सुरक्षित करने के बजाय सिर्फ बालू से ढका जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि अभी कार्य पूर्ण भी नही हुआ है तभी इस भवन की दीवारों में कई जगहों पर दरारें दिखने लगी हैं। निर्माण में तकनीकी खामी इतनी बड़ी है कि सीढ़ियों का लेवल सड़क से नीचे रखा गया है। इसका नतीजा यह है कि हफ्ते भर पहले हुई हल्की बारिश का पानी आज भी मुख्य द्वार पर जमा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर हल्की बारिश में यह हाल है, तो बाढ़ के समय यह करोड़ों की लागत से बना का भवन के आगे हमेशा जलजमाव बना रहेगा। मामले में मुखिया सरोज देवी ने बीडीओ से शिकायत की है और निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इधर बीडीओ सूरज कुमार ने बताया कि भसुरारी में हो रहे पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य में गड़बड़ी की सूचना मिली है। इसकी पूरी जांच कराई जाएगी और अगर प्राकलन के विरुद्ध कार्य पाया गया, तो संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए संवेदक के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।



## क्या मोहित सूरी की अगली फिल्म में होंगे रणबीर कपूर? निर्देशक ने दिया जवाब

पिछले काफी दिनों से ऐसी खबरें चल रही हैं कि रणबीर कपूर 'सैयारा' फेम निर्देशक मोहित सूरी की अगली फिल्म में नजर आएंगे। अब खुद मोहित सूरी ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि रणबीर उनकी अगली फिल्म का हिस्सा होंगे या नहीं।

### रणबीर के साथ काम करना चाहते हैं मोहित सूरी

वैरायटी इंडिया के साथ बातचीत के दौरान मोहित सूरी ने रणबीर कपूर की तारीफ करते हुए उन्हें एक महान स्टार बताया। इसी दौरान मोहित ने ये भी स्पष्ट किया रणबीर कपूर उनकी अगली फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि रणबीर कपूर मेरी अगली फिल्म में नहीं हैं
मैं सचमुच उनके साथ काम करना चाहता हूं और मुझे उम्मीद है कि वह भी मेरे बारे में ऐसा ही सोचते हैं। मैं उनसे मिलने गया था और साथ में काम करने का इरादा रखता हूं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि हम पहले से ही एक फिल्म साथ में कर रहे हैं। रणबीर और मैं एक दूसरे को जानते हैं क्योंकि वह मेरे करियर की शुरुआत से ही मुझे फॉलो कर रहे हैं।
काश मेरी फिल्म के हीरो होते रणबीर
निर्देशक ने आगे रणबीर की तारीफ करते हुए कहा कि वह उन गिने-चुने अभिनेताओं में से एक हैं और इतने बड़े स्टार हैं, जो 'आवारापन' जैसी फिल्म की सराहना करते हैं। भले ही वह रिलीज के समय फ्लॉप हो गई थी। वह मुझे अक्सर कहते हैं कि यह मेरी बेहतरीन फिल्मों में से एक है। आमतौर पर अभिनेता आपसे आपकी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म के बारे में बात करते हैं और कहते हैं कि वही आपकी सबसे अच्छी फिल्म है। जबकि रणबीर मेरी एक फ्लॉप फिल्म के बारे में बात कर रहे हैं। रणबीर में वो सब खूबियां हैं जो मैं अपनी फिल्म के हीरो में चाहता हूं। उनमें वो गहराई और बारीकियां हैं जो मेरी तरह की फिल्मों के लिए जरूरी हैं। फिलहाल मेरी फिल्म में रणबीर कपूर नहीं हैं। काश होते।
रणबीर कपूर की आगामी फिल्मों की बात करें तो उनकी पाइपलाइन में 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' जैसी दो बड़े बजट की फिल्में हैं। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगी। इस फिल्म में रणबीर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे। जबकि साई पल्लवी सीता, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में दिखाई देंगे।



# आसान नहीं था टीवी से बॉलीवुड का सफर

एक्टिंग इंडस्ट्री में हर कलाकार की जर्नी अलग होती है। कुछ लोग फिल्मों के जरिए पहला कदम रखते हैं तो कुछ टीवी से अपने करियर की शुरुआत करते हैं, लेकिन एक प्लेटफॉर्म में पहचान बनाकर दूसरे प्लेटफॉर्म में पैर जमाना आसान नहीं होता। अभिनेत्री उल्का गुप्ता के लिए भी टीवी से फिल्मों में कदम रखना चुनौती भरा अनुभव रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी और धीरे-धीरे फिल्मों में पहचान बनाने लगी। उल्का गुप्ता ने इंटरव्यू में अपने करियर के अब तक के सफर को याद किया। उल्का गुप्ता ने कहा, ''टीवी से फिल्म इंडस्ट्री तक का सफर तय करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैंने कई सालों तक छोटे पर्दे पर काम किया है और अभिनय की बारीकियां सीखी हैं, लेकिन जब फिल्मों में आने की बारी आई तो मुझे कई ऑडिशन्स से गुजरना पड़ा और खुद को साबित करना पड़ा। आज मैं जहां खड़ी हूं, वहां तक पहुंचने के पीछे कड़ी मेहनत है।''
बता दें कि उल्का गुप्ता ने अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय टीवी शो 'झांसी की रानी' से की थी। इस शो में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के बचपन के किरदार 'मणिकर्णिका' की भूमिका निभाई थी। इस किरदार ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो को लेकर उन्होंने कहा, ''इस शो ने मेरे करियर को एक मजबूत नींव दी है और मेरी एक बेहतर कलाकार बनने में मदद की है।''
उन्होंने अपना फिल्मी सफर 'सिम्बा' से शुरू किया था, जिसमें उन्होंने एक्टर रणवीर सिंह की बहन का रोल निभाया था। 'केरल स्टोरी 2' फिल्म में उन्होंने 'सुरेखा' का किरदार निभाया। इसे लेकर उन्होंने कहा, ''फिल्में समाज का आईना होती हैं। समाज में जो कुछ भी घटित होता है, वही फिल्मों के जरिए दिखाया जाता है। फिल्में समाज की सच्चाई को सामने लाती हैं और कई बार समस्या का हल भी दिखाने की कोशिश करती हैं।''

## राम चरण और जान्हवी कपूर के साथ मृणाल ठाकुर का होगा कैमियो

राम चरण और जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' को लेकर सुर्खियों में हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित इस स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा में एक खास डांस नंबर होगा। जिसमें यह अभिनेत्री जान्हवी और राम के साथ कैमियो भूमिका में नजर आएंगी।

### 'पेद्दी' में होगा डांस नंबर

राम चरण और जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'पेद्दी' को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस फिल्म में एक खास डांस गाना होगा। गुल्टे की रिपोर्ट के मुताबिक, 'सीता रामम' फेम मृणाल ठाकुर राम चरण और जान्हवी कपूर के साथ एक स्पेशल डांस नंबर में दिख सकती हैं। हालांकि, फिल्म मेकर्स ने इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। 'पेद्दी' एक स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसकी कहानी गांव में होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट के इर्द-गिर्द घूमती है। राम चरण हीरो हैं, जबकि जान्हवी कपूर उनके साथ मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में शिव राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा, जगपति बाबू, बोमन ईरानी जैसे कलाकार भी हैं। इसके निर्देशक बुची बाबू सना हैं। 'पेद्दी' का म्यूजिक एआर रहमान ने दिया है।

### कब रिलीज होगी 'पेद्दी'

हाल ही में 'पेद्दी' का 'राय राय रा रा' नाम का दूसरा सिंगल रिलीज हुआ, जिसमें राम चरण के शानदार डांस मूव्स हैं। एआर रहमान ने इसे तेलुगु और तमिल दोनों में गाया है। 'पेद्दी' का एक्शन टीजर जल्द आने वाला है। हो सकता है कि 27 मार्च 2026 को राम चरण के जन्मदिन पर इसका खास टीजर रिलीज हो। फिल्म 'पेद्दी' 30 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शुरू की तुम्बाड 2 की शूटिंग
### सोहम शाह के साथ आए नजर

सोशल मीडिया पर नवाजुद्दीन सिद्दीकी, निर्माता और अभिनेता सोहम शाह को मुंबई की एक खास जगह पर साथ देखा गया। दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग के लिए साथ आए है। यह एक हॉरर फिल्म है, जिसे लेकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जानिए, फिल्म में नवाजुद्दीन किस तरह का किरदार करेंगे और कहां पर इसकी शूटिंग हो रही है।



### मड आइलैंड में नजर आए नवाजुद्दीन और सोहम

सोमवार को नवाजुद्दीन सिद्दीकी, निर्माता और अभिनेता सोहम शाह को मुंबई के मड आइलैंड में देखा गया। इस दौरान अपने फिल्म क्रू के साथ दिखाई दिए। सोहम शाह, नवाजुद्दीन सिद्दीकी से बातचीत करते थे। यह दोनों फिल्म 'तुम्बाड 2' की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। बता दें कि 2018 में रिलीज हुई हॉरर, थ्रिलर फिल्म 'तुम्बाड़' का यह सीक्वल है।
'तुम्बाड 2' का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। अब इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। नवाजुद्दीन के किरदार की जहां तक बात है तो उनके किरदार का नाम पांडुरंग होगा। फिल्म भी इमोशनल और साइकोलॉजिकल है। इसमें नवाज के किरदार में कई परतें होंगी। कहानी को लेकर भी मेकर्स का कहना है कि यह पिछली फिल्म से ज्यादा डरावनी होगी। 'तुम्बाड' की बात करें तो साल 2018 में रिलीज हुई इस डार्क फैंटेसी-हॉरर फिल्म में लालच के दुष्परिणामों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी 20वीं सदी की शुरुआत के एक छोटे से गांव तुम्बाड में सेट है। इसमें मुख्य भूमिका में विनायक राव और 'हस्तर' नाम का एक श्रापित देवता है। फिल्म काफी डरावनी थी और दर्शकों को काफी पसंद आई थी।

## प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी सान्या मल्होत्रा की 'सुंदर पूनम'

फिल्म 'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन के जोड़े में नजर आईं। फर्स्ट लुक देखकर लगता है कि वह कोई आम दुल्हन नहीं है, उनके किरदार में कई परतें हैं। फर्स्ट लुक से लगता है कि फिल्म 'सुंदर पूनम' अपने स्टोरी से दर्शकों को चौंका देगी, इसमें थ्रिलर, सस्पेंस की डोज मिलेगी।

### फिल्म के फर्स्ट लुक में क्या खास दिखा?

'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन बन है, उसका फोन लगातार बज रहा है। जिसमें सुंदर और राजू नाम के नंबर से फोन आ रहा है। आखिर में दुल्हन मुस्कुराती है। पीछे से एक खबर सुनाई देती है कि एक शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर में गायब हो गया।

### जुनूनी प्यार और उलझा देने वाली कहानी दिखेगी


इस फिल्म में एक नया शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर हनीमून पर जाता है। हनीमून के दौरान यह जोड़ा अचानक लापता हो जाता है। इसके साथ ही दुल्हन पूनम से जुड़ा एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आता है। इसमें उसकी जुनून भरी प्रेम कहानी है और उलझा हुआ अतीत है, जो दर्शकों को चौंकाने के लिए काफी है।

### इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी ये फिल्म

फिल्म 'सुंदर पूनम' में सान्या मल्होत्रा के अलावा आदित्य रावल और विक्रम मल्होत्रा भी नजर आएंगे। फिल्म को पुलकित ने निर्देशित किया है। यह प्राइम वीडियो पर जल्द ही रिलीज होगी।







# मेरे और श्रुति के बीच कोई खटास नहीं, अदिवी ने बताया कैसे 'डकैत' में मृणाल ने किया एक्ट्रेस को रिप्लेस?

**अदिवी शेष की फिल्म 'डकैत' इन दिनों चर्चा में है। हालांकि, फिल्म जितनी अपनी कहानी को लेकर सुर्खियों में है, उससे ज्यादा इसकी कास्टिंग में आए बदलाव को लेकर भी चर्चा बनी हुई है। शुरुआत में इस फिल्म का हिस्सा रहीं श्रुति हासन बीच में ही बाहर हो गईं, जिसके बाद मृणाल ठाकुर की एंट्री हुई। अब इस पूरे मामले पर अदिवी शेष ने खुलकर बात की है।**

### श्रुति ने क्यों छोड़ी फिल्म

श्रुति हासन के फिल्म छोड़ने पर अदिवी शेष कहते हैं, 'सच कहूं तो यह काम करने के तरीके का फर्क था। हर एक्टर का अपना वर्किंग स्टाइल होता है और कभी कभी वह आपस में मैच नहीं करता। अगर क्लैश हो जाए तो काम करने में मजा नहीं आता और उसका असर फिल्म के फाइनल आउटपुट पर भी दिख सकता है।'

### श्रुति के पास तब कई बड़ी फिल्में थीं

वह आगे बताते हैं, 'मेरा शूटिंग स्टाइल थोड़ा स्लो है। मैं जल्दी जल्दी शूट नहीं करता, बल्कि समय लेकर काम करना पसंद करता हूं। वहीं श्रुति के पास उस वक्त बड़ी फिल्मों की डेट्स थीं, जिनमें रजनीकांत सर की फिल्म भी शामिल थी। ऐसे में उनके लिए हमारी फिल्म को उतना समय देना मुश्किल हो रहा था। मुझे लगा कि मैं उन्हें ज्यादा परेशानी में डाल रहा हूं और अगर मैं अपने वर्किंग पैटर्न में बदलाव करता तो फिल्म पर असर पड़ता। इसलिए हमने आपसी समझ से अलग होने का फैसला लिया। सब कुछ अच्छे नोट पर हुआ, कोई विवाद नहीं था। मैं उन्हें हमेशा बेस्ट विश करता हूं।'

### एक्ट्रेस के जाने से डर नहीं लगता, काम पर भरोसा है

एक्ट्रेस के अचानक बाहर होने पर अदिवी शेष कहते हैं, 'मैं इस मामले में ज्यादा घबराता नहीं हूं। मेरे लिए फिल्म से ज्यादा अहम वह कला है जिसके पीछे हम काम कर रहे हैं। अगर हम ईमानदारी से मेहनत करें और अपने काम के साथ न्याय करें, तो बाकी चीजें अपने आप संभल जाती हैं।'
मृणाल ठाकुर की एंट्री पर अदिवी शेष बताते हैं, 'श्रुति के जाने के बाद हमने मृणाल को फिल्म सुनाई। सुबह 10 बजे हमने उन्हें पिच किया और दोपहर 1 बजे तक उन्होंने हाँ कह दी। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। आमतौर पर जवाब आने में हफ्ते या महीने लग जाते हैं, लेकिन उन्होंने तुरंत दिल से कहा कि उन्हें फिल्म बहुत पसंद आई।' वह कहते हैं, 'मृणाल बहुत खूबसूरत, टैलेंटेड और बेहद डाउन टू अर्थ हैं। उनसे बात करना बहुत आसान है, वो बहुत स्वीट हैं। मैं कहूंगा कि फिल्म में वो इसकी सोल हैं, जबकि मैं गुस्सा और फ्यूरी वाला हिस्सा हूं।'

### अनुराग कश्यप के साथ बेहतरीन रहा अनुभव

अनुराग कश्यप के साथ काम करने के अनुभव पर अदिवी शेष कहते हैं, 'हमें एक बहुत अच्छा एक्टर और शानदार क्राफ्ट्समैन मिला। साथ ही ऐसा लगा जैसे इंडिया के बेस्ट डायलॉग राइटर हमें बोनस में मिल गए। उनकी हिंदी बहुत अच्छी है और उन्होंने जिस सादगी के साथ काम किया, वो कमाल का था। जब हम स्क्रीन पर उन्हें देखते हैं तो वो काफी सख्त और रिबेल लगते हैं, लेकिन असल जिंदगी में वो बहुत ही सिंपल इंसान हैं। जब मैं पहली बार उनके घर गया और कहानी डिस्कस की, तो मैं सरप्राइज हो गया।'



# कोहली ने 19 गेंदों में बनाए 45 रन

- कार्तिक बोले- हर साल नया प्लान, इस बार और बेहतर दिखेंगे; 28 को आरसीबी का पहला मैच

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के शुरू होने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रहे हैं। बेंगलुरु में आरसीबी के दूसरे इंट्रा स्क्वाड मैच में विराट



कोहली ने तेज पारी खेलते हुए 19 गेंद में 45 रन बनाए। टीम के मेंटर और बैटिंग कोच दिनेश कार्तिक ने उनकी फॉर्म और इरादे की तारीफ की है।इससे पहले सोमवार को खेले गए पहले इंट्रा-स्क्वाड मैच में भी विराट ने 12 गेंदों पर 29 रन बनाए थे।

**कार्तिक बोले- कोहली खुद को बेहतर बना रहे-** मैच के बाद आरसीबी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें दिनेश कार्तिक ने कहा, आज का गेम अच्छा रहा। विराट की क्लास शुरुआत में ही दिख गई थी, उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेले। विराट की महानता यह है कि वे हर साल एक खास प्लान और इरादे के साथ आते हैं। आपने देखा कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी को किस स्तर पर पहुंचाया है। मुझे लगता है कि इस साल वे और भी बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

## लिवरपूल को झटका, सालाह सीजन के आखिर में छोड़ देंगे टीम

**लंदन (एजेंसी)।** मोहम्मद सालाह ने मंगलवार को घोषणा की कि वह सीजन के आखिर में लिवरपूल एफसी छोड़ देंगे, जिससे एनफील्ड में उनका शानदार समय खत्म हो जाएगा। 33 साल के इस खिलाड़ी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में इस खबर को कन्फर्म करते हुए कहा, बदकिस्मती से वह दिन आ गया है। यह मेरे फेयरवेल का पहला हिस्सा है, और फिर कहा, मैं सीजन के आखिर में लिवरपूल छोड़ दूंगा।



सालाह ने अप्रैल 2025 में क्लब के साथ दो साल का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, लिवरपूल ने कहा कि दोनों पार्टियों ने उनके भविष्य को लेकर एक एग्रीमेंट कर लिया है जिससे वह फ्री ट्रांसफर पर जा सकते हैं। उनके अपने ऊंचे स्टैंडर्ड के हिसाब से, पिच पर यह एक मुश्किल कैंपेन रहा है। सालाह ने सभी कॉम्पिटिशन में 34 मैचों में 10 गोल किए हैं, जिससे 2017 में क्लब जॉइन करने के बाद से उनका सीज़न का सबसे कम गोल हो गया है।

ऑफ-फील्ड दिक्कतों ने भी इसमें भूमिका निभाई है। दिसंबर में लीड्स के साथ 3-3 के ड्रॉ के बाद सालाह ने कहा कि क्लब ने उन्हें बस के नीचे फेंक दिया था और बताया कि हेड कोच आर्ने स्लॉट के साथ उनका रिश्ता टूट गया था। हालांकि जनवरी में उनके बाहर होने की अटकलें थीं, लेकिन अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में शामिल होने के बाद वह टीम में वापस आ गए। यह अभी साफ नहीं है कि सालाह अगले सीजन में कहां खेलेंगे। लिवरपूल ने कहा कि उन्होंने सपोटर्स के लिए सम्मान और आभार दिखाने और अपने भविष्य के बारे में साफ जानकारी देने के लिए यह घोषणा जल्दी करने का फैसला किया।

फतेहगढ़ साहिब पहुंचे पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह

# दुफेड़ा साहिब गुरुद्वारे में माथा टेका

- यहीं पर हेजल कीच से हुई थी शादी

**खन्ना (एजेंसी)।** फतेहगढ़ साहिब स्थित गुरुद्वारा दुफेड़ा साहिब में ब्रह्म ज्ञानी संत बाबा राम सिंह गंडुआं वालों के पवित्र अंगीठा साहिब स्थान पर दूसरा यादगारी समागम आयोजित किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस समागम में पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह भी पहुंचे। उन्होंने श्रद्धापूर्वक माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। युवराज सिंह ने संगत के साथ बैठकर कीर्तन सुना और आध्यात्मिक माहौल में समय बिताया। उनकी उपस्थिति से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। युवराज सिंह इस स्थान से लंबे समय से जुड़े हुए हैं और संत बाबा राम सिंह के पक्के श्रद्धालु हैं। यहीं पर युवराज सिंह ने ब्रिटिश मॉडल और बॉलीवुड अभिनेत्री हेजल कीच से शादी की थी।

**श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार रहे उपस्थित-** कार्यक्रम की शुरुआत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में पूरी मर्यादा के साथ हुई। भाई मनदीप सिंह



भामिया वालों ने अपने मधुर कीर्तन से संगतों को निहाल किया। कीर्तन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार रघबीर सिंह भी उपस्थित थे।

### कुलविंदर कौर ने भी संगत को संबोधित किया

समागम के दौरान बाबा जी की आध्यात्मिक बेटी कुलविंदर कौर ने भी संगत को संबोधित किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को संत बाबा राम सिंह जी के दिखाए रास्ते पर चलने और सच्चे जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए गुरु का अटूट लंगर लगाया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, सेवा और भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

# नहीं होगी आईपीएल की ओपनिंग सेरेमनी

- पिछले साल की भगदड़ के चलते बीसीसीआई का फैसला, फाइनल में ग्रैंड क्लोजिंग सेरेमनी होगी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि की है। सीजन का पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (सीएसके) के बीच 28 मार्च को होगा। देवजीत सैकिया ने मीडिया करते हुए कहा, पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना की वजह से आईपीएल 2026 के शुरू होने वाले दिन कोई फॉर्मल फंक्शन यानी ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी। बीसीसीआई कोई कल्चरल इवेंट ऑर्गनाइज नहीं कर रहा है। सैकिया ने आगे बताया, बोर्ड आईपीएल फाइनल वाले दिन ग्रैंड क्लोजिंग सेरेमनी की प्लानिंग कर रहा है। आईपीएल 2026 का फाइनल 31 मई को खेला जाएगा।



### भगदड़ में 11 लोगों की जान गई थी

4 जून 2025 को आरसीबी ने पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इसके बाद टीम ने बेंगलुरू में विक्ट्री परेड निकाली थी। इस जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### मैच से पहले दी जाएगी श्रद्धांजलि

आरसीबी और सीएसके ने बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक स्मारक पट्टिका (मेमोरियल प्लाक) लगाने और 11 सीटों को हमेशा खाली रखने का फैसला किया है। ये सीटें इंटरनेशनल मैच में भी उन 11 लोगों की याद में कभी बेची नहीं जाएंगी। स्मारक पट्टिका को स्टेडियम के एंट्री गेट के पास लगाया जाएगा, ताकि यह जगह हमेशा श्रद्धांजलि का प्रतीक बनी रहे। इसके अलावा, आईपीएल मैच से पहले पीड़ितों के नाम प्रदर्शित किए जाएंगे और एक मिनट का मौन भी रखा जाएगा, जिसमें दोनों टीमें हिस्सा लेंगी।

**फिलहाल 20 मैचों का शेड्यूल जारी किया गया है-** आईपीएल 2026 के लिए फिलहाल 20 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया गया। इसकी वजह अप्रैल-मई के दौरान पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। इन 5 राज्यों में से 3 बंगाल, तमिलनाडु और असम हैं। यहां आईपीएल मैच भी होने हैं।

## शेन-वॉर्न के परिवार को मिल सकते हैं 460 करोड़

करीब 20 साल पहले लिए फैसले से फायदा

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स से ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न के परिवार को 450 से 460 करोड़ रुपए मिल सकते है। यह फायदा वॉर्न के उस फैसले की वजह से हो सकता है, जो उन्होंने करीब 20 साल पहले टीम के साथ कॉन्ट्रैक्ट करते समय लिया था।


दरअसल, इंडियन प्रीमियर लीग के पहले सीजन में राजस्थान रॉयल्स ने स्पिनर शेन वार्न को टीम का कप्तान बनाया था। उस समय उन्हें सिर्फ खिलाड़ी और कप्तान के रूप में ही नहीं, बल्कि क्रिकेट संचालन से जुड़े कई फैसलों की जिम्मेदारी भी दी गई थी। इसी दौरान वॉर्न ने अपनी सैलरी के साथ फ्रेंचाइजी में हिस्सेदारी की मांग की थी, जिसे टीम मैनेजमेंट ने स्वीकार कर लिया था। इंडियन प्रीमियर लीग का पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स ने जीता था। 4 मार्च 2022 को शेन वॉर्न का 52 साल की उम्र में निधन हो गया था।

**डील से शेन वॉर्न के परिवार को होगा बड़ा फायदा-** राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन द्वारा किए गए समझौते के तहत वॉर्न को हर सीजन खेलने के बदले करीब 6.57 लाख डॉलर की सैलरी के साथ 0.75 प्रतिशत टीम की हिस्सेदारी दी गई।

# उस्मान तारिक की नकल करना श्रीलंकाई गेंदबाज को भारी पड़ा

- अंपायर ने गेंद को डेड बताया, टी-20 वर्ल्ड कप में से चर्चा में आए थे

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के रिचमंड कॉलेज के नेथुजा बशिथा ने 21 मार्च को गॉल में महिंदा कॉलेज के खिलाफ खेले गए 'लवर्स क्वारल' मैच में उस्मान तारिक की तरह गेंदबाजी करते हुए बीच में रुकने की कोशिश की।



क्रिकेट के मैदान पर पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक के अनोखे बॉलिंग स्टाइल की नकल करना एक खिलाड़ी को भारी पड़ गया। श्रीलंका के रिचमंड कॉलेज में खेले गए एक मैच में गेंदबाज नेथुजा बशिथा ने तारिक की शैली अपनाने की कोशिश की, लेकिन अंपायर ने इसे नियमों के खिलाफ मानते हुए गेंद को डेड बॉल करार दिया। यह मैच गॉल में 21 मार्च को रिचमंड कॉलेज और महिंदा कॉलेज के बीच खेला गया था।

पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक इन दिनों अपनी अनोखी गेंदबाजी शैली के कारण काफी चर्चा में हैं। हाल ही में समाप्त हुए आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में उन्होंने अपनी गेंदबाजी से सभी को हैरान कर दिया।

### श्रीलंकाई बॉलर ने क्या किया?

मैच के दौरान नेथुजा बशिथा ने उस्मान तारिक की तरह रुककर गेंदबाजी करने की कोशिश की। बशिथा अपने रन-अप के दौरान बीच में रुके और कई बार उछलकर गेंद फेंकी। अंपायर ने इसे तुरंत भांप लिया और गेंद को 'डेड बॉल' करार दे दिया। दरअसल, अंपायर का मानना था कि यह गेंदबाज के सामान्य बॉलिंग एक्शन का हिस्सा नहीं था, बल्कि बल्लेबाज का ध्यान भटकाने की एक कोशिश थी।

### क्या कहता है क्रिकेट का नियम?

क्रिकेट के नियमों के अनुसार, अगर कोई गेंदबाज जानबूझकर ऐसी हरकत करता है जिससे बल्लेबाज का ध्यान भटके या उसे परेशानी हो, तो अंपायर उस गेंद को डेड बॉल घोषित कर सकता है। गंभीर मामलों में अंपायर बल्लेबाजी करने वाली टीम को 5 पेनल्टी रन भी दे सकता है। बशिथा के मामले में अंपायर ने इसे अनुचित माना क्योंकि वे जानबूझकर तारिक की स्टाइल कॉपी कर रहे थे।

### तारिक का एक्शन क्यों है लीगल?

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान जब उस्मान तारिक ने अपनी गेंदबाजी से भारत और इंग्लैंड जैसे बड़े देशों के बल्लेबाजों को परेशान किया था, तब उनके एक्शन पर भी सवाल उठे थे। हालांकि, आईसीसी ने उनके बॉलिंग एक्शन को पूरी तरह 'लीगल' यानी वैध बताया है। आईसीसी के अनुसार, रुककर गेंद फेंकना तारिक के स्वाभाविक और नियमित बॉलिंग एक्शन का हिस्सा है, न कि बल्लेबाज को धोखा देने की कोई अलग से की गई कोशिश।

### वर्ल्ड कप में कैसा रहा पाकिस्तान का सफर?

उस्मान तारिक ने सुपर-8 राउंड तक पाकिस्तान को पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, श्रीलंका के खिलाफ आखिरी सुपर-8 मैच में वे काफी महंगे साबित हुए। पाकिस्तान की टीम इस बार सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई थी, लेकिन तारिक की गेंदबाजी पूरे टूर्नामेंट में 'टॉक ऑफ द टाउन' बनी रही। इसी का नतीजा है कि अब छोटे स्तर के मैचों में युवा खिलाड़ी उनके स्टाइल को अपना रहे हैं।

हर्षित राणा के रिप्लेसमेंट बने

# केकेआर में पेसर नवदीप सैनी की एंट्री

- बुमराह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे

**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को टीम में शामिल किया है। वे चोटिल हर्षित राणा की जगह खेलेंगे। हर्षित टी-20 वर्ल्ड कप के प्रैक्टिस मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ चोटिल हो गए थे।

वहीं भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। यहां वे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं। कोलकाता अपना पहला मैच मुंबई के खिलाफ 29 मई को वानखेड़े में खेलेगी।

**सैनी ने 2019 में पहला सीजन खेला-** नवदीप सैनी ने आईपीएल करियर की शुरुआत 2019 में आरसीबी के साथ की थी। पहले सीजन में उन्होंने 13 मैच में 11 विकेट लिए थे। इसके बाद वे दो सीजन आरसीबी के साथ रहे और फिर राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए। सैनी ने अब तक आईपीएल में 23 विकेट लिए हैं और भारत के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके हैं।

### राणा आईपीएल से बाहर

हर्षित राणा आईपीएल 2026 से पूरी तरीके से बाहर हो गए हैं। इससे पहले राणा चोट की वजह से टी-20 वर्ल्ड कप भी नहीं खेल पाए थे। टीम मैनेजमेंट ने विकल्पों पर चर्चा के बाद सैनी को चुना। इससे पहले च्चक्रआकाश दीप की जगह सौरभ दुबे को भी टीम में शामिल कर चुका है।



### बुमराह स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे

इधर, भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। यहां वे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं। बुमराह आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। हाल ही में उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े में अभ्यास भी शुरू कर दिया है।



मियामी ओपन

# सबालेंका सेमीफाइनल में, रयबाकिना से होगा महामुकाबला

**मियामी (एजेंसी)।** मियामी ओपन में वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हेली बैप्टिस्ट को 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यह लगातार दूसरा साल है जब सबालेंका मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। मैच में बैप्टिस्ट ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन सबालेंका ने अहम मौकों पर शानदार खेल दिखाया।

**पहले सेट में बचाए ब्रेक पॉइंट-** पहले सेट में बैप्टिस्ट ने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन सबालेंका ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर मैच पर पकड़ बना ली। सेट के अंत में बैप्टिस्ट ने डबल फॉल्ट कर दिया, जिसका फायदा उठाकर सबालेंका ने पहला सेट अपने नाम कर लिया।



- **दूसरे सेट में भी दबाव में टूटी बैप्टिस्ट-** दूसरे सेट में बैप्टिस्ट ने वापसी करते हुए स्कोर 4-4 कर लिया था।
लेकिन 5-4 पर सबालेंका की सर्विस के बाद बैप्टिस्ट फिर दबाव में आ गईं और लगातार तीन डबल फॉल्ट कर बैठीं, जिससे सबालेंका को मैच प्वाइंट मिल गया। इसके बाद सबालेंका ने शानदार फोरहैंड विनर लगाकर मैच जीत लिया।
- **सेमीफाइनल में फिर होगी रयबाकिना से भिड़ंत-** अब सेमीफाइनल में सबालेंका का मुकाबला ईलेना रयबाकिना से होगा। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक 16 मुकाबले हुए हैं, जिसमें सबालेंका 9-7 से आगे हैं। हाल ही में इंडियन वेल्स फाइनल में भी सबालेंका ने रयबाकिना को हराकर खिताब जीता था।
- **रयबाकिना ने पेगुला को हराकर बनाई जगह-** दूसरी ओर, वर्ल्ड नंबर-2 ईलेना रयबाकिना ने जेसीका को 2-6, 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। रयबाकिना ने धीमी शुरुआत के बाद शानदार वापसी की और मैच जीत लिया।
यह 2026 में उनका दूसरा सेमीफाइनल है। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब भी जीता था।
- **मियामी ओपन सेमीफाइनल में शानदार रिकॉर्ड-** रयबाकिना का मियामी ओपन सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 2-0 का है। उन्होंने 2023 में पेगुला और 2024 में विक्टोरिया को हराया था, लेकिन दोनों बार फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2023 में पेट्रा कोवीटोवा और 2024 में कोलीन्स ने उन्हें फाइनल में हराया था।

## संक्षिप्त समाचार

### अक्सर परेशान करता था इसलिए मार डाला'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के दयालपुर इलाके में बीती रात 15 वर्षीय किशोर सुभान की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद इलाके में दहशत का



माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, हत्या की वजह आपसी झगड़ा बताई जा रही है। इलाके के ही कुछ नाबालिग आरोपितों पर शक है, जो वारदात के बाद से फरार थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी जिसमें उसे सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में तीन नाबालिग आरोपितों को पकड़ लिया है, जिनकी उम्र 13 से 17 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि मृतक उनमें से एक को अक्सर परेशान और बुली करता था। इसी बात से नाराज होकर तीनों ने मिलकर उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है।

### मयूर विहार में चचेरे भाई ने बहन का गला रेता, हालत गंभीर; थाने पहुंचकर किया सरेंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मयूर विहार इलाके में रिश्तों को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। यहां चचेरे भाई ने बहन का गला रेत दिया और इसके बाद थाने पहुंचकर सरेंडर




कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें हालत नाजुक देखते हुए जीटीबी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पीड़िता की पहचान अफसाना के रूप में हुई है, जबकि आरोपित चचेरे भाई का नाम असलम बताया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। पुलिस के अनुसार, आरोपित असलम वारदात के बाद सीधे थाने पहुंचा और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक जांच में घरेलू विवाद की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वारदात के पीछे की असली वजह का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। इलाके में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि घटना के हर पहलू को स्पष्ट किया जा सके।

### शराब की गुणवत्ता की जांच अब हर तीन महीने में होगी अनिवार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने सभी थोक लाइसेंसधारियों को निर्देश दिया है कि शहर में बिकने वाली शराब की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हर तीन महीने में हर रजिस्टर्ड आइएमएफएल ब्रांड का सैंपल अनिवार्य रूप से जमा करें। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दिल्ली में मंजूर सभी इंडियन मेड फॉरेन लिकर ब्रांड को हर तीन महीने में नियमित रूप से टेस्टिंग के लिए सरकार की एक्साइज कंट्रोल लैब से गुजरना जरूरी है। विभाग ने हाल ही में सभी एल-1 लाइसेंसधारियों को एक सर्कुलर जारी कर इस निर्देश का सख्ती से पालन करने को कहा है। अधिकारियों ने बताया कि 2024-25 में लैब ने विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए।

# डिजिटल अरेस्ट, निवेश और ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, 6 जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश और ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए, अलग अलग राज्यों से बाहरी उत्तरी जिला साइबर सेल ने छह आरोपितों को पकड़ा है। इनकी गिरफ्तारी से 10.6 करोड़ की ठगी की बात सामने आई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 19 लाख रुपये बरामद किए हैं। जिसमें से कुछ रकम अदालत के आदेश पर पीड़ितों को लौटा दी गई हैं।



जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि साइबर सेल की टीम चार शिकायतों की तकनीकी जांच कर रही थी। जिसके जरिए पुलिस को आरोपितों के बारे में जानकारी मिली।

इस जानकारी पर निरीक्षक गोविंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिल्ली के अलावा झारखंड, उत्तराखंड राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में संयुक्त रूप से छापामारी कर ऑनलाइन ठगी में शामिल छह आरोपितों को पकड़ लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक मामले में बुजुर्ग दंपती को आरोपितों ने डिजिटल अरेस्ट कर 20 लाख रुपये ठग लिए थे। आरोपितों ने खुद को ट्राई और सीबीआई अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपती पर एक सप्ताह तक मानसिक दबाव बनाया और उनसे 20 लाख रुपये अपने बैंक खाते में डलवा लिए।

इस मामले की जांच में पता चला कि 18.5 लाख रुपये बंधन बैंक के खाते में ट्रांसफर हुए थे। बैंक खाता झारखंड के रांची निवासी शशिकांत कुमार के नाम से था। पुलिस टीम ने रांची में छापेमारी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि आरोपित का खाता 35 शिकायतों से जुड़ा है और इसमें ठगी के दो करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। निवेश पर मुनाफा के नाम पर एक शख्स से 7.79 लाख रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने रुड़की उत्तराखंड से खालिद त्यागी को गिरफ्तार किया। उसके खाते में 2.83 लाख रुपये डाले गए थे। जांच में पता चला कि आरोपिक का बैंक खाता 25 शिकायतों और करीब 4.08 करोड़ की ठगी से जुड़ा हुआ है। आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने के मामले में साइबर सेल ने शाहदरा से सचिन मित्तल को गिरफ्तार किया है। उसका बैंक खाता 24 शिकायतों और 1.1 करोड़ की ठगी से जुड़ा पाया गया है। वहीं, चौथे मामले में सिम कार्ड का दुरुपयोग का आरोप लगाकर डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर आठ लाख की ठगी के मामले में पुलिस ने भोपाल के एक बैंक खाते से पूरी रकम बरामद कर ली।

# दिल्ली विधानसभा में आप के बयान पर तीखी आपत्ति, निंदा प्रस्ताव किया पारित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विधानसभा के बजट सत्र में तीसरे दिन गुरुवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा स्कूली छात्राओं को लेकर दिए गए कथित बयान पर खासा विरोध देखने को मिला। इस मुद्दे पर सदन में गंभीर आपत्ति जताई गई और विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता द्वारा मामले का संज्ञान लिया गया। दरअसल, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बजट 2026-27 में 9वीं कक्षा की हर छात्रा को साइकिल देने की घोषणा की है ताकि उनकी शिक्षा तक पहुंच आसान हो सके। इसके साथ ही 10वीं कक्षा में मेरिट में आने वाली छात्राओं को लैपटाप देने का भी प्रविधान किया गया है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने इसे लेकर कहा था कि इन्हें लेकर उत्तर प्रदेश जाएंगे और अखिलेश यादव की पार्टी का चुनाव प्रचार कराएंगे। समाजवादी पार्टी का चुनाव चिन्ह साइकिल है। अगली बार इन्हें झाड़ू दे देंगे। भाजपा विधायकों ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीतिक विरोध के नाम पर देश की बेटियों की गरिमा तक को ठेस पहुंचाई जा रही है। विधायक सतीश उपाध्याय ने इस विषय को उठाते हुए कहा कि यह केवल एक बयान का मुद्दा नहीं है,



बल्कि यह महिलाओं और बेटियों के प्रति आम आदमी पार्टी की सोच और मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से दिल्ली की स्कूली बच्चियों को लेकर टिप्पणी की गई, वह न केवल निंदनीय है, बल्कि यह देश की बेटियों का सीधा अपमान है। भाजपा विधायक शिखा राय ने भी इस मुद्दे पर कड़ा विरोध दर्ज करते हुए कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियां दिल्ली की बहनों और बेटियों के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से छात्राओं को राजनीतिक प्रचार का माध्यम बताने की बात कही गई।

# अपने बच्चों को जहन्नुम में न भेजें, अमेरिकी जनता से बोला आईआरजीसी

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** अमेरिका और इस्राइल की ईरान पर संभावित जमीनी सैन्य कार्रवाई के खिलाफ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने चेतावनी जारी की है। आईआरजीसी ने अमेरिका की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को जहन्नुम में न भेजें। वहीं, इस्राइल ने ईरान के कई शहरों पर हमले जारी रखे हैं। आईआरजीसी ने अमेरिका और इस्राइल को आगाह किया है कि वे ईरान की जमीन पर किसी भी संभावित सैन्य कार्रवाई के बारे में न सोचें। आईआरजीसी ने अमेरिका और इस्राइल की जनता को संबोधित एक बयान में कहा कि बेंजामिन नेतन्याहू और डोनाल्ड ट्रंप के धोखे में अपने बच्चों को नरक में न भेजें। उन्होंने कहा कि हमलावर सैनिक ईरानी राष्ट्र के लाखों लोगों के सागर में डूब जाएंगे और गायब हो जाएंगे। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि युद्धक्षेत्र की वास्तविकताओं को तोड़-मरोड़ कर पेश करके लोगों को गुमराह किया जा रहा है। बयान में कहा गया है, 'युद्ध की सच्चाई आपको अमेरिकी गैस स्टेशनों पर, ईरान की सड़कों पर, तेल अवीव और हाइफा के आसमान में देखनी चाहिए।' एक रिपोर्ट के अनुसार पेंटागन 82वीं एयरबोर्न डिवीजन से सैनिकों को मध्य पूर्व में तैनात करने की योजना बना रहा है। इस रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि पेंटागन डिवीजन के कुछ हिस्सों को क्षेत्र में भेजने की योजना बना रहा है, जिसमें एक कमांड और कुछ जमीनी बल शामिल हैं। यह तैनाती अमेरिका की ओर से खर्ग द्वीप पर एक संभावित ज़मीनी कार्रवाई की ओर इशारा कर रही है।

# ईरान में उतर सकती है 82वीं एयरबोर्न डिवीजन

## दूसरे विश्व युद्ध में अमेरिका की जीत में भूमिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक तरफ तो ईरान के साथ बातचीत होने तक उसके प्रमुख ऊर्जा संयंत्रों को निशाना न बनाने की बात कही है, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका तेजी से पश्चिम एशिया में में अपनी सैन्य टुकड़ियों की तैनाती बढ़ा रहा है। ईरान युद्ध में अमेरिका की इस दोतरफा नीति के बीच उसकी 82वीं एयरबोर्न डिवीजन की चर्चाएं सबसे ज्यादा हैं, जो कि सामान्य सेना की तरह युद्ध में नहीं उतरती, बल्कि यह बल अपने कौशल के जरिए संघर्ष का रुख बदलने की क्षमता रखता है। अमेरिका-इस्राइल की तरफ से ईरान के खिलाफ किए गए हमले और इसके बाद तेहरान की तरफ से किए गए पलटवार का दौर लगातार 26वें दिन भी जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एलान किया था कि उनके कुछ अधिकारी ईरानी शासन के साथ संपर्क में हैं और अगले पांच दिन बातचीत पर जोर देंगे। अमेरिका-इस्राइल की तरफ से ईरान के खिलाफ किए गए हमले और इसके बाद तेहरान



की तरफ से किए गए पलटवार का दौर लगातार 26वें दिन भी जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एलान किया था कि उनके कुछ अधिकारी ईरानी शासन के साथ संपर्क में हैं और अगले पांच दिन बातचीत पर जोर देंगे। इस बीच सामने आया कि ट्रंप ने कुछ समय पहले ही जिन 5000 मरीन्स को ईरान के आसपास तैनाती के लिए भेजने की बात कही थी, वह कुछ समय में ही पश्चिम एशिया में मौजूद होंगी। ऐसे में ईरान से जुड़े विश्लेषकों ने कहा कि ट्रंप पांच दिन बातचीत का बहाना बना रहे हैं, ताकि वह अपनी नई सैन्य टुकड़ियों के जरिए ईरान के खिलाफ नई रणनीति को अंजाम दे पाएं। खबरें आईं कि अमेरिका अपनी 82वीं एयरबोर्न डिवीजन को भी ईरान में उतारने की तैयारी कर रहा है, ताकि संघर्ष में अपने कुछ लक्ष्यों को तुरंत पूरा किया जा सके। विश्व युद्ध में इसके साहसिक अभियानों से मिली। 6 जून 1944 को डी-डे (ऑपरेशन ओवरलॉर्ड) के दौरान, इसके लगभग 6,400 पैराट्रूपर्स को नाजी-कब्जे वाले फ्रांस के नॉरमैंडी में दुश्मन की सीमा के पीछे पैराशूट से उतारा गया था। इस रणनीति का असर यह हुआ कि जो जर्मन सेना अमेरिका के मित्र देशों की सेना (अलायड फोर्सेज) का सामना करने के लिए बढ़ रही थी, उसके लिए पीछे अमेरिकी सैनिकों का खतरा भी बढ़ गया। ऐसे में जर्मनी के लिए यह दो दिशाओं वाला युद्ध बन गया। दूसरी तरफ अमेरिका ने दुश्मन की धरती पर सैनिक उतारकर अहम पुलों पर कब्जा किया। साथ ही अहम रास्तों को सुरक्षित किया और जर्मन सेना को होने वाली रसद और गोला-बारूद की सप्लाई में बड़ा रोड़ा लगा दिया। 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिकों ने इस दौरान 33 दिन तक बिना किसी राहत सामग्री के युद्ध किया और जर्मन सेना को उलझाए रखा।

# ईरान पर इस्राइल-अमेरिकी हमलों में आई तेजी, शिराज क्षेत्र में दो किशोरों की मौत

## अमेरिका-इस्राइल की ओर से ईरान पर बढ़ाए गए हमले

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास दूसरे हमले के बाद रूस के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका और इस्राइल पर जानबूझकर परमाणु आपदा को भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इसकी वजह से मॉस्को को ईरान और रूस के संयुक्त रूप से निर्मित स्थल से और अधिक कर्मचारियों को निकालना पड़ा है। आईआरएनए समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार शाम को शिराज क्षेत्र के काफ्री गांव में एक आवासीय क्षेत्र पर अमेरिकी-इस्राइली हमले में दो किशोर लड़कों की मौत हो गई। हमले में मारे गए लड़कों की पहचान इल्या और अमीर हुसैन शराफी के रूप में हुई है।

**यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस बोले- पश्चिम एशिया संघर्ष का सबसे बुरा असर गरीबों और कमजोरों पर**

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का सबसे अधिक प्रभाव सबसे गरीब और सबसे कमजोर आबादी पर पड़ रहा है। उन्होंने युद्ध को तत्काल खत्म करने और कूटनीति के लिए एक नए सिरे से प्रयास करने का आह्वान किया है। एक्स पर एक



पोस्ट में गुटेरेस ने कहा कि संघर्ष के मानवीय परिणाम उन नागरिकों द्वारा भुगते जा रहे हैं जिनकी इस संघर्ष में कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा, 'मध्य पूर्व में संघर्ष के झटके उन लोगों को सबसे अधिक लग रही हैं जिनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है: सबसे गरीब और सबसे कमजोर।'

ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमलों की संख्या और तीव्रता बढ़ती जा रही है। यह सिलसिला लगातार चल रहा है। ईरान के शिराज में हुई बमबारी में दो लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं, दक्षिण में स्थित लामर्ड हवाई अड्डे पर भी बमबारी की गई है। युद्ध की शुरुआत से ही इस्फहान और कराज पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। जर्मनी के रक्षा मंत्री ने कहा कि ईरान युद्ध 'विश्व की अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक आपदा' है। बोरिस पिस्टोरियस ने ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच छिड़े युद्ध के राजनयिक समाधान का आह्वान किया है। उन्होंने इस संघर्ष को आर्थिक विपदा बताया है। कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई संसद भवन में पत्रकारों से बात करते हुए पिस्टोरियस ने कहा कि जर्मनी किसी भी प्रकार की शांति स्थापित करने में मदद करने के लिए तैयार है। कुवैत ने जारी की विकिरण संबंधी चेतावनी, ईरान के परमाणु संयंत्र के पास हुआ था हमला कुवैत ने विकिरण संबंधी चेतावनी जारी की।

## ● हिंद महासागर में गिरने का वीडियो भी जारी!

# ईरान ने किया अमेरिकी एफ-18 लड़ाकू विमान गिराने का दावा

**तेहरान, एजेंसी।** मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच ईरान ने बड़ा दावा किया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि उसने अमेरिकी स्न/-18 हॉर्नेट लड़ाकू विमान को सफलतापूर्वक निशाना बनाकर गिरा दिया। आईआरजीसी के अनुसार, चाबहार के पास ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम ने इस फाइटर जेट को टारगेट किया, जिसके बाद यह इंडियन ओसीन में गिर गया। ईरान ने इस दावे के समर्थन में एक वीडियो भी जारी किया है।

ईरानी नेता एमबी ग़ालिबफ़ ने चेतावनी देते हुए कहा कि कुछ जानकारी के आधार पर ईरान के दुश्मन, किसी क्षेत्रीय देश के समर्थन से, उसके एक द्वीप पर कब्जा करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर रख रही है और अगर किसी ने सीमा पार करने की कोशिश की तो उस देश के सभी महत्वपूर्ण ढांचे को बिना किसी रोक-टोक के नष्ट कर दिया जाएगा। इससे पहले भी ईरान ने दावा किया था कि उसने अमेरिकी



एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन पर क्रूज मिसाइलों से हमला किया है। ईरान ने चेतावनी दी कि अगर यह पोत दोबारा उसकी सीमा के पास आया तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे। हालांकि, अमेरिकी यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड ने

इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि उनका कोई भी फाइटर जेट या पोत नष्ट नहीं हुआ है। ईरान ने यह भी दावा किया कि उसने अमेरिका के अत्याधुनिक एफ-35 लरइटिंग टू फाइटर जेट को निशाना बनाया, जिसके बाद उसे इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। सेंटकॉम के मुताबिक, यह पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट ईरान के ऊपर एक मिशन के दौरान हमले का सामना करने के बाद एक अमेरिकी एयरबेस पर सुरक्षित उतारा गया।

# फिर करवट लेगा मौसम, तेज हवाओं और बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो तीन दिन से दोबारा गर्म हो रहा दिल्ली का मौसम गुरुवार को फिर करवट ले लेगा। दिन भर बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने एवं 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा के साथ धूल भरी आंधी और हल्की वर्षा होने के भी आसार है। न्यूनतम तापमान 18 डिग्री जबकि अधिकतम 34 डिग्री रहने की संभावना है। इस बीच बुधवार को तेज धूप ने गर्मी का एहसास कराया। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम 16.4 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 94 से 33 प्रतिशत रिकार्ड हुआ। सबसे कम अधिकतम तापमान 30.0 डिग्री मुंगेशपुर जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री लोधी रोड एवं आयानगर में रहा। स्काईमेट वेदर के मौसम विज्ञानी महेश पलावत ने कहा, 'इस मार्च में असामान्य वर्षा देखी गई है।



आमतौर पर इस महीने में मानसून से पहले की छिटपुट बौछारें ही होती हैं, लेकिन इस बार कई बार वर्षा हुई है। इसका कारण पश्चिमी विक्षोभ की एक श्रृंखला है, जिनमें से एक 15 मार्च से सक्रिय है और सामान्य से कम ऊंचाई पर आ रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ ने मध्य पाकिस्तान और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी हरियाणा के आसपास के हिस्सों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनाया है। इसके परिणामस्वरूप ही गुरुवार को दिल्ली के कुछ हिस्सों में तेज हवाएं, हल्की वर्षा और धूल भरी आंधी आने की संभावना है। हालांकि इस प्रणाली का तापमान पर तत्काल कोई खास असर नहीं पड़ेगा, लेकिन महीने के अंत तक इसका अधिक स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलेगा।'

मौसम के पूर्वानुमान के बारे में बताते हुए पलावत ने कहा कि महीने के अंत तक बारिश होने की संभावना है। '29 से 31 मार्च के बीच देश के बड़े हिस्से में व्यापक वर्षा होने की संभावना है। इस लंबे समय तक चलने वाली वर्षा से तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है और मार्च के अंत तक दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के मध्य तक पहुंचने की संभावना है।' इस बीच गुरुवार को दिल्ली का एक्यूआइ 183 के साथ 'मध्यम' श्रेणी में बना रहा। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के अनुसार, गुरुवार से 28 मार्च तक वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में रहने की संभावना है।

# बांग्ला लेखक रामकुमार मुखोपाध्याय को 'हर पार्वती कथा' के लिए मिला प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय साहित्य के क्षेत्र में दिया जानेवाला प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान 22 साल बाद बांग्ला भाषा के लेखक रामकुमार मुखोपाध्याय की कृति 'हर पार्वती कथा' को प्रदान करने की घोषणा की गई है। इसके पहले 2004 में बांग्ला के लेखक सुनील कुमार गंगोपाध्याय को सरस्वती सम्मान प्रदान किया गया था। केके बिड़ला फाउंडेशन के इस पुरस्कार में लेखक को 15 लाख रुपए की सम्मान राशि के साथ प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह दिया जाता है। रामकुमार मुखोपाध्याय की कृति हर पार्वती कथा का प्रकाशन वर्ष 2020 में हुआ था। हर पार्वती कथा शिव पार्वती की पौराणिक कथा को केंद्र में रखकर लिखा गया है। सम्मान के लिए चयन सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अर्जुन कुमार सीकरी की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय समिति ने की। मुखोपाध्याय के अब तक नौ उपन्यास, 11 कहानी संग्रह, चार निबंध संग्रह, दो यात्रा वृत्तांत और 54 भाषाओं की 128 लोककथाओं का संकलन प्रकाशित हो चुके हैं। इसके पहले उनको बंकिमचंद पुरस्कार, सोमेन चंदा स्मृति पश्चिम बंग पुरस्कार, बांग्ला अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। फिलहाल वो शरत समिति के अध्यक्ष हैं।

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी सम्पन्न कराने को अलर्ट मोड पर बोकारो पुलिस






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनवमी को लेकर बोकारो पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। किसी भी संभावित अनहोनी से निपटने की तैयारी के तहत पुलिस ने बोकारोझरामगढ़ मुख्य मार्ग के सिवनडीह क्षेत्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान हरविंदर सिंह स्वयं मौजूद रहे और पूरी व्यवस्था का जायजा लिया। मॉक ड्रिल में विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस बल को प्रशिक्षित किया गया। अभ्यास

## बोकारो पुलिस ने मॉक ड्रिल कर जिले वासियों को भयमुक्त होकर रामनवमी मनाने का दिया संदेश

के दौरान उग्र भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए और लाठीचार्ज का प्रदर्शन किया गया। साथ ही यह भी सिखाया गया कि ऐसी स्थिति में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल कैसे पहुंचाया जाए, ताकि नुकसान को कम किया जा सके। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि जिले में रामनवमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महावीरी झंडा लेकर जुलूस निकालेंगे और विसर्जन के लिए विभिन्न मार्गों से गुजरेंगे। इस दौरान असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि जिलेभर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जिसमें अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील इलाकों की निगरानी और त्वरित कार्रवाई दल शामिल हैं। पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो, ताकि आम नागरिक बिना किसी डर के अपने धार्मिक आस्था का पालन कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### लूट कांड का बोकारो पुलिस ने महज 12 घंटे में किया खुलासा, तीन लुटेरे गिरफ्तार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र में रिकवरी एजेंट से हुई लूट कांड का पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल और नगद राशि भी बरामद कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, कुर्मी डीह क्षेत्र में लोन रिकवरी कर लौट रहे एजेंट को आरपीएफ बैरक के पास तीन अपराधियों ने रोक लिया। इसके बाद बदमाशों ने मारपीट कर पर्स, मोबाइल, करीब 2 हजार रुपये नकद और मोटरसाइकिल लूट ली। इतना ही नहीं, अपराधियों ने धमकी देकर फोनपे का पासवर्ड भी ले लिया और खाते से 5300 रुपये की निकासी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर बालीडीह थाना में कांड संख्या 62/26 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर 12 घंटे के भीतर कांड का खुलासा कर दिया। छापेमारी के दौरान लूटी गई बाइक, मोबाइल और 3420 रुपये बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना भैरव यादव समेत प्रियांशु कुमार और रोहित कुमार शामिल हैं, जिनका आपराधिक इतिहास रहा है। अनिमेष गुप्ता, डीएसपी मुख्यालय ने बताया, तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, आगे की कार्रवाई जारी है।

### बीएसएल के कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग ने रचा नया कीर्तिमान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग ने उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एक ही दिन में 538 ओवन पुशिंग कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया. यह उपलब्धि छह बैटरियों के संचालन के साथ प्राप्त की गई, जिससे संयंत्र के उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने विभाग का दौरा कर बैटरी संख्या 5 एवं 6 के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. वर्तमान में बैटरी संख्या 5 में कोल्ड रिपेयर का कार्य चल रहा है, जबकि बैटरी संख्या 6 का पुनर्निर्माण किया जा रहा है. अपने दौरे के दौरान श्री दत्त ने #5 एवं 6 के कार्यस्थल का निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने सम्मेलन कक्ष में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर टीम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी. उन्होंने टीम को इसी उत्साह और गति को बनाए रखते हुए निरंतर उच्च स्तर का उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया. मुख्य महाप्रबंधक भास्कर प्रसाद ने इस सफलता का श्रेय टीम के अथक प्रयासों, शीर्ष प्रबंधन एवं केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता को बनाए रखते हुए हासिल की गई है. साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि टीम भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रहेगी.

### 20 हजार उपभोक्ताओं की कटी बिजली, स्मार्ट मीटर पर विवाद, विधायक ने किया हस्तक्षेप

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिजली बिल बकाया और स्मार्ट मीटर की समस्या को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। जिले के करीब 20 हजार उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिल भुगतान करने के बावजूद उनसे दोबारा भुगतान करने को कहा जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने गुरुवार को बिजली विभाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा से मुलाकात की और आम जनता की समस्याओं को उठाया। विधायक ने कहा कि बिना पूर्व सूचना के अचानक बिजली काटना गलत है। उन्होंने मांग की कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी सभी जानकारी लोगों को स्पष्ट रूप से दी जाए। महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर में बैलेंस नेगेटिव होने पर कनेक्शन स्वतः कट जाता है, जो इस सिस्टम का फीचर है।

### तेली साहू महासभा का 30 मार्च को एक दिवसीय धरना

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को अखिल भारतीय तेली साहू महासभा के द्वारा हीरापुर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सभा के जिलाध्यक्ष जगदीश साव ने मीडिया को बताया कि बरकागाँव में एनटीपीसी के द्वारा झारखण्ड सरकार पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव, पूर्व विधायक निर्मला देवी को वेबजह उनके मकान को ध्वस्त कर उनकी छबि को धूमिल किया जा रहा है। जिसका पूरे झारखण्ड के तेली साहू समाज घोर निंदा करती है इसी संदर्भ में आगामी 30 मार्च को रणधीर वर्मा चौक स्थित धरना स्थल में अखिल भारतीय तेली साहू महासभा की और से एक दिवसीय धरना दिया जायेगा।

# आस्था, विश्वास और एकता का प्रतीक रामनवमी का पर्व : उपायुक्त

## उपायुक्त ने बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का किया दौरा






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनवमी जैसे पावन पर्व के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। इसी क्रम में गुरुवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने बेरमो अनुमंडल अंतर्गत कसमार, पेटरवार, गोमिया, साढ़म, कथारा, जारींगडीह, फुसरो एवं बेरमो आदि क्षेत्र का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### भक्ति और सेवा के संगम में दिखी जनभागीदारी

दौरे के दौरान उपायुक्त (डीसी) ने विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया, जहां श्रद्धालुओं की आस्था और सेवा भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। अखाड़ा समितियों एवं स्थानीय लोगों के उत्साह ने यह संदेश दिया कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला एक मजबूत सूत्र है।

### आपसी भाईचारा ही पर्व की सबसे बड़ी शक्ति

अखाड़ा समिति के सदस्यों से संवाद करते हुए उपायुक्त (डीसी) ने कहा कि रामनवमी हमें मयार्दा, संयम और एकता का संदेश देती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस पर्व को प्रेम, भाईचारे और आपसी सम्मान के साथ मनाएं, ताकि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो।

### युवाओं और वोलेंटियर्स से जिम्मेदारी निभाने की अपील

उपायुक्त ने वोलेंटियर्स को इस आयोजन की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनकी सतर्कता और सेवा भावना ही आयोजन को सफल बनाती है। उन्होंने सभी वोलेंटियर्स को आईडी कार्ड धारण करने, अनुशासन बनाए रखने एवं हर परिस्थिति में संयम से कार्य करने की सलाह दी।

### सतर्कता और सहयोग से ही सुरक्षित होगा उत्सव

उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। आपकी जागरूकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, यह कहते हुए उन्होंने लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, हर कदम पर प्रशासन सतर्क

उपायुक्त ने बताया कि शोभा यात्रा/जुलूस एवं अन्य आयोजनों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। सादे लिबास में भी पुलिस पदाधिकारी तैनात हैं, ताकि हर गतिविधि पर नजर बनी रहे।

### हनुमान जी से जिले की सुख-शांति की प्रार्थना

पूजा पंडालों के भ्रमण के दौरान उपायुक्त (डीसी) ने भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा कर जिलेवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पर्व हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और एकता का संदेश लेकर आए।

### मिलजुल कर मनाएं पर्व, यही हमारी पहचान

अंत में उपायुक्त ने कहा कि रामनवमी केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है। आइए, हम सभी मिलकर इस पर्व को प्रेम, शांति और भाईचारे के साथ मनाएं और अपने बोकारो जिले को एक आदर्श उदाहरण बनाएं।

# प्रतिरक्षा प्रणाली को संक्रमण से लड़ने के लिए तैयार करता है टीका : सिविल सर्जन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण के खिलाफ लड़ने के लिए एचपीवी टीकाकरण शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को तैयार करता है। यह एक 'कैंसर-निवारक' वैक्सीन है, जो वायरस के संक्रमण को होने से पहले ही रोकता है। उपरोक्त बातें सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में मीडिया को बताई। उन्होंने कहा कि 30 मार्च 2026 से जिले के सदर अस्पताल एवं सभी आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अभियान की शुरूआत होगी, जो 29 जून 2026 तक चलेगा। इसमें जिले की 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु की 31000 बच्चियों को टीका देने का लक्ष्य है। उन्होंने इस आयु वर्ग की बच्चियों के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण टीका है, जो ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव करता है। यह वायरस सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) सहित अन्य जननांग कैंसर और मस्सों का मुख्य कारण है। यह लड़कियों के लिए अत्यधिक अनुशंसित है और यौन रूप से सक्रिय होने से पहले लगवाना सबसे प्रभावी है। यह टीका शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को एचपीवी संक्रमण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार करता है। यह एक 'कैंसर-निवारक' वैक्सीन है, जो वायरस के संक्रमण को होने से पहले रोकता है। पत्रकार वार्ता में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के एसएमओ डॉ दीपक कुमार ने बताया कि यह टीका बहुत सुरक्षित है और इसके साइड इफेक्ट्स बहुत कम या न के बराबर हैं। यह टीका एचपीवी संक्रमण होने के बाद काम नहीं करता है, इसलिए इसे यौन रूप से सक्रिय होने से पहले लगवाना ही हितकारी है। टीका लगवाने के लिए यू-वीन पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना है। तत्पश्चात टीका लेने के लिए सदर अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आना है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन काफी महंगा है। बाहर लगाने से इसके 2 डोज लेने पड़ते हैं। जबकि सरकार ने इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया है। 14 वर्ष से अधिक तथा 15 वर्ष से कम आयु की बच्चियों को टीका एक डोज लगाया जाएगा। बताया कि अध्ययन दर्शाते हैं कि एचपीवी टीका अत्यधिक प्रभावी और इम्यूनोजेनिक होते हैं। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में इनकी प्रभावशीलता 93-100% होती है। वैक्सीन प्रजनन क्षमता तथा मासिक धर्म चक्र पर भी कोई असर नहीं डालती है। पत्रकार वार्ता में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, डॉ रोहित गौतम, डॉ दीपक कुमार, डीपीएम प्रतिमा कुमारी मौजूद थे।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव पर्व मर्यादा के साथ मनाएं : उपायुक्त

## शांति,अनुशासन और सामाजिक सौहार्द बनाएं रखने पर जोर



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनवमी के पावन अवसर पर उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए पर्व को मयार्दा, शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह पर्व आदर्शों और धार्मिक आस्था का प्रतीक है, इसलिए इसे गरिमा के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### भड़काऊ गतिविधियों से दूर रहने की अपील

उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान खुशियों और सकारात्मक माहौल को प्राथमिकता दें। किसी भी प्रकार के उन्माद एवं अतिरेक में भड़काऊ भाषणों और अश्लील गानों से परहेज किया जाए, ताकि सामाजिक सौहार्द बना रहे।

### जुलूस में सुरक्षा और अनुशासन का रखें विशेष ध्यान

उन्होंने कहा कि जुलूस और शोभायात्राओं में महिलाओं और बच्चों की भागीदारी को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जाए। आयोजन कमेटी अपने सभी वोलेंटियर्स को पहचान पत्र (आइडी कार्ड) दें और प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट का सख्ती से अनुपालन करें।

### सभी स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस रहेंगे तैनात

उपायुक्त ने कहा कि आयोजन के दौरान प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे और वह आपके सहयोग के लिए हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट करने में सतर्कता जरूरी

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें हैं। आमजन किसी भी तरह की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री के पोस्ट/प्रसार से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### धार्मिक आस्था के साथ संयमित उत्सव मनाने का दिया संदेश

उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने सभी जिला वासियों को रामनवमी पर्व की बधाई दी है। साथ ही, आग्रह किया है कि रामनवमी का पर्व धार्मिक आस्था, संयम और शांति के साथ मनाएं, ताकि समाज में एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हो।

# रामनवमी को लेकर धनबाद में हाई अलर्ट, कंट्रोल रूम से निकला भव्य फ्लैग मार्च



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राम नवमी के पावन पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम से एक विशाल और प्रभावशाली फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसने पूरे शहर में सुरक्षा और कानून व्यवस्था का मजबूत संदेश दिया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उनके साथ जिले के तमाम वरीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। फ्लैग मार्च में शामिल सभी अधिकारी और जवान बाइक पर सवार होकर शहर के प्रमुख, भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरे। यह मार्च कोर्ट मोड़, बेकारबांध, झाडूडीह, बाबूडीह, विनोद बिहारी चौक, भूली, आरा मोड़, पांडरपाला, आजाद नगर, रहमतगंज, वासेपुर, नया बाजार, बैंक मोड़, पुराना बाजार, जोड़ाफाटक, धनसार और शास्त्री नगर जैसे क्षेत्रों में निकाला गया। इन इलाकों में पुलिस की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का एहसास और विश्वास दोनों बढ़ा। फ्लैग मार्च के दौरान उपायुक्त आदितु रंजन ने स्पष्ट संदेश दिया कि राम नवमी जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व को सभी लोग आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ बयान या असामाजिक गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि पूरे जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल, क्यूआरटी , दंगा नियंत्रण बल और सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही, कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर पैनी नजर है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को डायल 112 पर दें। साथ ही, सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहें और किसी भी अपुष्ट जानकारी को साझा न करें।

### बीएसएल में वेंडर मीट का आयोजन 30 मार्च को

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा सेवा अनुबंधों के लिए अनुभवी एवं इच्छुक वेंडरों के साथ एक वेंडर मीट का आयोजन किया जा रहा है. इस बैठक का उद्देश्य संभावित वेंडरों के साथ संवाद स्थापित करना तथा विभिन्न सेवाओं से संबंधित कार्यों पर विस्तृत चर्चा करना है. यह वेंडर मीट 30 मार्च 2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक एचआर-एल एंड डी सेंटर, कॉन्फ्रेंस रूम-1, बैठक में एंटी-लार्वल मच्छर नियंत्रण सेवाएं तथा कचरा संग्रहण एवं परिवहन कार्य से संबंधित सेवा अनुबंधों पर चर्चा की जाएगी. इसके साथ ही कार्य के दायरे, पात्रता मानदंड, निविदा प्रक्रिया से जुड़े प्रश्नों के समाधान एवं अधिक से अधिक वेंडरों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जाएगा.

# 'बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ' पुरस्कार समारोह का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में फरवरी 2026 माह के लिए 'बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ' पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी तथा अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त उपस्थित थे. उनके साथ विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन विभाग के वरीय अधिकारी एवं पुरस्कार विजेता कार्मिक अपने परिजनों के साथ सम्मिलित हुए. अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके समर्पण की सराहना की. उन्होंने बल देते हुए कहा कि प्रत्येक चुनौतीपूर्ण कार्य को निष्पादित करते समय हमें यह सदैव स्मरण रखना चाहिए कि सुरक्षा सर्वोपरि है. अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने कार्मिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में उनके परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान है. उन्होंने आह्वान किया कि कर्मचारी दैनिक कार्यों के साथ-साथ नित नई चुनौतियों को स्वीकार करें और नवाचार के माध्यम से उनका समाधान खोजें ताकि संयंत्र के विकास की गति निरंतर बनी रहे. कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने चयनित कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं विशिष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. फरवरी 2026 माह के लिए पुरस्कृत होने वाले कार्मिकों में कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग से श्री अशोक कुमार आर्य (इंजीनियरिंग एसोसिएट), सिन्टर प्लांट से रोहित कुमार मंडल (कनीय इंजीनियरिंग एसोसिएट), स्टील मेल्टिंग शॉप (न्यू) से मंडपाति सीताराम राजू (कनीय इंजीनियरिंग एसोसिएट), आरजीबीएस से अरविंद कुमार (इंजीनियरिंग एसोसिएट), कोल्ड रोलिंग मिल - 3 से लक्ष्मण चोरा (इंजीनियरिंग एसोसिएट), डीएनडब्ल्यू से नंद लाल दास (इंजीनियरिंग एसोसिएट), अधिशासी निदेशक (संकार्य) सचिवालय से राकेश लाकड़ा (प्रशासनिक एसोसिएट) तथा टीए सुरक्षा विभाग से कन्हाई महतो (प्रशासनिक एसोसिएट) शामिल हैं. यह पुरस्कार योजना बोकारो इस्पात संयंत्र की अपने मानव संसाधन को प्रोत्साहित करने और कार्य-संस्कृति में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है. इस प्रकार के आयोजनों से न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि यह उत्पादकता, सुरक्षा मानकों में सुधार और संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ करता है.

# रीतुडीह पंचायत में स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) विभाग के तत्वावधान में आज रीतुडीह पंचायत स्थित विवाह मंडप, आंगनबाड़ी केंद्र तथा उच्च आदर्श विद्यालय प्रांगण में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के मानकों को सुदृढ़ करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-भागीदारी सुनिश्चित करना था. अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र की स्वच्छता एवं हाइजीन व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से डस्टबिन, बाल्टी, मग, फिनाइल आदि आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया. इसके साथ ही, ग्रामीणों के बीच एकल-उपयोग प्लास्टिक (सिंगल-यूज प्लास्टिक) के दुष्प्रभावों के प्रति चेतना जागृत करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान ग्रामीणों को प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु प्रेरित किया गया और विकल्प के रूप में कपड़े के झोलों का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम में निगमित सामाजिक दायित्व विभाग के महाप्रबंधक पी. पी. चक्रवर्ती, सहायक महाप्रबंधक रिचा कुणाल, वरीय प्रबंधक नीरज त्रिपाठी तथा सहायक प्रबंधक प्रवीण कुमार सहित सीएसआर टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे. स्थानीय स्तर पर रीतुडीह की मुखिया श्रीमती रेणु देवी, आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. यह पहल बोकारो इस्पात संयंत्र की अपने परिधीय क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरणीय संधारणीयता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस प्रकार के सामुदायिक प्रयासों के माध्यम से न केवल ग्रामीणों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ती है, बल्कि यह एक स्वस्थ, प्रदूषण मुक्त और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में बीएसएल की अटूट प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से रेखांकित करता है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com